You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes

कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

www.kanwhizztimes.com

वर्ष-15 | अंक-256 | शनिवार, 17 अक्टूबर 2026 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



कि रिजीम चेंज' का एजेंडा चलाने वाले 'अर्बन नक्सल अराजकतावादी मानसिकता से प्रेरित हैं। उप मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में लोकतंत्र की जड़ें पहले के मुकाबले और मजबूत हो रही हैं।

केशव प्रसाद मौर्य

ओम बिरला, शाह व अन्य ने राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के स्थापना दिवस पर जवानों को दी शुभकामनाएं 11

मौसम में बदलाव के चलते अटारी-वाघा रिट्रीट सेरेमनी का समय बदला 12

नारीशक्ति के अदम्य साहस, अटूट संकल्प और अजेय पराक्रम का प्रतीक हैं मां कात्यायनी

पदक लाओ, पद पाओ' के तहत खिलाड़ियों की सीधी भर्ती : योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को शारदीय नवरात्र की षष्ठी तिथि की बधाई दी। उन्होंने कहा कि समस्त बाधाओं और आसुरी प्रवृत्तियों का संहार करने वाली मां कात्यायनी नारीशक्ति के अदम्य साहस, अटूट संकल्प और अजेय पराक्रम का प्रतीक हैं। मुख्यमंत्री ने आस्था, विकास व विरासत के जरिए राज्य में आए बदलाव से अवगत कराते हुए कहा कि प्रदेश में अब 'पदक लाओ, पद पाओ' के तहत खिलाड़ियों की सीधी भर्ती हो रही है।

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर पोस्ट कर पिछली सरकार के कार्यकाल पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में भय और अराजकता का ऐसा माहौल था, जहां बेटियों के सपनों पर पहरे थे, हौसलों पर बंदिशें थीं और प्रतिभा अवसर के अभाव में दम तोड़ने को मजबूर थी। खेल के मैदान माफिया के कब्जे में थे, संसाधन नदारद थे और बेटियों की उड़ान को पंख देने के बजाय, उनके सपनों को चारदीवारी में कैद कर दिया गया था।

मुख्यमंत्री ने 2017 के बाद आए बदलाव को भी इंगित किया। उन्होंने कहा कि विगत साढ़े नौ वर्षों में प्रदेश में बदलाव की नई गाथा लिखी गई है। भय का स्थान सुरक्षा ने लिया है। उपेक्षा का स्थान प्रोत्साहन ने लिया है और संसाधनों के अभाव का स्थान खेल सुविधाओं के विस्तार ने लिया है। गांव के खेल मैदानों और ब्लॉक स्तरीय मिनी स्टेडियम से लेकर जिला स्तरीय स्टेडियम, मंडल स्तरीय स्पोर्ट्स कॉलेज तथा मेरठ में मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय तक, बेटियों को अपनी प्रतिभा निखारने का सशक्त आधार मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि ओलंपिक, कॉमनवेल्थ एवं एशियन गेम्स के पदक विजेताओं को लाखों-करोड़ों के पुरस्कार और 'पदक लाओ, पद पाओ' के तहत सीधी भर्ती जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं। सरकार खिलाड़ियों की प्रतिभा को प्रोत्साहन, उपलब्धियों को सम्मान और भविष्य को सुरक्षा प्रदान कर रही है। इस परिवर्तन की गूंज अंतरराष्ट्रीय खेल मंचों पर भी सुनाई दे रही है। एथलेटिक्स में पारुल चौधरी, प्रियंका गोस्वामी, प्राची चौधरी और अन्नू रानी, जूडो में अस्मिता डे, क्रिकेट में दीप्ति शर्मा और मेघना सिंह, हॉकी में वंदना कटारिया, कुश्ती में दिव्या काकरान ने कॉमनवेल्थ एवं एशियन गेम्स में शानदार प्रदर्शन से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश और प्रदेश का गौरव बढ़ाया है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बांग्लादेश की तर्ज पर भारत में सत्ता परिवर्तन का सपना देखने वाली शक्तियों पर तीखा हमला बोला है। शुक्रवार को उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सत्ता का मार्ग जनादेश से निकलता है, अराजकता से नहीं। युवाओं के हाथों में राष्ट्र निर्माण की मशाल के बजाय अराजकता के औजार थमाने की कोशिश की जा रही है।

चुनाव सुधार का मुखौटा और न्याय का नारा देकर देश में अस्थिरता फैलाने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत का लोकतंत्र जनविश्वास की जड़ों पर खड़ा विशाल वटवृक्ष है। षड्यंत्रों के अंधड़, भारत के लोकतंत्र को नहीं हिला सकते। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारी युवाशक्ति भारत का भविष्य संवारने के लिए है, किसी की सत्ता की भूख मिटाने के लिए नहीं। राजनीति के मारीचों ● शेष पेज 11 पर

सीएम ने कहा

- लोकतंत्र में सत्ता का मार्ग जनादेश से निकलता है, अराजकता से नहीं : मुख्यमंत्री योगी
- बांग्लादेश की तर्ज पर भारत में सत्ता परिवर्तन का सपना देखने वाली शक्तियों पर मुख्यमंत्री का हमला
- भाजपा सरकार के कार्यकाल में सुरक्षा, धार्मिक आयोजन, बुनियादी ढांचे और शिक्षा के क्षेत्र में कार्य हुए: मुख्यमंत्री योगी

देश को हिंसा और अराजकता की आग में झोंकना चाहती है कांग्रेस : राजनाथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस पर देश में हिंसा और अराजकता का माहौल पैदा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्षी पार्टी राजनीतिक पराजय का बदला देश से लेना चाहती है। उन्होंने कहा कि (सत्ता परिवर्तन)' और 'प्रतिरोध' जैसे नारों के जरिए लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। राजनाथ सिंह शुक्रवार को अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ के दौरे के दूसरे दिन प्रदेश भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी का राजनीतिक उत्तराधिकारी होने का दावा करने वाली कांग्रेस ने हिंसा और अराजकता की राजनीति अपनाकर 'गांधी' नाम के इस्तेमाल का नैतिक आधार खो दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस भारत में बांग्लादेश जैसी परिस्थितियां पैदा करने का सपना देख रही है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के 37 वर्षों से सत्ता से बाहर रहने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जनता अच्छी तरह समझती है कि पार्टी की राजनीतिक स्थिति के पीछे कथित वोट चोरी के आरोप हैं या उसकी कार्यशैली और कामकाज की विफलता। राजनाथ सिंह ने महात्मा गांधी के असहयोग आंदोलन का उल्लेख करते हुए कहा कि चौरी-चौरा की हिंसक घटना के बाद गांधीजी ने आंदोलन वापस ले लिया था। उन्होंने कहा कि 'सत्ता परिवर्तन', 'प्रतिरोध' और 'संसद नहीं, सड़क से ही रास्ता निकालना है' जैसे बयान राजनीतिक समाधान के बजाय अराजकता को बढ़ावा देने वाले हैं। उनके मुताबिक, इस तरह की राजनीति भारत की विकास यात्रा को बाधित करने का निंदनीय प्रयास है। रक्षामंत्री ने कहा कि भारत की प्रगति और वैश्विक स्तर पर बढ़ते प्रभाव से कई शक्तियां असहज हो सकती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनावों में लगातार हार का सामना कर रहे कुछ राजनीतिक दल जाने-अनजाने में ऐसी शक्तियों के हाथों में खेल रहे हैं। उन्होंने रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि देश आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत अब रक्षा उत्पादों का निर्यातक देश बनकर अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा, साख और विश्वसनीयता बढ़ी है। राजनाथ सिंह ने कहा कि उनकी पार्टी ने कभी चुनावी व्यवस्था पर संदेह नहीं किया और न ही संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि देश की जनता, संविधान और संवैधानिक संस्थाओं का सम्मान करना सभी राजनीतिक दलों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, ह्लभारत का भविष्य हम सबकी साझा जिम्मेदारी है। हमें टकराव नहीं, संवाद और राष्ट्र निर्माण का मार्ग चुनना चाहिए। रक्षामंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें लोकतंत्र की रक्षा के नाम पर 'ध्यद्यद्वप्द्वदप धद्व क्वद्वपन्फ्प्द्वधद्व (व्यवधान की राजनीति)' करने के बजाय जनमत का सम्मान करना चाहिए और अपनी राजनीतिक भूमिका पर आत्ममंथन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं को राजनीतिक स्वार्थों की बलि नहीं चढ़ाया जा सकता। झूठे आक्रोश, संस्थाओं को बदनाम करने और राजनीतिक अवसरवाद के जरिए देश की विकास यात्रा को बाधित नहीं किया जा सकता। लोकतंत्र अराजकता फैलाने या संवैधानिक संस्थाओं की साख को नुकसान पहुंचाने का लाइसेंस नहीं है। राजनाथ सिंह ने कहा कि 'सत्ता परिवर्तन' जैसे शब्दों का इस्तेमाल दर्शाता है कि कांग्रेस की लड़ाई सुधार, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार या युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि इसका उद्देश्य देश में अराजकता पैदा करके किसी भी तरह सत्ता हासिल करना है। उन्होंने कहा कि सरकार को गिराने की खुली बातें करने से विपक्ष का एजेंडा स्पष्ट होता है। उनके मुताबिक, लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करना और देश में अस्थिरता पैदा करना किसी भी राजनीतिक दल का उद्देश्य नहीं होना चाहिए। रक्षामंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसके राजनीतिक सहयोगी युवाओं की ऊर्जा का इस्तेमाल रचनात्मक कार्यों ● शेष पेज 11 पर



- देश में अराजकता फैलाने की कोशिश : राजनाथ सिंह

संक्षेप

प्रधानमंत्री मोदी 11-12 दिसंबर को कनाडा की यात्रा पर जाएंगे

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 11 और 12 दिसंबर को कनाडा की यात्रा पर जाएंगे। कनाडा में भारतीय उच्चायोग ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर यह जानकारी दी।

उच्चायोग ने अपनी पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 11 और 12 दिसंबर को कनाडा का दौरा करेंगे।

इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के बीच हुई बातचीत में दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों में सकारात्मक गति को आगे बढ़ाने और व्यापार, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, सुरक्षा तथा दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क के क्षेत्रों में ठोस परिणाम हासिल करने की दिशा में काम करने पर सहमति जताई थी। प्रधानमंत्री की यह यात्रा दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाने और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के प्रयासों के लिहाज से महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

वैश्विक प्रवासन व आवाजाही के रुझानों पर भारत और आईओएम के बीच चर्चा

नई दिल्ली। विदेश मंत्रालय की सचिव (वाणिज्य दूतावास, पासपोर्ट एवं वीजा और प्रवासी भारतीय मामले) श्रीप्रिया रंगनाथन और अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) की महानिदेशक एमी पोप के बीच वैश्विक प्रवासन और लोगों की आवाजाही से जुड़े मौजूदा रुझानों पर चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत के लिए उपलब्ध अवसरों को बढ़ाने के उपायों पर भी विचार-विमर्श किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैठक में वैश्विक स्तर पर प्रवासन और गतिशीलता के उभरते रुझानों तथा उनसे जुड़े अवसरों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बदलती वैश्विक परिस्थितियों के बीच भारत के अपने नागरिकों और पेशेवरों के लिए अधिक अवसर सुनिश्चित करने और प्रवासन से संबंधित सहयोग को और मजबूत बनाने के मुद्दों पर भी बातचीत हुई। उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन संयुक्त राष्ट्र से संबद्ध संस्था है, जो प्रवासन से जुड़े मुद्दों पर सदस्य देशों के साथ मिलकर काम करती है। भारत भी इस संगठन के साथ विभिन्न प्रवासन एवं मानव गतिशीलता संबंधी विषयों पर सहयोग करता रहा है।

बुलंदशहर में अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई, 5 लोगों की मौत

एजेंसी

बुलंदशहर । उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में शुक्रवार को तेज रफ्तार कार पेड़ से टकरा गई। हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 लोग घायल हैं। ये सभी मंदिर दर्शन को जा रहे थे। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की मृतकों की पहचान करने में जुट गई है। मुख्य विकास अधिकारी निशा ग्रेवाल ने बताया कि यह हादसा जिला मुख्यालय से 40 किमी दूर डिबाई तहसील के नरौरा थाना क्षेत्र रतनपुर के पास में हुआ।कासगंज जिले के सिढ़पुरा का रहने वाला परिवार वैन कार में बैठकर बुलंदशहर जिले में नरौरा के पास बेलोन गांव में सर्वमंगला माता (बेलोन माता) के दर्शन के लिए जा रहे थे। जिला मुख्यालय से 40 किमी दूर डिबाई तहसील के नरौरा थाना क्षेत्र रतनपुर के पास तेज रफ्तार कार पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। अगला हिस्सा दो फीट तक पिचक गया। लोग अंदर ही फंस गए। पुलिस ने घायलों को बाहर निकाला और सभी को एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया, जहां से उन्हें हायर मेडिकल सेंटर रेफर कर दिया गया। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई है शेष घायल तीन लोगों की हालत नाजुक होने पर अलीगढ़ मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के मुताबिक वैन में 2 महिलाएं, 3 पुरुष, 11 साल की लड़की, 5 साल का लड़का और एक साल की लड़की थे। फिलहाल शव की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में शुक्रवार को तेज रफ्तार ● शेष पेज 11 पर



- यह हादसा जिला मुख्यालय से 40 किमी दूर डिबाई तहसील के नरौरा थाना क्षेत्र रतनपुर के पास में हुआ।
- मुख्यमंत्री ने जताया शोक


ऑपरेशन नारकोस के तहत प्रयागराज मंडल में नौ माह में 1.89 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त, 25 गिरफ्तार

प्रयागराज। ट्रेनों और रेलवे परिसर के माध्यम से मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) लगातार अभियान चला रहा है। उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल में ऑपरेशन 'नारकोस' के तहत जनवरी से सितंबर 2026 तक 21 मामलों में कार्रवाई करते हुए 25 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान गांजा और अन्य मादक पदार्थों की कुल अनुमानित कीमत 1.89 करोड़ रुपये से अधिक बताई गई है। मंडल रेल प्रबंधक रजनीश अग्रवाल के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे इस अभियान के तहत रेलवे सुरक्षा बल ने रेल परिसर और ट्रेनों में निगरानी बढ़ाई है। कार्रवाई के दौरान गांजा के साथ अल्प्राजोलम और डायजापॉम जैसे नशीले पदार्थ भी जब्त किए गए। इनकी कुल अनुमानित कीमत 1,89,46,665 रुपये है। रेलवे सुरक्षा बल की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, जनवरी से सितंबर के बीच दर्ज 21 मामलों में कानपुर में सबसे अधिक 12 मामले पकड़े गए। इसके अलावा प्रयागराज और अलीगढ़ में तीन-तीन, टूंडला में दो और मिर्ज़ापुर में एक ● शेष पेज 11 पर

अयोध्या दीपोत्सव में पहली बार पांच राज्यों की क्षेत्रीय भाषाओं में होगा रामलीला मंचन

एजेंसी

अयोध्या। दीपोत्सव में इस बार रामलीला के विविध रंग देखने को मिलेंगे। संस्कृति विभाग की ओर से छह और सात नवंबर को अयोध्या में लगभग 10 से 15 मंचों पर रामलीला का आयोजन किया जाएगा। खास बात यह है कि पहली बार केरल, असम और जम्मू-कश्मीर की रामलीला टीमें अपनी-अपनी क्षेत्रीय भाषाओं में मंचन करेंगी। वहीं, फिलीपींस की रामलीला टीम भी इस आयोजन का हिस्सा बनेगी। इसके साथ उत्तराखंड और बंगाल की रामलीलाओं का मंचन भी होगा। अयोध्या में आयोजित होने वाला दीपोत्सव भारतीय संस्कृति, परंपरा और रामायण की वैश्विक लोकप्रियता को प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण अवसर है। इस बार रामलीला मंचन के माध्यम से देश की भाषायी और सांस्कृतिक विविधता को सामने लाने की तैयारी है। केरल की टीम मलयालम, असम की टीम असमिया और जम्मू-कश्मीर की टीम डोगरी भाषा में रामलीला का मंचन करेगी। इससे दर्शकों को अलग-अलग क्षेत्रों की सांस्कृतिक परंपराओं और रामलीला की विशिष्ट शैलियों को करीब से देखने का अवसर मिलेगा। अयोध्या ● शेष पेज 11 पर



- दसवें दीपोत्सव में फिलीपींस की टीम बिखेरेगी सांस्कृतिक छटा
- संस्कृति विभाग सजाएगा रामलीला के 10 से 15 मंच, दिखेगी त्रेतायुग की झलक
- मलयालम, असमिया और डोगरी में गूंजेंगे प्रभु श्रीराम के आदर्श
- रामनगरी में देशी-विदेशी कलाकारों का संगम, अंतरराष्ट्रीय रंग में रंगेगा दीपोत्सव

अमित शाह ने पंजाब में नशे और संगठित अपराध को लेकर मान सरकार से मांगा जवाब मांगा

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पंजाब में नशे के कारोबार, गिरोहबाजी और संगठित अपराध के बढ़ते खतरे को लेकर शुक्रवार को भगवंत मान सरकार पर निशाना साधा और राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर सवाल उठाए। शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में कहा कि पंजाब आज नशे, गिरोहबाजी और संगठित अपराध के बढ़ते खतरे से जूझ रहा है। उन्होंने सवाल किया कि मान सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि आखिर पंजाब की जनता की सुरक्षा की जिम्मेदारी कौन निभाएगा।

गृहमंत्री ने दिरबा में एक पिता के दबाव में जहर खा लेने और मानसा में नशे के खिलाफ आवाज उठाने वाले परविंदर सिंह झोटा की दिनदहाड़े हत्या की घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन घटनाओं ने पंजाब की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने दावा किया कि परविंदर के पिता ने आम आदमी पार्टी (आआपा) सरकार और उसके विधायक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शाह ने कहा कि गृह मंत्रालय भी इन दोनों घटनाओं पर पंजाब सरकार से जवाब मांगेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में नशे का कारोबार फल-फूल रहा है, संगठित अपराध का खतरा बढ़ रहा है और नशे के खिलाफ आवाज उठाने वालों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। शाह ने मुख्यमंत्री भगवंत मान से कहा कि पंजाब की जनता को प्रचार नहीं, जवाब और घोषणाएं नहीं, बल्कि परिणाम चाहिए। उन्होंने नशे के नेटवर्क पर निर्णायक कार्रवाई करने और अपराधियों को मिलने वाले किसी भी राजनीतिक संरक्षण की निष्पक्ष जांच की मांग की। गृहमंत्री ने पंजाब में भाजपा की सरकार बनने पर राज्य को नशामुक्त, गैंगस्टरमुक्त और सुरक्षित बनाने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी का लक्ष्य नशे के कारोबार पर प्रहार करना, युवाओं के भविष्य की रक्षा करना, अपराधियों के खिलाफ ● शेष पेज 11 पर



सीजीपी की लहरा दो तिरंगा' यात्रा आज, 21 प्रमुख मार्गों पर डायवर्जन की योजना, सुरक्षा कड़ी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) की आज आहूत 'लहरा दो तिरंगा' यात्रा के मद्देनजर ट्रैफिक पुलिस ने 21 प्रमुख मार्गों पर परिवर्तन की योजना तैयार की है। कनॉट प्लेस और इसके आसपास क्षेत्रों में 11 हजार से अधिक सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। दिल्ली पुलिस के मुताबकि, यात्रा की अनुमति नहीं दी गई है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नई दिल्ली इलाके में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 लागू है। इसके तहत बिना अनुमति प्रदर्शन, मार्च निकालने और भीड़ जुटाने पर रोक है। कनॉट प्लेस, राजीव चौक, जंतर-मंतर, संसद मार्ग और पालिका बाजार सहित लुटियंस दिल्ली के प्रमुख इलाकों में पुलिस और सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ा दी गई है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए तीन पाली (शिफ्ट) में 11 हजार से अधिक सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। इनमें दिल्ली पुलिस के छह हजार से अधिक जवानों के अलावा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) की करीब 220 कंपनियां और रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) की टुकड़ियां शामिल हैं। इसके अलावा, करीब पांच हजार अतिरिक्त पुलिसकर्मियों को रिजर्व में रखा गया है, ताकि जरूरत पड़ने पर उन्हें तुरंत तैनात किया जा सके। कनॉट प्लेस और राजीव चौक के आसपास बैरिकेडिंग बढ़ा दी गई है। प्रमुख स्थानों पर दंगा नियंत्रण वाहन सहित अन्य वाहन तैनात किए गए हैं। संवेदनशील इलाकों में ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों के जरिये निगरानी की जा रही है। पुलिसकर्मियों को भीड़ की गतिविधियों पर नजर रखने और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। कनॉट प्लेस स्थित सेंट्रल पार्क को आज और कल तक आम लोगों के लिए बंद रखने का निर्णय लिया गया है। पार्क के आसपास बैरिकेडिंग कर पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस ने लोगों से प्रतिबंधित क्षेत्रों में जाने और बिना अनुमति भीड़ जुटाने से बचने की अपील की है। पुलिस के अनुसार नियमों का पालन करते हुए सीमित संख्या में लोगों को निर्धारित स्थान पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने और राष्ट्रगान की अनुमति दी जा सकती है। प्रस्तावित यात्रा को देखते हुए दिल्ली यातायात पुलिस ने भी लोगों के लिए परामर्श जारी किया है। शुक्रवार दोपहर तीन बजे से कनॉट प्लेस और आसपास के इलाकों में यातायात प्रभावित होने की आशंका है। जरूरत पड़ने पर करीब ● शेष पेज 11 पर



- कनॉट प्लेस और इसके आसपास क्षेत्रों में 11 हजार से अधिक सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया
- कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नई दिल्ली इलाके में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 लागू है

स्नातक-शिक्षक निर्वाचन में जागरूक मतदाता और विकासोन्मुखी सोच को चुनें: डॉ. राजेश्वर सिंह

❐ यह चुनाव बताएगा कि शिक्षक और उच्च शिक्षित वर्ग प्रदेश के भविष्य के लिए किस सोच के साथ खड़ा है

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन के मद्देनज़र सरोजनीनगर के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने एसकेडी डिग्री कॉलेज में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रबंधकों के साथ संवाद किया। बैठक में निर्वाचन प्रक्रिया, मतदाता जागरूकता और लोकतांत्रिक सहभागिता पर चर्चा हुई। डॉ. सिंह ने कहा कि यह चुनाव केवल प्रतिनिधि चुनने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि शिक्षा जगत, शिक्षकों और उच्च शिक्षित वर्ग की लोकतांत्रिक सोच को सामने रखने का महत्वपूर्ण अवसर है।

डॉ. सिंह ने स्नातक एवं शिक्षक मतदाताओं से तीन प्रमुख आह्वान किए कि इस चुनाव के महत्व को समझें: मतदान से यह स्पष्ट होगा कि शिक्षक और उच्च शिक्षित वर्ग प्रदेश के भविष्य के लिए किस प्रकार की सोच और नेतृत्व का समर्थन करता है। शत-प्रतिशत मतदान करें और समाज के सामने उदाहरण प्रस्तुत करें: शिक्षक और स्नातक समाज के बौद्धिक नेतृत्व का प्रतिनिधित्व करते हैं। वे स्वयं मतदान करें और शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने में सक्रिय भूमिका निभाकर पूरे समाज को प्रेरित करें।

जाति-धर्म से ऊपर उठकर विकास को चुनें: राजनीति का आधार शिक्षा, रोजगार, जनकल्याण और विकास होना चाहिए। युवाओं का बहुमूल्य समय जातिगत विभाजन और अन्य भटकावों में नहीं, बल्कि शिक्षा, कौशल विकास और अपने भविष्य के निर्माण में लगना चाहिए। उन्होंने कहा कि विधान परिषद प्रदेश की विधायी व्यवस्था का महत्वपूर्ण सदन है। यहाँ विकासोन्मुखी सोच का बहुमत रहना आवश्यक है, ताकि प्रदेश में चल रहे विकास कार्यों और जनहित की नीतियों को निरंतर गति मिलती रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश 11.3 प्रतिशत की विकास दर के साथ देश का सबसे तेज़ी से बढ़ता राज्य है। एक्सप्रेसवे, मेट्रो, हवाई अड्डों, अस्पतालों और शिक्षण संस्थानों का विस्तार इसी विकास यात्रा को आगे बढ़ा रहा है। इसका उद्देश्य युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर मार्गदर्शन और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।

शारदीय नवरात्र का उल्लेख करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि माँ दुर्गा द्वारा महिषासुर का संहार अन्याय और बुराई के विरुद्ध संघर्ष का प्रतीक है। समाज और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए जागरूक नागरिकों तथा जिम्मेदार शिक्षण संस्थानों की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है।

पीएम श्री विद्यालय ओरवा के बच्चों ने किया ग्रामीण बैंक का शैक्षिक भ्रमण

❐ बैंकिंग सेवाओं, साइबर ठगी और ऑनलाइन सुरक्षा के बारे में दी गई जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमानीगंज, अयोध्या। पीएम श्री विद्यालय ओरवा (कक्षा 1 से 8) के विद्यार्थियों ने प्रधानाध्यापक जीत बहादुर सिंह के नेतृत्व में बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की शाखा का शैक्षिक भ्रमण किया। इस दौरान बच्चों को बैंकिंग सेवाओं, खाता खोलने की प्रक्रिया और साइबर अपराध से बचाव के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं।

बैंक पहुंचने पर शाखा प्रबंधक अभिषेक पांडेय, फील्ड ऑफिसर शुभम त्रिवेदी, राहुल मिश्रा और कैशियर आशीष शर्मा का प्रधानाध्यापक जीत बहादुर सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक मंत्री उद्धव श्याम तिवारी तथा विद्यालय के स्टाफ ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।

शाखा प्रबंधक अभिषेक पांडेय ने विद्यार्थियों को बैंक में खाता खोलने, पैसे निकालने के लिए फॉर्म भरने और बैंकिंग सेवाओं के उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को विशेष रूप से आगाह किया कि अपना ओटीपी (ग्ह्घ्) किसी के साथ साझा न करें। वहीं, फील्ड ऑफिसर शुभम त्रिवेदी ने साइबर अपराध और ऑनलाइन धोखाधड़ी के विभिन्न तरीकों के बारे में विस्तार से बताया तथा सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया।

बैंक अधिकारियों से उपयोगी जानकारी प्राप्त कर विद्यार्थी काफी उत्साहित नजर आए। कार्यक्रम के अंत में शाखा प्रबंधक की ओर से बच्चों को बिस्कुट, टॉफी और फ्रूटी वितरित की गई। इस अवसर पर विद्यालय के सहायक अध्यापक अजय कुमार, ओम देवी, शशि मलिका, राजेश कुमार, अंचल मौर्या, सनी कुमार, विकास कुमार, अभय सिंह, शिव सागर, कमलेश कुमारी और अंजली द्विवेदी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। इस शैक्षिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को बैंकिंग व्यवस्था की बुनियादी जानकारी देना और उन्हें डिजिटल लेनदेन के प्रति जागरूक बनाना रहा।

संदिग्ध परिस्थितियों में हुई युवक की मौत

बंथरा, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। इलाके के मवई गांव में शुक्रवार को एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव गांव के दूसरे मोहल्ले में मिला। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने प्राथमिक जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी राणा राजेश कुमार सिंह के मुताबिक प्रथमदृष्टया जांच में सामने आया कि युवक शराब के नशे में था और वह सो गया फिर उठा ही नहीं। मौत की सही वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही पता चल सकेगी। वहीं उन्होंने बताया कि परिवार का कोई आरोप भी नहीं है। थाना क्षेत्र के मव?ई निवासी रूपन रावत 35 वर्ष शुक्रवार की सुबह करीब पांच बजे घर से निकला था। दोपहर करीब दो बजे उसका शव गांव के ही दूसरे मोहल्ले में पड़ा मिला। इसकी जानकारी जब उसके घरवालों को हुई तो वो भी भागकर मौके पर पहुंचे। इसके बाद सूचना पुलिस को दी गई। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की। जिसमें पता चला कि रूपन शराब के नशे में घूम रहा था। वह नजदीकी दुकान से चिकन खरीदकर लाया था। उसी को बनाने के बाद सो गया और फिर उठा ही नहीं। पुलिस के मुताबिक शुरुआती जांच में मौत अत्यधिक शराब के सेवन से ही होने की बात सामने आ रही है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर सब साफ़ हो जाएगा।

सड़क से सुप्रीम कोर्ट तक लड़ेंगे लोकतंत्र की लड़ाई : सुनील सिंह

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व एमएलसी चौधरी सुनील सिंह ने ट्रक्ट, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफ़े की मांग, किसानों के आंदोलन और उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव को लेकर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकार पंचायत चुनाव कराने से बच रही है, क्योंकि चुनाव होने पर उसकी जमीनी हकीकत सामने आ जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि इस लड़ाई में किसान भी पीछे नहीं हटेंगे और ट्रैक्टरों के साथ दिल्ली पहुंचकर आंदोलन को निर्णायक मोड़ तक ले जाएंगे। उन्होंने आशंका जताई कि चुनाव टालने के लिए सरकार या संबंधित अधिकारी सुप्रीम कोर्ट का रुख कर सकते हैं। लोकदल इसका विरोध करेगा और सुप्रीम कोर्ट में भी पंचायत चुनाव समय पर कराने की मांग मजबूती से रखेगा।

कठौता झील दुर्गा पूजा महोत्सव में माँ के पट खुले

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। गोमतीनगर स्थित कठौता झील पर श्री श्री माँ दुर्गा पूजा समिति द्वारा आयोजित माँ दुर्गा पूजा महोत्सव में शुक्रवार को पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ माँ दुर्गा के पट का अनावरण किया गया। समिति के अध्यक्ष प्रमोद, सचिव पी.एन. तिवारी, पूर्व अध्यक्ष शशि गिरी पर्वत, सुरेंद्र मिश्रा एवं सी.एल. सिंह, पूर्व सचिव सुधीर कुमार श्रीवास्तव एवं नलिनी कांत बबलू, कोषाध्यक्ष कमल कुमार तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष मृदुल तिवारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर महोत्सव का उद्घाटन किया।इस अवसर पर समिति के सदस्य आर.सी. गुप्ता, धीरेन, हरबिंदर सिंह, शिवेश द्विवेदी, बी.बी. सिन्हा, राम विलास, प्रकाश चंद्रा, नवीन, विवेक शुक्ला सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। समिति के पूर्व सचिव विजय शर्मा ने पुजारी के साथ विधिवत माँ का आह्वान, प्रतिष्ठा एवं बोधन कराया। महोत्सव के अंतर्गत सांस्कृतिक सचिव डी.पी. सिंह के संयोजन में बच्चों की रंगोली, कलश सज्जा एवं मेहंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चों को 18 अक्टूबर को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसके साथ ही सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया जाएगा। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि शनिवार को महासप्तमी की पूजा के साथ महोत्सव की विधिवत शुरुआत होगी। शाम को बच्चों की नृत्य प्रतियोगिता के साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। महोत्सव के आयोजन में विभूतिखंड थाने की पुलिस का विशेष सहयोग मिल रहा है। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सब-इंस्पेक्टर सिद्धांत अपनी टीम के साथ पूजा स्थल पर मौजूद रहे। समिति ने शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित आयोजन के लिए पुलिस प्रशासन के सहयोग की सराहना की।



शिव शक्ति पीठ मंदिर में नौ दिवसीय विशाल भंडारे का आयोजन

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। पावन शारदीय नवरात्रि के शुभ अवसर पर माल एवेन्यू स्थित शिव शक्ति पीठ मंदिर, बंदरिया बाग, पुल के नीचे 11 अक्टूबर से 19 अक्टूबर 2026 तक विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। भंडारा प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से माता की इच्छा तक चलेगा। उत्तर प्रदेश टेंट, कैटरर्स एंड डेकोरेटर्स वेलफ़ेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार ने बताया कि इस भंडारे का आयोजन वर्ष 2008 से लगातार किया जा रहा है। पहले हम लोग एक दिन का भंडारा करते थे, लेकिन अब यह हमारा चौथा भंडारा है जो पूरे 9 दिन का हो रहा है। उन्होंने बताया कि इस मंदिर की नींव उनके पिताजी के हाथों रखी गई थी और माता रानी की कृपा से इस मंदिर का जीर्णोद्धार कराया गया है। यह जीर्णोद्धार क्षेत्र की जनता के सहयोग से संभव हो पाया है। विजय कुमार ने बताया कि इस भंडारे की विशेषता यह है कि यहां श्रद्धालुओं को गुरुद्वारे की तर्ज पर बैठाकर भोजन कराया जाता है। उन्होंने कहा कि अक्सर भंडारों में लोग खड़े-खड़े प्रसाद लेते हैं और आधा खाते हैं आधा फेंक देते हैं, लेकिन यहां लोग आराम से बैठकर भरपेट प्रसाद ग्रहण करते हैं। प्रतिदिन हलवा-पूरी, सब्जी, चावल का प्रसाद वितरित किया जाता है। उन्होंने बताया कि भंडारा रोज दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक चलता है। इस आयोजन में कई लोग स्वेच्छा से सहयोग करते हैं, कोई आटा देता है तो कोई तेल, लेकिन मुख्य आयोजन उत्तर प्रदेश टेंट, कैटरर्स एंड डेकोरेटर्स वेलफ़ेयर एसोसिएशन की ओर से किया जाता है। भंडारे का समापन नवमी के दिन हवन-पूजन के साथ किया जाएगा। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मां दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त करने और प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

बेटियों का सम्मान ही मां दुर्गा की सच्ची उपासना : डॉ. राकेश कुमार सिंह

प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। कन्या पूजन हमारी सनातन संस्कृति का अभिन्न अंग है। मां दुर्गा की उपासना तब तक पूर्ण नहीं मानी जाती, जब तक हम उनके साक्षात स्वरूप कन्याओं का आदर-सत्कार न करें। बेटियां समाज की शक्ति और उज्ज्वल भविष्य हैं।ङ्क यह बातें शुक्रवार को ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, सिविल लाइंस के प्रधानाचार्य डॉ. राकेश कुमार सिंह ने नवरात्रि के अवसर पर आयोजित कन्या पूजन उत्सव में कहीं। प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) शिक्षा प्रसार समिति द्वारा संचालित विद्यालय में शुक्रवार को नवरात्रि और दुर्गा पूजा के उपलक्ष्य में कन्या पूजन उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान 100 से अधिक छात्राओं का वैदिक रीति-रिवाज से पूजन किया गया। आयोजन के माध्यम से बेटियों के सम्मान और नारी शक्ति के प्रति आदर का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉ. राकेश कुमार सिंह ने पंडित जी के सहयोग से मां दुर्गा के मंत्रोच्चार, पूजन-अर्चन और आरती के साथ किया। इसके बाद छात्राओं को एक पंक्ति में बैठाकर शिक्षिकाओं और आचार्यों ने उनके पैर पखारे। उनका तिलक किया गया और लाल चुनरी ओढ़ाकर आरती उतारी गई।

नगर निगम की लापरवाही बनी जनता की मुसीबत

❐ सफाई के दौरान अंडरग्राउंड केबल कटी, दिनभर बिजली गुल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । नगर निगम की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने की जिम्मेदारी निभाने वाले नगर निगम के कर्मचारियों की कथित लापरवाही का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ा। पुराने लखनऊ के नेपियर रोड पार्ट-2 क्षेत्र में नाली की सफाई के दौरान अंडरग्राउंड बिजली केबल कट गई, जिससे कई घरों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई।

जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे नगर निगम के सफाई कर्मचारी क्षेत्र में नाली की सफाई कर रहे थे। इसी दौरान सफाई मशीन से जमीन के नीचे बिछी बिजली की केबल क्षतिग्रस्त हो गई। इसके चलते इलाके के कई घरों में बिजली गुल हो गई और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। घटना की जानकारी मिलने के बाद बिजली विभाग ने मरम्मत का काम शुरू किया, लेकिन देर शाम तक बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। खबर लिखे जाने तक नेपियर रोड पार्ट-2 क्षेत्र में अंधेरा छाया हुआ था और स्थानीय लोग बिजली न होने से परेशान नजर आए। स्थानीय लोगों में नगर निगम के प्रति नाराजगी देखने को मिली। लोगों का कहना है कि यदि सफाई के दौरान सावधानी बरती जाती और जिम्मेदारी के साथ काम किया जाता, तो इस तरह की समस्या से बचा जा सकता था। अब सवाल यह है कि सफाई के दौरान भूमिगत बिजली केबल की सुरक्षा को लेकर जरूरी सावधानी क्यों नहीं बरती गई? फिलहाल, बिजली आपूर्ति बाधित होने से आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

प्रकरण में निष्पक्ष जांच की मांग, सौंपा ज्ञापन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । अखिल भारत हिंदू महासभा के युवा जिला अध्यक्ष अखिल कुमार मिश्रा ने शुक्रवार को पुलिस आयुक्त कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। उनके मुताबिक, ज्ञापन अपर पुलिस अधीक्षक रूपेश सिंह को सौंपा गया। ज्ञापन में कथित धर्म परिवर्तन और खतना कराए जाने के आरोपों की जांच कराने की मांग की गई है। संगठन ने नाबालिगों को कथित प्रलोभन देने, अवैध धन वसूली और ब्याज पर धन देने समेत अन्य आरोपों की भी जांच कराने की मांग की।

मंडल रेल प्रबंधक ने 11 रेल कर्मियों को किया सम्मानित

❐ संरक्षा, सुरक्षा एवं राजस्व वृद्धि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 11 रेलकर्मियों को एक्सीलेंस अवार्ड से किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी । मंडल रेल प्रबंधक, वाराणसी आशीष जैन ने आज 16 अक्टूबर 2026 को मंडल कार्यालय स्थित भारतेन्दु सभागार में आयोजित समारोह में सितम्बर 2026 माह के लिए संरक्षा, सुरक्षा एवं राजस्व वृद्धि के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय योगदान देने वाले 11 रेलकर्मियों को एक्सीलेंस अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया।

समारोह को संबोधित करते हुए मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन ने कहा कि रेलवे में संरक्षा की उत्कृष्ट परंपरा को लगातार एक वर्ष तक बनाए रखना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इसके लिए उन्होंने संरक्षा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मंडल में उत्कृष्ट कार्य करने वाले रेलकर्मियों के प्रयासों की सराहना करना तथा सोशल मीडिया के माध्यम से उनके उल्लेखनीय कार्यों का प्रचार-प्रसार करना आवश्यक है, ताकि अन्य कर्मचारियों को भी बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिल सके। श्री जैन ने कहा कि भारतीय रेल की सर्वोच्च प्राथमिकता यात्रियों की संरक्षा एवं सुरक्षा सुनिश्चित करना है। मंडल के सभी विभागों के बीच आपसी समन्वय और टीम भावना के साथ किए गए कार्यों के परिणामस्वरूप संरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल हुई हैं। इससे रेलवे की कार्यप्रणाली और छवि में निरंतर सकारात्मक सुधार हुआ है।

उन्होंने अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहते हुए रेल परिचालन में संरक्षा एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने में योगदान देने वाले सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि रेलगाड़ियों का सुरक्षित परिचालन सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और इसमें प्रत्येक रेलकर्मी की महत्वपूर्ण भूमिका है।

पिछले एक वर्ष के दौरान वाराणसी मंडल में कोई रेल दुर्घटना नहीं होने पर मंडल रेल प्रबंधक ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने भविष्य में भी इसी तत्परता, सतर्कता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते रहने का आह्वान किया, ताकि वाराणसी मंडल भारतीय रेल के अन्य मंडलों के लिए भी एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर सके।

श्री जैन ने विश्वास व्यक्त किया कि वाराणसी मंडल के सभी रेलकर्मी भविष्य में भी टीम भावना और पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते हुए भारतीय रेल के संरक्षा एवं सुरक्षा मानकों को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखेंगे। अपने संबोधन के अंत में उन्होंने समारोह में उपस्थित सभी अधिकारियों तथा एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित 11 रेलकर्मियों एवं उनके परिवारों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) अशोक कुमार वर्मा, अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा) अजय सिंह, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी आशुतोष पांडेय, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) विकास कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक बालेन्द्र पाल, वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर द्वितीय अमित मणि त्रिपाठी, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य) कुंवर सिंह यादव, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक प्रशस्ति श्रीवास्तव, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर अनुभव पाठक, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक राजेश कुमार ,वरिष्ठ मंडल सुरक्षा अधिकारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

राहगीर महिलाओं से लूटपाट करने वाला शातिर लुटेरा गिरफ्तार, तीन घटनाओं का खुलासा

❐ 14रहीमाबाद और माल पुलिस की संयुक्त कार्यवाही, नगदी,सोने-चांदी के जेवर,मोबाइल और मोटरसाइकिल बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रहीमाबाद, लखनऊ। राहगीर महिलाओं को निशाना बनाकर उनके पर्स और कैरी बैग छीनने वाले एक शातिर आरोपी को रहीमाबाद और माल पुलिस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर रहीमाबाद क्षेत्र में हुई लूट की एक और माल थाना क्षेत्र की दो घटनाओं समेत कुल तीन वारदातों का खुलासा किया है। उसके कब्जे से 5 हजार रुपये नगद, सोने-चांदी के आभूषण, मोबाइल फोन, महिलाओं का बैग और बच्चों के चांदी के खड़ुआ समेत लूट का सामान और घटना में इस्तेमाल मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान रहीमाबाद थाना क्षेत्र के महिमाखेड़ा गांव निवासी विजय रावत 26 वर्ष पुत्र गुड्डू रावत के रूप में हुई है। 14 अक्टूबर को शैलेंद्र प्रताप निवासी महिमाखेड़ा ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि विजय रावत ने उन्हें और उनकी पत्नी को जान से मारने की धमकी देकर बैग में रखे पांच हजार रुपये, चांदी की राखियां, पायल, बच्चे का कंगन, अंगूठी, छल्ला और ओप्पो कंपनी का मोबाइल फोन लूट लिया था। इस मामले में रहीमाबाद थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी थी। पुलिस टीम ने 14 अक्टूबर को आरोपी के घर दबिश देकर उसे पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान जानकारी के आधार पर उसकी निशानदेही पर लूट का सामान बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने माल थाना क्षेत्र में हुई दो अन्य लूट की घटनाओं में भी संलिप्तता बताई। इसके बाद पुलिस ने संबंधित घटनाओं से जुड़े आभूषण भी बरामद किए। पुलिस के मुताबिक, पहली घटना सितंबर के मध्य में माल थाना क्षेत्र के सालेह नगर पुलिया के पास हुई थी, जहां मोटरसाइकिल पर पीछे बैठी महिला का पर्स छीन लिया गया था। इस मामले में माल थाने में मुकदमा दर्ज है। आरोपी की निशानदेही पर पीली धातु का मंगलसूत्र लॉकेट और कान के टॉप्स बरामद किए गए। दूसरी घटना सितंबर के अंत में तिवारीखेड़ा क्षेत्र में हुई थी। यहां भी मोटरसाइकिल पर पीछे बैठी महिला का कैरी बैग छीनने का आरोप है। इस मामले में दर्ज मुकदमे से संबंधित मंगलसूत्र का लॉकेट, अंगूठी और बच्चों के चांदी के खड़ुआ बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपी मोटरसाइकिल से राह चलते समय महिलाओं को निशाना बनाकर उनके पर्स और बैग छीनता था। लूट में मिली नकदी खर्च कर देता था, जबकि आभूषण और अन्य सामान अपने पास छिपाकर रखता था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लूट का सामान बरामद करने के साथ वारदात में इस्तेमाल बजाज पल्सर एनएस-125 मोटरसाइकिल यूपी 32 आरवी 5706 भी जब्त की है।

शहीद भगत सिंह वार्ड-दो में बीजेपी की संगठनात्मक बैठक सम्पन्न

❐ स्नातक एमएलसी चुनाव में जीत के लिए बनी रणनीति

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । शहीद भगत सिंह वार्ड 2 के ब्रज ट्रेडर्स में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) द्वारा आगामी स्नातक (स्नातकोत्तर) एमएलसी चुनाव को लेकर चुनावी तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी सिलसिले में शहीद भगत सिंह वार्ड 2 स्थित ब्रज ट्रेडर्स परिसर में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक मंडल अध्यक्ष की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें वार्ड और मंडल स्तर के कई वरिष्ठ नेता तथा सक्रिय कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से स्नातक मतदाताओं के पंजीकृत बूथ स्तर पर समन्वय और आगामी चुनाव में पार्टी प्रत्याशी की ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित करने की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे मंडल अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्नातक एमएलसी चुनाव में हर एक वोट अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, ''बीजेपी कैडर आधारित पार्टी है और हमारे कर्मठ कार्यकर्ताओं के दम पर हम इस चुनाव में भारी बहुमत से जीत दर्ज करेंगे।मतदाता सम्मेलन और जनसंपर्क: आगामी दिनों में वार्ड स्तर पर मतदाता सम्मेलन आयोजित करने और हर घर तक संपर्क साधने की योजना बनाई गई है। प्रत्येक बूथ पर जिम्मेदारियां तय की गई हैं ताकि मतदान के दिन शत-प्रतिशत वोटिंग सुनिश्चित कराई जा सके। कार्यकर्ताओं से कहा गया कि वे केंद्र व राज्य सरकार द्वारा शिक्षित युवाओं के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं को जनता के बीच लेकर जाएं। बैठक के समापन पर मंडल अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं को पूरी निष्ठा के साथ चुनावी तैयारियों में जुटने का संकल्प दिलाया। इस दौरान बैठक में राहुल मिश्रा, मुकेश गुप्ता, मनोज प्रजापति, अनिल राजपूत, विनोद यादव ,धनीराम रावत , मनीष लोधी, अशोक लोधी , सुनील लोधी ,विक्रम रावत, संजय रत्नाकर , विजय शुक्ला , रमेश लोधी मुकेश तिवारी ,संतोष पाल, रघुवीर रावत , गजराज वर्मा , वीरेंद्र वर्मा , हरीश रावत , लक्ष्मण यादव और वार्ड के प्रमुख पदाधिकारी, सेक्टर संयोजक और भारी संख्या में स्थानीय बीजेपी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विश्व हिंदू परिषद ने श्री काली माता मंदिर में की महाआरती

मुरादाबाद । विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल मुरादाबाद के द्वारा प्रत्येक वर्ष नवरात्रि के पावन अवसर पर प्राचीन काली माता मंदिर लालबाग में महा आरती का आयोजन किया जाता है इसी क्रम में शुक्रवार को छठे नवरात्रि के अवसर पर प्राचीन काली माता मंदिर लालबाग मुरादाबाद में किया गया। जिसमें विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के पदाधिकारी गण एवं सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विहिप के महानगर अध्यक्ष अमित गुप्ता, नीता देवी, राजीव ठाकुर, वरुण शर्मा, अनिल कठेरिया, डॉ राजकमल गुप्ता, उपेंद्र मिश्रा, पंकज नागर, अनिल शर्मा, धर्मेंद्र यादव, गौरव दुबे, अश्विनी सूद, शुभम देशभक्त, रोहित मदान, सौरभ प्रेमी, विकास गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

सार्वजनिक सूचना

सभी आम व खास लोगों को सूचित किया जाता है की भूमि संख्या 663 व 691 स्थान ग्राम बितरोई परगना उझानी तहसील व जिला बदायूं है जिसका वाद विवाद माननीय न्यायालय सुप्रीम कोर्ट, इलाहाबाद हाईकोर्ट में रिट सं0 40885/2024 व दीवानी न्यायालय बदायूं में केस संख्या 14 सन 2016 व 228 /14 शाहीन बेगम पत्नी मुस्ताक हुसैन व शरवती पत्नी रोसन निवासीगण वितरोई ब्लॉक उझानी पो0 देहमू जिला बदायूं की तरफ से विचाराधीन है दौरान ए मुकदमा इसका क्रय-विक्रय हर हाल में कानूनी अपराध माना जाएगा ऐसा करने वाला स्वयं हर्जे-खर्चे के साथ दोषी होगा उसके साथ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

शाहीन बेगम पत्नी मुस्ताक हुसैन
निवासी-वितरोई ब्लॉक उझानी पो देहमू, जिला, बदायूँ

वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को किया निरीक्षण

- मंत्री ने फैजुल्लागंज में जलभराव की स्थिति का लिया जायजा, कंट्रोल रूम पहुंचकर राहत कार्यों की समीक्षा की
- 6500 घर, लगभग 8 किलोमीटर क्षेत्र और 50 हजार लोग प्रभावित; जलनिकासी के साथ पेयजल, स्वच्छता एवं पुनर्वास पर जोर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना जी ने शुक्रवार को फैजुल्लागंज के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की।

इस दौरान उन्होंने नगर निगम के कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर राहत कार्यों के संचालन, प्रभावित क्षेत्रों की निगरानी और शिकायतों के निस्तारण की व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने बाढ़ प्रभावित परिवारों तक राहत सामग्री, स्वच्छ पेयजल और आवश्यक सुविधाएं पहुंचाने के लिए किए जा रहे प्रयासों को और गति देने के निर्देश दिए।

प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना जी ने अतिवृष्टि के कारण उत्पन्न चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में महापौर सुषमा खर्कवाल, नगर आयुक्त गौरव कुमार जी, नगर निगम की टीम और संबंधित जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार किए जा रहे राहत एवं बचाव कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाने और जनजीवन सामान्य बनाने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते रहें। नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार जी ने प्रभारी मंत्री को बताया कि गोमती नदी का जलस्तर बढ़ने से फैजुल्लागंज क्षेत्र में लगभग 6500 घर, करीब 8 किलोमीटर का क्षेत्र और लगभग 50 हजार लोग प्रभावित हुए हैं। प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाने के लिए नगर निगम एवं प्रशासन की टीमें लगातार कार्य कर रही हैं। अस्थायी आश्रय स्थलों, पेयजल आपूर्ति, खाद्य सामग्री वितरण, सफाई और स्वास्थ्य सुरक्षा से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। प्रभारी मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना जी ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में प्रत्येक प्रभावित परिवार तक सहायता पहुंचाना शासन-प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने जलनिकासी में तेजी लाने के साथ ही प्रभावित बस्तियों में रहने वाले लोगों की दैनिक आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

प्रभारी मंत्री जी ने निर्देश दिए कि प्रभावित क्षेत्रों में पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था के लिए टैंकर नियमित रूप से भेजे जाएं। लोगों को फिलहाल समर्सिबल पंप के इस्तेमाल से बचने की सलाह दी जाए, ताकि दूषित पानी से होने वाली बीमारियों का खतरा कम किया जा सके।उन्होंने जलभराव से प्रभावित घरों के सेप्टिक टैंकों की स्थिति का आकलन कर आवश्यकतानुसार सक्शन मशीनों से सफाई कराने, नालियों की सफाई और कीटनाशक छिड़काव सुनिश्चित करने को कहा। मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिए एंटी लार्वा छिड़काव और फॉगिंग के साथ जरूरत के अनुसार ड्रोन के माध्यम से छिड़काव कराने पर भी जोर दिया।

मलिहाबाद की रितिका बनीं एक दिन की 'थानेदार', जानी पुलिस की कार्यप्रणाली

- मिशन शक्ति– छात्राओं ने सीखे कानून–व्यवस्था और महिला सुरक्षा के गुण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मलिहाबाद , लखनऊ । शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर उत्तर प्रदेश सरकार के 'मिशन शक्ति' अभियान के तहत शुक्रवार को मलिहाबाद कोतवाली में बालिकाओं के सशक्तिकरण और जागरूकता को लेकर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कस्तूरबा गांधी इंटर कॉलेज की कक्षा 8 की छात्रा रितिका रावत को प्रतीकात्मक रूप से एक दिन का थाना प्रभारी व मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी बनाया गया। प्रभारी निरीक्षक की कुर्सी संभालते ही रितिका ने पुलिस की दैनिक कार्यप्रणाली को बारीकी से समझा।

पुलिस अधिकारियों ने उन्हें जनशिकायत निस्तारण, कानून-व्यवस्था के संचालन, महिला सुरक्षा, बाल अधिकार और साइबर अपराध से बचाव के तौर-तरीकों की जानकारी दी। सहायक पुलिस आयुक्त एवं प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र भाटी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी इंटर कॉलेज की छात्राओं को थाने का भ्रमण कराया गया। उन्हें मिशन शक्ति केंद्र व थाना कार्यालय की व्यवस्थाओं से रूबरू कराते हुए पुलिस कार्यशैली से परिचित कराया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वन स्टॉप सेंटर की सहायक प्रभारी आयुषी तिवारी ने छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों और सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक किया। छात्राओं को आपातकालीन सेवाओं की जानकारी देते हुए हेल्पलाइन नंबर– 112 आपातकालीन सेवा, 1090 महिला हेल्प लाइन, 181 महिला सहायता, 101 दमकल सेवा और 102 एंबुलेंस के प्रयोग के बारे में बताया गया। साथ ही मिशन शक्ति के पंपलेट वितरित कर जागरूक रहने का संदेश दिया गया। इसका मुख्य उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास व नेतृत्व क्षमता विकसित करना, पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाना और समाज में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र सिंह भाटी, अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र मिश्रा, महिला उपनिरीक्षक मनीषा पाठक, महिला सिपाही ललिता सिंह सहित थाने का अन्य पुलिस बल मौजूद रहा।

जर्नलिस्ट प्रोटेक्शन एसोसिएशन के नए कार्यालय का शुभारंभ, पत्रकारों की सुरक्षा पर जोर

- कमता के हनुमान मार्केट में हुआ शुभारंभ, बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला समेत कई गणमान्य लोग रहे मौजूद



कैनविज टाइम्स संवाददाता

चिनहट , लखनऊ । चिनहट के कमता स्थित हनुमान मार्केट में शुक्रवार को जर्नलिस्ट प्रोटेक्शन एसोसिएशन, यथार्थ चेतना हिंदी समाचार पत्र एवं जे.आर. लीगल एसोसिएट्स के नए कार्यालय का भव्य उद्घाटन किया गया। निकट कमता पावर हाउस स्थित कार्यालय का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) अवध प्रांत के प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख राज किशोर ने फीता काटकर किया।

समारोह में पत्रकारिता, पत्रकारों की सुरक्षा और समाज के प्रति मीडिया की जिम्मेदारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज किशोर ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी सच की रक्षा करना ही पत्रकारिता का वास्तविक धर्म है। पत्रकार समाज को जागरूक करने और जनसमस्याओं को सामने लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में पत्रकारों की सुरक्षा और उनके अधिकारों के संरक्षण के लिए जर्नलिस्ट प्रोटेक्शन एसोसिएशन की पहल सराहनीय है। उन्होंने संगठन के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उम्मीद जताई कि नया कार्यालय पत्रकारों के हितों की रक्षा और उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला भी मौजूद रहे। उन्होंने नए कार्यालय के शुभारंभ पर शुभकामनाएं दीं और संगठन से जुड़े लोगों के प्रयासों की सराहना की। अतिथियों ने आशा व्यक्त की कि कार्यालय के माध्यम से पत्रकारों को एकजुट करने, उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा जरूरत के समय उन्हें सहयोग उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में जर्नलिस्ट प्रोटेक्शन एसोसिएशन के पदाधिकारी, पत्रकार, अधिवक्ता और क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। नए कार्यालय के शुभारंभ को पत्रकारों के संगठनात्मक विस्तार और उनके हितों की रक्षा के प्रयासों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

सलेमपुर अचाका में पशु आरोग्य मेले में 453 पशुओं की जांच, निःशुल्क दवाओं का वितरण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

- ग्राम प्रधान विकास पटेल ने किया उद्घाटन, पशु पालकों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर किया जागरूक

नगराम, लखनऊ । नगराम क्षेत्र के सलेमपुर अचाका गांव में शुक्रवार को पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। ग्राम प्रधान विकास पटेल ने मेले का उद्घाटन किया। मेले में 453 पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर पशुपालकों को निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं। साथ ही पशुओं की बेहतर देखभाल, स्वास्थ्य और रखरखाव के प्रति जागरूक करते हुए सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। आयोजक पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि मेले में कुल 453 पशुओं का परीक्षण कर निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। उन्होंने पशुपालकों से पशुओं के स्वास्थ्य और उचित देखभाल पर विशेष ध्यान देने की अपील की। इस अवसर पर डीपीओ डॉ. त्रिभुवन सिंह, डॉ. राममूर्ति यादव, अरविंद तिवारी, पंकज श्रीवास्तव सहित अन्य पशुपालक और विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे। अंत में डॉ. सुनील कुमार ने सभी अतिथियों और पशुपालकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

परवरिश स्कूल में दिव्यांग बच्चों ने डांडिया पर थिरकाए कदम, खुशियों के रंगों से सजा उत्सव



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। निराला नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की संस्था परवरिश स्कूल में शुक्रवार को डांडिया उत्सव धूमधाम से मनाया गया। उत्सव में स्कूल के दिव्यांग बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और डांडिया की धुन पर उत्साह के साथ कदम थिरकाए। रंग, संगीत और उल्लास से सजे इस आयोजन ने बच्चों के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी। इस मौके पर परवरिश स्कूल की डायरेक्टर डॉ. कुसुम कमल ने कहा कि स्कूल में दिव्यांग बच्चों के साथ हर पर्व को इसी तरह हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इसका उद्देश्य बच्चों को खुशियों के पल देना और इन खास लम्हों को उनकी यादों का हिस्सा बनाना है। उन्होंने कहा कि त्योहार सभी के जीवन में खुशियां लाते हैं और दिव्यांग बच्चों को भी इन खुशियों में समान रूप से शामिल होने का अवसर मिलना चाहिए। डॉ. कुसुम कमल ने समाज के लोगों से अपील की कि वे दिव्यांग बच्चों को स्नेह, सम्मान और सहयोग दें, ताकि उनका आत्मविश्वास बढ़े और वे समाज की मुख्यधारा से जुड़कर आगे बढ़ सकें। उन्होंने कहा कि इन बच्चों को प्रोत्साहन और अपनापन देकर उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। कार्यक्रम में नेहा मिश्रा, काजोल पाठक, एडवोकेट आरके द्विवेदी सहित स्कूल के स्टाफ सदस्य और दिव्यांग बच्चे मौजूद रहे।

दशहरे पर परिवार संग मनोरंजन का तोहफा, सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्म 'नई नवेली'



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। दशहरे के त्योहार पर परिवार के साथ मनोरंजन का आनंद लेने वालों के लिए फिल्म 'नई नवेली' सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है। अमेजन एमजीएम स्टूडियोज और कलर येलो के बैनर तले बनी यह फैंटेसी फैमिली एंटरटेनर दर्शकों को हंसी-मजाक, संगीत, भव्य दृश्यों और अप्रत्याशित घटनाओं से भरपूर कहानी का अनुभव कराने का वादा करती है। अभिनेत्री यामी गौतम धर अभिनीत यह फिल्म मेरठ के एक मस्तमौला अवस्थी परिवार की कहानी पर आधारित है। फिल्म में पारिवारिक रिश्तों, मनोरंजन और फैंटेसी का अनूठा मेल देखने को मिलेगा। कहानी में ऐसे कई दिलचस्प मोड़ हैं, जो दर्शकों को बांधे रखने के साथ उन्हें चौंकाने का काम करेंगे। खास बात यह है कि जब दर्शक कहानी को समझने लगेंगे, तभी एक अप्रत्याशित मोड़ कहानी को नया रंग देगा। फिल्म का निर्देशन बालाजी मोहन ने किया है, जबकि आनंद एल. राय और हिमांशु शर्मा इसके निर्माता हैं। फिल्म का संगीत जी. वी. प्रकाश कुमार ने तैयार किया है। निर्माताओं ने इसे इस तरह तैयार किया है कि बच्चे हों या बुजुर्ग, हर उम्र के दर्शक परिवार के साथ बैठकर इसका आनंद ले सकें। त्योहारी माहौल में रिलीज हुई 'नई नवेली' उन दर्शकों के लिए एक विकल्प है, जो दशहरे की छुट्टी को परिवार के साथ मनोरंजक बनाना चाहते हैं। हंसी, संगीत, कल्पनाओं और रोमांच से सजी यह फिल्म बड़े पर्दे पर पारिवारिक मनोरंजन का अनुभव देने के उद्देश्य से पेश की गई है।

मिशन शक्ति फ़ेज-6.0 : लखनऊ जोन में 12 मामलों में दोषियों को सजा, पीड़िताओं को 65 लाख की आर्थिक सहायता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, अपराधों की रोकथाम और पीड़िताओं को त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति फ़ेज-6.0 के तहत लखनऊ जोन पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई की है। सितंबर 2026 के दौरान जोन के विभिन्न जनपदों में 12 मामलों में प्रभावी अभियोजन एवं पैरवी के परिणामस्वरूप अभियुक्तों को विभिन्न सजाएं और अर्थदण्ड दिलाए गए। वहीं, पीड़िताओं को आर्थिक सहायता, सुरक्षा एवं पुनर्वास योजनाओं से जोड़ने की दिशा में भी उल्लेखनीय कार्य किए गए।

अपर पुलिस महानिदेशक, लखनऊ जोन कार्यालय के अनुसार, महिला एवं बालिका सुरक्षा उत्तर प्रदेश शासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है। इसी क्रम में पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम, गुणवत्तापूर्ण विवेचना, प्रभावी अभियोजन, पीड़िताओं को तत्काल सहायता, चिकित्सीय सहयोग, काउंसलिंग और पुनर्वास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

- आजीवन कारावास से लेकर 20 वर्ष तक के कठोर कारावास की सजा, महिला सुरक्षा और पुनर्वास पर पुलिस का विशेष जोर

कई मामलों में आजीवन कारावास की सजा

मिशन शक्ति अभियान के तहत हरदोई, रायबरेली, अयोध्या और सुल्तानपुर सहित विभिन्न जनपदों में गंभीर अपराधों के मामलों में अभियुक्तों को कड़ी सजा दिलाई गई। हरदोई के अतरौली थाना क्षेत्र के एक मामले में अभियुक्त को आजीवन कारावास के साथ 70 हजार रुपये का अर्थदण्ड दिया गया। रायबरेली के हरचंदपुर थाना क्षेत्र में दर्ज मामले में अभियुक्त को आजीवन कारावास और 1.50 लाख रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अयोध्या के इनायतनगर थाना क्षेत्र के मामले में भी अभियुक्त को आजीवन कारावास तथा 50 हजार रुपये का अर्थदण्ड मिला। वहीं, सुल्तानपुर के बल्दीराय थाना क्षेत्र में हत्या के मामले में दो अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। दोनों पर 50-50 हजार रुपये का अर्थदण्ड भी लगाया गया।

21 पीड़िताओं को मिले 65 लाख रुपये

दोषियों को सजा दिलाने के साथ-साथ मिशन शक्ति टीमों ने पीड़िताओं की सहायता एवं पुनर्वास के लिए भी कदम उठाए। खीरी में रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना के तहत 25 सितंबर 2026 को 21 महिला पीड़िताओं को कुल 65 लाख रुपये की अनुदान राशि उपलब्ध कराई गई। बाराबंकी में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक गुमशुदा महिला को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों से मिलाया। वहीं, उन्नाव के बांगरमऊ थाना क्षेत्र में पति की मृत्यु के बाद आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रही महिला को आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कराकर विधवा पेंशन योजना का लाभ दिलाया गया।

महिलाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना लक्ष्य

लखनऊ जोन पुलिस के अनुसार, मिशन शक्ति फ़ेज-6.0 का उद्देश्य केवल अपराधियों को सजा दिलाना ही नहीं, बल्कि पीड़िताओं को आर्थिक सहायता, सुरक्षा, काउंसलिंग और पुनर्वास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग करना भी है। पुलिस द्वारा शासन की कल्याणकारी योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को उनसे जोड़ने का कार्य भी किया जा रहा है। अभियान के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए सुरक्षित वातावरण तैयार करने, अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने और पीड़िताओं को सम्मानपूर्वक जीवनयापन के लिए सशक्त बनाने पर जोर दिया जा रहा है।

पॉक्सो समेत गंभीर अपराधों में कठोर सजा

खीरी के ईसानगर थाना क्षेत्र में दर्ज मामले में अभियुक्त को 20 वर्ष के कठोर कारावास और 10 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। सीतापुर के मानपुर थाना क्षेत्र के मामले में 20 वर्ष के सश्रम कारावास और 20 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई। सुल्तानपुर के चांदा थाना क्षेत्र में पॉक्सो एक्ट से संबंधित मामले में अभियुक्त को 20 वर्ष का कठोर कारावास और 28 हजार रुपये का अर्थदण्ड मिला। मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के मामले में चार वर्ष का कठोर कारावास तथा 15 हजार रुपये का अर्थदण्ड लगाया गया।

बाराबंकी के बद्दूपुर थाना क्षेत्र में अभियुक्त को 20 वर्ष के कठोर कारावास और 70 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अमेठी के मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र में भी अभियुक्त को 20 वर्ष का कठोर कारावास और 25 हजार रुपये का अर्थदण्ड मिला। सुल्तानपुर के कूरेभार थाना क्षेत्र में एक अन्य मामले में अभियुक्त को नौ वर्ष के कठोर कारावास तथा पांच हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई। उन्नाव के डीह थाना क्षेत्र के मामले में अभियुक्त पर एक हजार रुपये का अर्थदण्ड लगाया गया।

चोरों ने दो घरों को बनाया निशाना, एक घर से लाखों के जेवर, बर्तनों पर किया हाथ साफ



बंथरा, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। इलाके के नारायणपुर गांव में गुरुवार की रात सिक्योरिटी सुपरवाइजर के घर पर चोरों ने धावा बोल दिया । घटना में करीब चार लाख रूपए कीमत का माल गायब होने की बात सामने आ रही है। वहीं इसी गांव के रामप्रताप के घर का ताला भी तोड़ दिया गया। हालांकि यहां से कोई सामान चोरी नहीं हुआ। सुबह जब घटना की जानकारी हुई तो सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर डाग स्क्वायड बुलाकर जांच पड़ताल हुई। खोजी श्वान घटनास्थल से कुछ दूर एक ग्रामीण के घर जाकर रुका। पीड़ित सिक्योरिटी सुपरवाइजर ने उसी पर चोरी का शक जाहिर करते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पीड़ित का कहना है कि आरोपित पूर्व में भी ऐसी घटनाएं कर चुका है। पुलिस उसे हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। हालांकि थाना इंचार्ज राणा राजेश कुमार सिंह के मुताबिक जांच के दौरान माल पीड़ित के घर में ही मिल गया है। जिसे समर ने लिखकर भी दिया है। थाना इंचार्ज ने शक जाहिर करते हुए बताया कि सिक्योरिटी सुपरवाइजर और आरोपित के बीच कोई पुरानी रंजिश है शायद इसीलिए उसका नाम बताया जा रहा है। हालांकि उन्होंने कहा कि जांच अभी जारी है जो कुछ होगा निकलकर सामने आएगा। थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत नारायण पुर के मजरे बरियार खेड़ा निवासी समय सिंह सिक्योरिटी सुपरवाइजर का काम करते हैं। समर के मुताबिक घर में पत्नी बीनू और वह सिर्फ दो लोग ही हैं। गुरुवार की रात्रि करीब साढ़े बारह बजे वह काम से घर लौटे थे, खाना खाने के बाद करीब एक बजे सो गए। सुबह पत्नी साफ सफाई के लिए उठी तो देखा कि घर में सारा सामान बिखरा पड़ा था। वहीं बड़े बक्शे से करीब पंद्रह लाख का जेवर और पीतल के बर्तन व कीमती कपड़े सब गायब थे। यह देख बीनू के होश उड़ गए। उन्होंने चीख पुकार करते हुए पति समय को जगाकर घटना की जानकारी दी। इसके बाद सूचना देकर पुलिस बुलाई गई। मौके पर खोजी श्वान भी आया। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की तो एक बैग घर के एक कोने में ही बरामद हुआ जिसमें तमाम जेवर मौजूद थे। थाना इंचार्ज राणा राजेश कुमार सिंह का कहना है कि यही माल था जो घर में ही मिला है। वहीं समर का कहना है कि एक बैग और गायब है जिसमें करीब साढ़े तीन लाख रूपए के जेवर और थे। इसके अलावा पीतल के तमाम बर्तन और कीमती कपड़े भी नहीं मिले।

डॉ. प्रशांत सिंह बने स्वामी ब्रह्मानंद लोधी सेवा ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक

- धर्मपाल सिंह के आवास पर हुई महत्वपूर्ण बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय, ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने जताई खुशी



कैनविज टाइम्स संवाददात

चिनहट लखनऊ । गौतम पल्ली मार्ग स्थित माननीय धर्मपाल सिंह के आवास पर आज स्वामी ब्रह्मानंद लोधी सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन के विस्तार, सामाजिक गतिविधियों और ट्रस्ट के आगामी कार्यों से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

बैठक में सर्वसम्मति से डॉ. प्रशांत सिंह, पुत्र धर्मपाल सिंह, राज्यसभा सांसद, को स्वामी ब्रह्मानंद लोधी सेवा ट्रस्ट का मुख्य संरक्षक नियुक्त किया गया। इस निर्णय पर उपस्थित पदाधिकारियों ने सहमति जताई और संगठन को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

बैठक में लखनऊ जिले के ट्रस्ट पदाधिकारियों के साथ विधानसभा अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष, तहसील अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने ट्रस्ट की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने तथा संगठन के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने पर विचार-विमर्श किया। डॉ. प्रशांत सिंह को मुख्य संरक्षक बनाए जाने को ट्रस्ट के संगठनात्मक विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने संगठन की एकजुटता बनाए रखने और सामाजिक कार्यों को गति देने पर जोर दिया। बैठक के समापन पर पदाधिकारियों ने स्वामी ब्रह्मानंद लोधी सेवा ट्रस्ट के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराया। इस मौके पर संगठन के सदस्यों समेत आस पास के वारिष्ठ नागरिक मौजूद रहे।

ऑक्सीजन सिलेंडरों से लदी पिकअप डिवाइडर से टकराई, चालक-परिचालक की मौत

- शेखपुरा टोल प्लाजा के पास हादसा, सड़क पर बिखरे सिलेंडर; केबिन काटकर निकाले गए दोनों के शव



कैनविज टाइम्स संवाददात

निगोहां, लखनऊ । लखनऊ-रायबरेली हाईवे पर निगोहां के शेखपुरा टोल प्लाजा के पास शुक्रवार शाम ऑक्सीजन सिलेंडरों से लदी पिकअप डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में चालक इंद्रजीत पटेल (55) और परिचालक रमेश चंद्र की मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और सिलेंडर सड़क पर दूर-दूर तक बिखर गए। सूचना पर पहुंची निगोहां पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से क्षतिग्रस्त केबिन में फंसे दोनों लोगों को बाहर निकालकर सीएचसी मोहनलालगंज पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक इंद्रजीत पटेल जौनपुर जिले के देउपुर शेरबान के निवासी थे, जबकि परिचालक रमेश चंद्र प्रयागराज के रहने वाले थे। पुलिस के मुताबिक, पिकअप संख्या ठ्ग70 घ्ह्ल 3327 लखनऊ से ऑक्सीजन सिलेंडर भरवाकर प्रयागराज जा रही थी। इसी दौरान शेखपुरा टोल प्लाजा के पास वाहन डिवाइडर से टकरा गया। हादसे के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने सिलेंडरों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

अवैध संबंधों के शक में जिगरी दोस्त पर तेजाब से हमला,चेहरा और शरीर झुलसा



रहीमाबाद, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। पत्नी से अवैध संबंधों के शक ने दो जिगरी दोस्तों के बीच ऐसी दरार पैदा की कि दोस्ती का रिश्ता खौफ़नाक दुश्मनी में बदल गया। रहीमाबाद क्षेत्र के संतनगर गांव में देर रात कैटर्स का काम करने वाले मनीष रावत पर उसके जिगरी दोस्त राजन नें तेज़ाब से हमला कर दिया, तेज़ाब के हमले में मनीष का चेहरा, गुप्तांग समेत शरीर के कई हिस्से बुरी तरह झुलस गए। बीच-बचाव में आरोपी की पत्नी रीना के हाथ पर भी तेजाब पड़ने से वह घायल हो गई। गंभीर रूप से झुलसे मनीष को सीएचसी मलिहाबाद से प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी राजन रावत को गिरफ्तार कर लिया है। मनीष के पिता बाराती लाल ने बताया कि उनका बेटा मनीष और गांव का ही राजन रावत कई वर्षों से जिगरी दोस्त हैं। दोनों साथ में कैटरिंग का काम करते हैं और अक्सर साथ में ही रहते थे। मनीष अविवाहित है और राजन के घर पर भी उसका आना-जाना रहता था। देर रात करीब 12 बजे मनीष राजन के घर में लेटा हुआ था, तभी राजन ने उस पर तेजाब फेंक दिया। जिससे मनीष बुरी तरह झुलस गया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर जुट गए। वहीं ग्रामीणों की माने तो दोनों दोस्त गांव के रिश्ते में चाचा-भतीजे भी लगते हैं। कही न कहीं राजन को पत्नी और मनीष के बीच अवैध संबंध का शक था, जिसके चलते राजन ने इतना बड़ा कदम उठाया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि घटना की जांच के लिए फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया है। आरोपी राजन रावत से पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि तेजाब कहां से और कैसे हासिल किया गया। मामले में सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

एसपी ने साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर किया निरीक्षण

❐ एसपी ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रही प्रशिक्षु महिला आरक्षियों के शस्त्र प्रशिक्षण का भी निरीक्षण किया तथा उन्हें शस्त्रों के रखरखाव, सुरक्षित उपयोग, शस्त्र संचालन की तकनीक एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप अभ्यास के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने पुलिस लाइन में आयोजित साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया और परेड में शामिल पुलिसकर्मियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने, नियमित परेड एवं शारीरिक व्यायाम करने तथा ड्यूटी के दौरान उच्चस्तरीय अनुशासन, सतर्कता एवं कर्तव्यनिष्ठा बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान एसपी ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रही प्रशिक्षु महिला आरक्षियों के शस्त्र प्रशिक्षण का भी निरीक्षण किया तथा उन्हें शस्त्रों के रखरखाव, सुरक्षित उपयोग, शस्त्र संचालन की तकनीक एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप अभ्यास के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही उनको नियमित अभ्यास के माध्यम से शस्त्र संचालन में दक्षता प्राप्त करने, आत्मविश्वास बनाए रखने तथा प्रशिक्षण के दौरान सुरक्षा मानकों का पूर्णतः पालन करने हेतु प्रेरित किया।

इसके बाद एसपी ने पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण किया और पुलिसकर्मियों के प्रशिक्षण एवं अभ्यास से सम्बन्धित व्यवस्थाओं, परिसर की साफ-सफाई तथा पुलिस लाइन में उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही पुलिस लाइन स्थित कैंटीन का निरीक्षण कर साफ-सफाई, खाद्य सामग्री की गुणवत्ता एवं उपलब्धता तथा पुलिसकर्मियों को प्रदान की जा रही सुविधाओं का जायजा लिया और सम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने शस्त्रागार एवं पुलिस उपकरणों के रखरखाव, उपलब्ध संसाधनों की स्थिति तथा परिवहन शाखा का निरीक्षण कर सरकारी वाहनों की उपलब्धता, रखरखाव, साफ-सफाई एवं संचालन से सम्बन्धित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसपी ने पुलिस बल को अपनी कार्यक्षमता में निरन्तर सुधार करने, आमजन के प्रति संवेदनशील एवं शालीन व्यवहार अपनाने तथा कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सदैव तत्पर रहने के निर्देश दिए। कहा कि टीम भावना के साथ कार्य करें तथा जनसामान्य की सुरक्षा एवं सहायता को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर, प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

थाना सदर बाजार मिशन शक्ति केन्द्र पर सम्मान एवं फीडबैक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

❐ मिशन शक्ति व परामर्श केन्द्र के प्रयासों से टूटते परिवारों को मिला सहारा, संबंधित परिवारों को सम्मानित कर लिया फीडबैक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। मिशन शक्ति अभियान फ़ेज-6.0 के तहत थाना सदर बाजार मिशन शक्ति टीम एवं परिवार परामर्श केन्द्र के प्रयासों से टूटते परिवारों को सहारा मिला। शारदीय नवरात्रि के अवसर पर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के साथ-साथ पारिवारिक विवादों के प्रभावी निस्तारण एवं परिवारों को पुनः एकजुट करने के उद्देश्य से आज थाना सदर बाजार स्थित मिशन शक्ति केन्द्र पर सम्मान एवं फीडबैक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मिशन शक्ति केन्द्र व परिवार परामर्श केन्द्र ने सफलतापूर्वक निस्तारित कराए गए पारिवारिक प्रकरणों से सम्बन्धित 10 परिवारों को थाना सदर बाजार पर आमंत्रित किया गया। जहां थाना सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने फूलमाला पहनाकर और उपहार देकर उन परिवारों के अभिभावकों को सम्मानित किया। साथ ही उपस्थित परिवारों से वार्ता कर उनके अनुभव एवं फीडबैक प्राप्त किए। परिवारों के अभिभावकों ने पुलिस की कार्यशैली एवं पारिवारिक विवादों के निस्तारण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। कहा कि पुलिस के सकारात्मक प्रयासों, आपसी संवाद एवं परामर्श से उनके टूटते हुए परिवारों को बचाने में सहायता मिली है तथा अब वे आपसी सामंजस्य के साथ सुखी जीवन व्यतीत कर रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि उक्त कार्यक्रम का उद्देश्य पारिवारिक विवादों के समाधान के प्रति पुलिस की संवेदनशील एवं सहयोगात्मक कार्यशैली को प्रोत्साहित करना तथा परिवारों को आपसी समझ, संवाद एवं सामंजस्य के माध्यम से विवादों का समाधान करने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में थाना सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार, मिशन शक्ति केन्द्र प्रभारी एसआई सोमपाल सिंह, महिला एसआई नम्रता सिंह, परिवार परामर्श केन्द्र से महिला एसआई मधु आदि मौजूद रहे।

मिशन शक्ति फ़ेज-6.0 के तहत अंतर्गत छात्राओं को करियर गाइडेंस एवं पारिवारिक विवादों में समझौता करने वाले दंपतियों का सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ल्लमिशन शक्ति अभियान फ़ेज-6.0 के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में जनपद की पुलिस द्वारा महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु निरंतर अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम आज दिनांक 16.10.2026 को जनपद सीतापुर में 'मिशन शक्ति' फ़ेज-6.0 अभियान के तहत थाना नैमिषारण्य क्षेत्रान्तर्गत स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय मिश्रिख सीतापुर में महिला थाना थानाध्यक्ष मधु यादव,प्रभारी मिशन शक्तिव कस्बा इंचार्ज निमिष प्रशांत सिंह द्वारा जागरूकता कार्यक्रम गोष्ठी की गई, तथा छात्राओं/बालिकाओ को करियर गाइडेंस के तहत बालिकाओं के सर्वांगीण विकास, सुरक्षा, स्वावलंबन और उनके उज्जवल भविष्य को सुनिश्चित करने के क्रम में साइबर जागरुकता व हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी गई। इस विशेष पहल का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को उच्च स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु मार्गदर्शन प्रदान करना तथा डिजिटल युग में उन्हें साइबर अपराधों के प्रति जागरूक व सुरक्षित बनाना व साइबर ठगी, सोशल मीडिया के खतरों, वित्तीय फ्रॉड और ऑनलाइन सुरक्षा उपायों से भली-भांति अवगत कराया गया, ताकि वे इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग कर सकें।

तत्पश्चात जनपदीय पुलिस द्वारा पुलिस लाइन स्थित दधिची सभागार सीतापुर में परिवार परामर्श केंद्र में पारिवारिक विवादों से संबंधित प्रकरणों में काउंसलिंग के माध्यम से समझौते समझौते के उपरांत साथ में रह रहे जोड़ो का दधीचि सभागार पुलिस लाइन में सम्मान किया गया । पारिवारिक विवादों से संबंधित प्रकरणों में आपसी संवाद, समझदारी, सहिष्णुता एवं पारस्परिक सम्मान के महत्व पर बल दिया गया। आपसी सहमति से विवादों का समाधान कर परिवार में सुखद एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण स्थापित करने वाले दंपतियों को सम्मानित किया गया।

सम्मानित दंपतियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि आपसी बातचीत, एक-दूसरे की भावनाओं को समझने तथा सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने से पारिवारिक समस्याओं के समाधान में सहायता मिलती है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं परामर्श प्रक्रिया के प्रति सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सहयोग के लिए आभार प्रकट किया।

जानलेवा हमले के मामले में वांछित 02 अभियुक्त गिरफ्तार

शाहजहांपुर। थाना कटरा पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त दो डंडे भी बरामद किए हैं। बीती 11 अक्टूबर को एक व्यक्ति ने थाना कटरा पुलिस को तहरीर दी। आरोप था कि थाना क्षेत्र के मोहल्ला अहरान निवासी आदित्य और मोहल्ला रामनगर कालोनी निवासी आयुष उर्फ छोटू आदि लोहे की राड, तमंचा और बांका लेकर उसके पुत्र की चक्की पर आए और उसके पुत्र के साथ मारपीट की। इससे उसका पुत्र का बेहोश हो गया, तो उक्त लोग गाली गलौज करते हुए मौके से भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ हत्या का प्रयास सहित अन्य संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। आज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी आदित्य और आयुष उर्फ छोटू को अल्ट्राटैक फैक्ट्री से आगे सूखी नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। जिनके कब्से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त 02 डंडे भी बरामद किए। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के खिलाफ विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से न्यायिक अभिरक्षा में दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया।

15 दिन से विद्यालय भवन पर गिरा पड़ा विशालकाय पेड़, मौत के साये में पढ़ने को मजबूर नौनिहाल!

❐ बीएसए के सख्त निर्देश भी बेअसर? भवन पर गिरे पेड़ नहीं हटे, खतरे के बीच संचालित हो रहा विद्यालय; हादसे का इंतजार कर रहा विभाग!

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सकरन, सीतापुर। बच्चों की सुरक्षा को लेकर शिक्षा विभाग के दावे उस समय सवालों के घेरे में आ गए, जब प्राथमिक विद्यालय गड़वा डीह के भवन पर गिरे विशालकाय पेड़ करीब 15 दिन बीत जाने के बाद भी नहीं हटाए जा सके। तेज हवाओं और भारी बारिश के चलते विद्यालय भवन पर गिरे पेड़ अब तक वहीं टिके हुए हैं, जबकि उसी भवन और परिसर में नौनिहालों की पढ़ाई जारी है। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि क्या शिक्षा विभाग किसी बड़े हादसे के बाद ही जागेगा।

विद्यालय भवन पर पेड़ों के टिके रहने से बच्चों और विद्यालय स्टाफ की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता बनी हुई है। यदि पेड़ अचानक खिसककर गिरते हैं या भवन का कोई हिस्सा क्षतिग्रस्त होता है, तो बड़ा हादसा हो सकता है। इसके बावजूद अब तक पेड़ों को हटाने की प्रभावी कार्रवाई सामने नहीं आई है।

15 दिन गुजर गए, लेकिन खतरा जस का तस

घटना के करीब 15 दिन बीत जाने के बाद भी विद्यालय भवन पर गिरे पेड़ों का न हटना विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे रोजाना इसी परिसर में पहुंच रहे हैं। अभिभावकों के लिए यह स्थिति चिंता का विषय है कि जिस स्थान पर उनके बच्चों का भविष्य संवरना चाहिए, वहीं उनकी सुरक्षा को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि इंचार्ज प्रधानाध्यापक आर.एन. सिंह की ओर से पेड़ों को हटवाने के लिए अब तक कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। हालांकि, इस संबंध में संबंधित पक्ष का विस्तृत जवाब सामने आना बाकी है।

बीएसए के निर्देशों का क्या हुआ?

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल ने विद्यालय भवनों पर गिरे पेड़ों को हटवाने के सख्त निर्देश दिए थे। इसके बावजूद प्राथमिक विद्यालय गड़वा डीह में स्थिति का जस का तस बने रहना कई सवाल खड़े करता है। यदि आदेश जारी होने के बाद भी बच्चों की सुरक्षा से जुड़ा काम समय पर नहीं हो पा रहा है, तो जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों की जवाबदेही तय होना जरूरी है।

पेरियाकोडर में सरकारी बजट का मनमाना इस्तेमाल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मछरेहटा, सीतापुर। ग्राम पंचायत पेरियाकोडर में विकास के नाम पर आबंटित सरकारी बजट के मनमाने इस्तेमाल और भ्रष्टाचार की बू आने लगी है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव की संदिग्ध भूमिका के चलते ग्राम पंचायत की बैठकों से लेकर सामग्री खरीद तक में अनियमितताओं को अंजाम दिया गया है।

ग्रामीणों के अनुसार, चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में केवल ग्राम पंचायत की बैठकों के नाम पर लगभग 15,000, स्वच्छता मद में 14,950 और बैटरी खरीद के नाम पर करीब 41,000 का भुगतान कराया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि कागजों पर खर्च दिखाई गई यह धनराशि वास्तविक धरातल पर कम ही मेल खाती नजर आ रही है, जिससे पूरे मामले में प्रधान और पंचायत सचिव की भूमिका पूरी तरह से संदिग्ध नजर आ रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यदि बैठक विवरण, स्वच्छता संबंधी कार्यों और बैटरी खरीद के बिल-वाउचर तथा भुगतान अभिलेखों का निष्पक्ष उच्च स्तरीय सत्यापन कराया जाए, तो सच खुलकर सामने आ जाएगा। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि जांच कर उचित कार्यवाही की जाए।

दो साधुओं की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी का पिता गिरफ्तार

❐ पुलिस ने 24 घंटे के अंदर वांछित अभियुक्त सुमित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर । थाना खुदागंज पुलिस ने 02 साधुओं की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी के पिता को गिरफ्तार कर जेल भेजा है बीती 01 अक्टूबर को थाना खुदागंज क्षेत्र के गांव सूथा स्थित एक मंदिर परिसर में 02 साधुओं की हत्या कर दी गई थी और सबूत मिटाने के लिए मृतकों को मंदिर परिसर में जला दिया गया था। मरने वाले दोनो साधु गुरू-चेला थे। इस मामले में गांव के शिव कुमार की तहरीर पर सुमित पुत्र विष्णु के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

पुलिस ने 24 घंटे के अंदर नामित अभियुक्त सुमित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस विवेचना के दौरान प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर मुख्य अभियुक्त के पिता का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर दर्ज अभियोग में धारा 238 बीएनएस की वृद्धि की। आज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भुण्डी पुल से बीसलपुर की ओर से प्रकाश में आए अभियुक्त विष्णु को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, पकड़ा गया अभियुक्त विष्णु, अभियोग में नामित अभियुक्त सुमित का पिता है तथा उसकी बार-बार जमानत करवाता था तथा उसको कार्यवाही से बचाने के लिए प्रयासरत रहता था। पकड़े गए अभियुक्त विष्णु पर थाना खुदागंज पर पूर्व में भी करीब एक दर्जन अपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल, पुलिस ने अभियुक्त विष्णु के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना खुदागंज प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य, उपनिरीक्षक दिनेश चन्द्र, सुमित सिंह आदि शामिल रहे।

युवक ने कुल्हाड़ी से किया वार बड़ी मां की हत्या, आरोपी हिरासत में


कमलापुर , सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के सुजौलिया गांव में शुक्रवार सुबह कुल्हाड़ी से हमला कर एक युवक ने अपनी बड़ी मम्मी की हत्या कर दी। घटना से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार, सुजौलिया निवासी रामदेवी (60), पत्नी स्वर्गीय श्रीराम, शुक्रवार सुबह दीपू के घर आई थीं। इसी दौरान प्रदीप उर्फ समदू अपने घर से निकला और दीवार फांदकर हाथ में पकड़ी कुल्हाड़ी से दीपू की पत्नी सरोजनी पर हमला कर दिया। सरोजनी को बचाने के लिए रामदेवी आगे आईं तो आरोपी ने उन पर भी कुल्हाड़ी से वार कर दिया। गंभीर चोट लगने से रामदेवी की मौके पर ही मौत हो गई। मामले में भोला ने पुलिस को लिखित तहरीर दी है। ग्रामीणों के मुताबिक, आरोपी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं बताई जाती है और वह वर्षों से घर से बाहर नहीं निकलता था। घटना की सूचना पर थाना प्रभारी इतुल चौधरी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी को हिरासत में ले लिया। क्षेत्राधिकारी सिधौली वेदप्रकाश श्रीवास्तव ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस की फोरेंसिक टीम मौके पर साक्ष्य जुटाने में लगी है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

ददेवरा: विकास की आड़ में 'दीमक' !



मछरेहटा, सीतापुर, कमलापुर , सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खंड मछरेहटा की ग्राम पंचायत ददेवरा में एमडीएम (मध्याह्न भोजन) शेड निर्माण के नाम पर सरकारी धनराशि के भुगतान को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2026-27 में एमडीएम शेड निर्माण के नाम पर पांच बार में लगभग 3,85,000 रुपये का भुगतान कराया गया है। ग्रामीणों ने इस भुगतान प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं की आशंका जताई जा रही है। भुगतान और निर्माण कार्य का हो सत्यापन ग्रामीणों के अनुसार, मामले की निष्पक्ष जांच के लिए पांचों भुगतानों का विवरण, संबंधित बिल-वाउचर, निर्माण कार्य की माप पुस्तिका, स्वीकृत धनराशि और मौके पर उपलब्ध निर्माण की स्थिति का मिलान कराया जाना चाहिए। इसके साथ ही यह भी जांचा जाना चाहिए कि भुगतान के सापेक्ष निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरा कराया गया है या नहीं। ग्राम पंचायत ददेवरा में एमडीएम शेड निर्माण के नाम पर लगभग 3.85 लाख रुपये के भुगतान का मामला जांच का विषय बन गया है। अब कार्रवाई का इंतजार, या फिर फाइलों में ही दबकर रह जाएगा मामला? क्या मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदारी तय की जाएगी, या फिर यह भी अन्य प्रकरणों की तरह सरकारी फाइलों तक सिमटकर रह जाएगा।

ऑपरेशन कवच 3.0 के तहत परिवहन विभाग की सघन चेकिंग, 5 बसें सीज और 6 का चालान



लखीमपुर खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। ए.आर.टी.ओ. शांति भूषण पांडे एवं प्रवर्तन अधिकारी डॉ कौशलेंद्र प्रताप द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कवच 3.0 के अंतर्गत एआरटीओ लखीमपुर खीरी द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान खीरी, कफारा, हैदराबाद सहित विभिन्न थाना क्षेत्रों में वाहनों की जांच की गई। इस दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 5 बसों को सीज किया गया तथा 6 बसों का चालान किया गया। परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा बस / स्लीपर बसों में यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने एवम् इन्हें मानकों को पूरा करने के साथ साथ बस बॉडी कोड की सघन जांच एवं यातायात नियमों का पालन कराने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। विभाग ने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

डीसीएम से की गई चोरी की बैटरी समेत अभियुक्त गिरफ्तार

शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना रोजा पुलिस टीम ने डीसीएम से चोरी की गई बैटरी समेत एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। बृहस्पतिवार को थाना रोजा पुलिस को तहरीर दी गई कि उसकी डीसीएम रिलाइन्स पेट्रोप पम्प के पास खड़ी थी। वहां से किसी ने उसकी डीसीएम से बैटरी चोरी कर ली है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। आज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मोहल्ला निवाजपुर स्थित रेलवे ग्राउण्ड के पास से एक युवक को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस टीम ने डीसीएम से चोरी की गई बैटरी भी बरामद की। पकड़ा गया अभियुक्त थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मेहमान शाह का रहने वाला अमन खान पुत्र एहसन खान है। पुलिस ने अभियुक्त अमन खान के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में रोजा थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्रा के साथ उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार, हेड कांस्टेबल आशाराम, कांस्टेबल कपिल कुमार मौजूद रहे।

नियमित शिक्षकों की नियुक्ति के बाद ही शुरू होंगे नए सेल्फ फाइनेंस कोर्स

❐ कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में अकादमिक परिषद की बैठक में निर्णय- पांच छात्रावासों में प्राथमिकता पर होंगे मरम्मत और पुनर्निर्माण के कार्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में नए सेल्फ फाइनेंस पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए नियमित शिक्षकों की उपलब्धता अनिवार्य होगी। विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए नियमित शिक्षकों की नियुक्ति जरूरी है। पार्ट टाइम या अतिथि शिक्षकों के सहारे पठन-पाठन की गुणवत्ता को अपेक्षित स्तर पर बनाए रखना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। शुक्रवार को नॉर्थ हॉल में कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई अकादमिक परिषद की बैठक में नए पाठ्यक्रम शुरू करने के प्रस्ताव पर चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया।

बैठक में कुलसचिव प्रो. आशीष खरे सहित उपस्थित सदस्यों ने कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव को दूसरे कार्यकाल के लिए बधाई दी। सदस्यों ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रगति को नई दिशा मिलेगी। बैठक में नए सेल्फ फाइनेंस पाठ्यक्रम शुरू करने सहित विभिन्न शैक्षणिक विषयों पर चर्चा हुई।

कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में शुक्रवार को नॉर्थ हॉल में छात्रावासों के वार्डन और अधीक्षकों के साथ भी बैठक हुई। इसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न छात्रावासों की स्थिति की समीक्षा की गई। कुलपति ने निर्देश दिया कि छात्रावासों की मरम्मत, पुनर्निर्माण और जरूरी सुविधाओं से जुड़े कार्य प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र शुरू किए जाएं।पहले चरण में पुरुष छात्रावासों में जीएन झा छात्रावास, ताराचंद छात्रावास और डायमंड जुबली छात्रावास तथा महिला छात्रावासों में प्रियदर्शिनी छात्रावास और सरोजिनी नायडू छात्रावास में मरम्मत, पुनर्निर्माण और रखरखाव के कार्य कराए जाएंगे।

कुलपति ने सभी वार्डन और अधीक्षकों को निर्देश दिया कि छात्रावासों में जहां भी जरूरत हो, वहां भवन संबंधी कार्य, बिजली व्यवस्था, सीवेज लाइन, वाई-फाई और अन्य जरूरी सुविधाओं के लिए प्रस्ताव तैयार किए जाएं। इन कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास किया जाए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन इन कार्यों के लिए आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराएगा। कुलपति ने सभी कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने पर जोर दिया, ताकि छात्रावासों में रहने वाले विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें और उन्हें पढ़ाई के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध हो। विश्वविद्यालय प्रशासन का उद्देश्य छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास के लिए बेहतर शैक्षणिक और आवासीय माहौल तैयार करना है।

शिक्षक स्नातक एमएलसी चुनाव की बैठक संपन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बेहजम खीरी। शुक्रवार को शिक्षक/स्नातक एमएलसी चुनाव राजरानी माता शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज बेहजम के प्रांगण में बैठक का आयोजन किया गया।जिसकी मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ,विशिष्ट अतिथि सौरभ सिंह सोनू,अरविंद गुप्ता जिला अध्यक्ष भाजपा कार्यक्रम संयोजक बेहजम ब्लाक प्रमुख बीना राज रही।

भारतीय जनता पार्टी समर्थित प्रत्याशी स्नातक इं अवनीश कुमार सिंह, शिक्षक प्रत्याशी उमेश द्विवेदी के समर्थन में मुख्य अतिथि ने मतदान करने की अपील करते हुए दोनों प्रत्याशियों को विजई बनाकर सदन में भेजने की अपील की इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य राम शंकर राज, प्रधान मुन्ना राज कॉलेज के प्रधानाचार्य आलोक सैनी प्रबंधक उमेश गुप्ता, एबीपी अध्यक्ष मुनेंद्र सिंह, सहित क्षेत्र के दोनों प्रत्याशियों के मतदाता उपस्थित रहे कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम् के साथ किया गया।

गोवंशों की मौत के मामले में दो पशु चिकित्साधिकारी निलंबित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ अपर मुख्य सचिव ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी बदायूं (सीवीओ) डॉ. प्रेम सिंह के खिलाफ विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कराई है

बदायूं। ब्लॉक म्याऊं के अभिगांव की गोशाला और सलारपुर ब्लॉक के ब्यौर की गोशाला गोवंशों की मौत होने के मामले में डीएम अवनीश की ओर से भेजी गई जांच आख्या पर शासन ने बड़ी कार्रवाई की है। पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश कुमार मेश्राम ने बृहस्पतिवार को म्याऊं के पशु चिकित्साधिकारी डॉ. ज्ञानवीर सिंह और सलारपुर के पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सुमित कुमार साहू को निलंबित कर दिया। साथ ही म्याऊं के बीडीओ राकेश कुमार निराला और सालारपुर के बीडीओ नितिन कुमार के खिलाफ निलंबित व अनुशासनिक कार्रवाई की संस्तुति करते हुए प्रमुख सचिव ग्राम विकास विभाग को चिट्ठी लिखी है।

अपर मुख्य सचिव ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी बदायूं (सीवीओ) डॉ. प्रेम सिंह के खिलाफ विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कराई है। पशुपालन विभाग के बरेली मंडल के अपर निदेशक ग्रेड-2 डॉ. एमपी सिंह को भी दोषी मानते हुए 15 दिन के भीतर पशुपालन विभाग के निदेशक, प्रशासन एवं विकास को स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि लगातार बारिश के बाद 27 सितंबर को अभिगांव और ब्यौर की गोशालाओं में बड़ी संख्या में गोवंशों की मौत हो गई थी। मामला शासन तक पहुंचने के बाद डीएम अवनीश राय ने जांच कराई और तत्काल दोनों ग्राम पंचायतों के सचिवों को निलंबित करने के बाद दोनों चिकित्साधिकारियों को निलंबित करने और सीवीओ के विरुद्ध विभागीय जांच शुरू कराने की संस्तुति करते हुए रिपोर्ट अपर मुख्य सचिव को भेजी थी। सीवीओ डॉ. प्रेम सिंह को दानवीर जन कल्याण सेवा समिति का एमओयू निरस्त करने की स्पष्ट संस्तुति करने के बावजूद डीएम को संबंधित पत्रावली उपलब्ध नहीं कराने में लापरवाह माना है। इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। गो आश्रय स्थलों और संरक्षित गोवंशों की देखभाल पर उच्च स्तर से बार-बार निर्देश देने के बावजूद अपेक्षित ध्यान नहीं दिया। अपर मुख्य सचिव की ओर से दोनों बीडीओ के विरुद्ध निलंबन की गई संस्तुति रिपोर्ट में बताया गया है कि दोनों अधिकारियों को कई बार निर्देश दिए, लेकिन आवश्यक व्यवस्थाओं पर ध्यान नहीं दिया। 27 सितंबर को अभिगांव गोशाला में 20 गोवंशों की मौत हुई। यहां क्षमता 100 गोवंशों की थी, जबकि 428 गोवंश संरक्षित थे। बारिश का रेड अलर्ट जारी होने के बावजूद अतिरिक्त या अस्थायी शेड तक की व्यवस्था नहीं कराई थी। इसी तरह ब्यौर गोशाला में भी क्षमता से अधिक गोवंश संरक्षित थे। 100 गोवंशों की क्षमता के सापेक्ष 223 गोवंश रखे गए थे। यहां पर 14 गोवंशों की मौत हुई थी।

डीएम की अध्यक्षता में तहसील सदर में होगा संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी कार्यालय से प्राप्त सूचना के अनुसार 17 अक्टूबर 2026 शनिवार को जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में प्रातः 10:00 बजे से तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे व आमजन की शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराया जाएगा।

अलापुर में दिल्ली पुलिस की बड़ी कार्रवाई, कथित तौर पर 550 ग्राम हेरोइन और 10 लाख रुपये नकद बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ वार्ड नंबर 5 के नन्हे नगला मोहल्ले में सुबह हुई कार्रवाई, अजर नाम के युवक को हिरासत में लेकर अपने साथ ले गई दिल्ली पुलिस

बदायूँ। थाना अलापुर क्षेत्र के कस्बा अलापुर कस्बे के वार्ड नंबर 5 स्थित मोहल्ला नन्हे नगला में दिल्ली पुलिस ने एक घर पर कार्रवाई की। स्थानीय स्तर पर मिली जानकारी के अनुसार, इस कार्रवाई के दौरान अजर नाम के एक युवक को गिरफ्तार किया गया। पुलिस की कार्रवाई में कथित तौर पर करीब 550 ग्राम हेरोइन और 10 लाख रुपये नकद बरामद होने की बात सामने आई है। वहीं बताया जा रहा है कि दिल्ली पुलिस ने ककराला रोड स्थित एक मकान में सुबह कार्रवाई शुरू की। पुलिस टीम ने कई घंटे तक मौके पर कार्रवाई की और इसके बाद युवक को अपने साथ लेकर रवाना हो गई। इस घटना के बाद कस्बे में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

वहीं मिली जानकारी के मुताबिक, दिल्ली पुलिस की टीम ने वार्ड नंबर 5 के मोहल्ला नन्हे नगला में स्थित एक घर पर छापेमारी की। बताया जा रहा है कि कार्रवाई कई घंटे तक चली। इस दौरान पुलिस ने तलाशी ली और कथित तौर पर मादक पदार्थ तथा नकदी बरामद की। वहीं स्थानीय जानकारी में बरामद हेरोइन की मात्रा करीब 550 ग्राम बताई जा रही है। वहीं, नकदी की रकम 10 लाख रुपये बताई गई है। हालांकि, बरामदगी की सही मात्रा, मादक पदार्थ की प्रकृति और उसकी अनुमानित कीमत की आधिकारिक पुष्टि संबंधित पुलिस अधिकारियों से होना अभी बाकी है। वहीं इस मामले में बरामद हेरोइन की कीमत करीब 9 से 10 करोड़ रुपये होने का दावा किया जा रहा है। हालांकि, इसकी कीमत की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मादक पदार्थ की वास्तविक कीमत उसकी शुद्धता, मात्रा और अन्य तथ्यों पर निर्भर करती है, बताया जा रहा है कि कार्रवाई पूरी होने के बाद दिल्ली पुलिस अजर नाम के युवक को अपने साथ ले गई। फिलहाल यह स्पष्ट होना बाकी है कि युवक के खिलाफ किस थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई किस स्तर पर पहुंची है। वहीं कस्बा अलापुर के वार्ड नंबर 5 स्थित मोहल्ला नन्हे नगला में हुई इस कार्रवाई को लेकर स्थानीय लोगों के बीच चर्चा है। मामले में दिल्ली पुलिस और संबंधित अधिकारियों की ओर से आधिकारिक बयान सामने आने के बाद ही बरामदगी, आरोपी की भूमिका और पूरे घटनाक्रम की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। हेरोइन की मात्रा, कीमत, नकदी की बरामदगी और गिरफ्तारी से संबंधित तथ्यों की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।

सेवा संकल्प अभियान का समापन आज

बदायूँ । सेवा संकल्प अभियान का आज 17 अक्टूबर 2026 को समापन होगा। कार्यक्रम डायट स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित होगा, जिसमें विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा ग्राम प्रधानों, सरपंचों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया जाएगा। बता दें कि सेवा संकल्प अभियान 17 अक्टूबर से प्रारंभ हुआ था। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों द्वारा वंदेमातरम् का सामूहिक गायन कर वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लिया जाएगा। कार्यक्रम में सरपंचों से सांसद तक लगभग 10 जनप्रतिनिधियों के अनुभव साझा किए जाएंगे, जिनमें महिला एवं युवा सरपंचों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को भी सम्मानित किया जाएगा।

छह माह में ही तहसीलदार सुरेंद्र कुमार का तबादला, सोहन पाल सिंह ने संभाला कार्यभार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसौली। मात्र छह माह के कार्यकाल के बाद बिसौली के तहसीलदार सुरेंद्र कुमार का स्थानांतरण बिल्सी कर दिया गया है। उनके स्थान पर शामली जनपद निवासी एवं बिल्सी में न्यायिक तहसीलदार के पद पर तैनात सोहन पाल सिंह को बिसौली का प्रशासनिक तहसीलदार नियुक्त किया गया है। वहीं, सुरेंद्र कुमार को बिल्सी के साथ सहसवान के न्यायिक तहसीलदार की अतिरिक्त जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। सुरेंद्र कुमार के अचानक हुए स्थानांतरण को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। कुछ लोग इसे सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया बता रहे हैं, जबकि कुछ इसे हुसैनपुर स्थित एक शीतगृह के चकरोड संबंधी मामले और यदु शुगर मिल के गन्ना भुगतान से जुड़े प्रकरणों में उनकी सुस्त कार्यशैली से जोड़कर देख रहे हैं। वहीं, कुछ लोगों के बीच उनके कथित टालमटोल रवैये को लेकर भी चर्चाएं हैं। हालांकि, इन चर्चाओं की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। स्थानांतरण जिलाधिकारी के आदेश पर किया गया है, लेकिन स्थानीय स्तर पर इसे लेकर चर्चाओं का दौर जारी है। कुछ लोगों का मानना है कि इस फ़ेरबदल में उपजिलाधिकारी बिसौली की भी विशेष रुचि रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोनों अधिकारियों की तैनाती में बदलाव 12 अक्टूबर को ही सुनिश्चित हो गया था। गुरुवार को दोनों अधिकारियों ने अपने-अपने नए कार्यक्षेत्र में पहुंचकर जिम्मेदारी संभाल ली।

28 अक्टूबर को युवा उत्सव, पांच विधाओं में प्रतिभा दिखाएंगे युवा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ जिलाधिकारी की स्वीकृति के क्रम में आयोजित होने वाले इस उत्सव में युवा अपनी कला, रचनात्मकता और सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंग

बदायूँ। युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वावधान में वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंतर्गत विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग-2027 के कल्चरल ट्रैक (राष्ट्रीय युवा उत्सव) के तहत जनपद स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 28 अक्टूबर 2026 को प्रातः 9 बजे से ऑडिटोरियम, डायट परिसर के हॉल में किया जाएगा।

जिलाधिकारी की स्वीकृति के क्रम में आयोजित होने वाले इस उत्सव में युवा अपनी कला, रचनात्मकता और सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे। जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी हरिप्रेम ने बताया कि युवा उत्सव में लोकनृत्य (समूह), लोकगीत (समूह), नुक्कड़ नाटक (समूह), चित्रकला एवं कविता लेखन की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा प्रतिभाग कर सकेंगे। आयु की गणना 26 अगस्त 2026 के आधार पर की जाएगी। प्रतिभागी का जनपद बदायूँ का निवासी होना अथवा जनपद में अध्ययनरत होना अनिवार्य है।

लोकनृत्य, लोकगीत एवं नुक्कड़ नाटक की समूह विधाओं में एक दल में अधिकतम 10 प्रतिभागी शामिल हो सकेंगे। लोकनृत्य एवं लोकगीत में अधिकतम तीन संगतकर्ता भी शामिल किए जा सकते हैं, जिनकी आयु 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। संगतकर्ताओं सहित दल के कुल सदस्यों की संख्या 10 से अधिक नहीं होगी। प्रत्येक प्रतिभागी केवल एक ही विधा में भाग ले सकेगा। उन्होंने बताया कि लोकनृत्य, लोकगीत एवं नुक्कड़ नाटक में भाग लेने वाले कलाकारों को अपने वाद्य यंत्र एवं वेशभूषा स्वयं लानी होगी। प्रतियोगिता में फिल्मी गीतों का कार्यक्रम शामिल नहीं किया जाएगा। प्रत्येक विधा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। वहीं, प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विजेता प्रतिभागियों को मंडल स्तरीय युवा उत्सव में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा। जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी ने इच्छुक युवाओं से युवा उत्सव में प्रतिभाग करने की अपील की है। कार्यक्रम से संबंधित जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9870811435 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त किसी भी कार्य दिवस में विकास भवन स्थित कार्यालय कक्ष संख्या 321 में संपर्क कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।


वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिए आज 17, 24 को होगा विशेष कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। उत्तर प्रदेश विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची में एक जनवरी 2027 की अर्हता के आधार पर फोटोयुक्त वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिए आज 17 अक्टूबर से विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम जनपद में चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत 17 एवं 24 अक्टूबर को विशेष कार्यक्रम 2778 मतदेय स्थलों पर आयोजित होगा। सभी बीएलओ बूथों पर उपस्थित रहकर नाम जुड़वाने के लिए सहयोग करेंगे। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अवनीश राय ने सम्बंधित अधिकारियों सहित राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर निर्वाचन आयोग की मंशा से अवगत कराया। मतदेय स्थलों का संभाजन और पुनर्गठन 02 नवंबर 2026 तक पूरा किया जाएगा। इसके बाद 12 नवंबर 2026 को एकीकृत निर्वाचक नामावलियों का प्रारूप प्रकाशित होगा। इसके बाद मतदाता सूची से संबंधित दावे और आपत्तियां 12 नवंबर से 11 दिसंबर 2026 तक प्राप्त की जाएंगी। प्राप्त दावों और आपत्तियों का निस्तारण 28 दिसंबर 2026 तक किया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची 04 जनवरी 2027 को प्रकाशित होगी। डीएम ने बैठक में उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे विशेष पंजीकरण अभियान का अपने स्तर से भी व्यापक प्रचार-प्रसार करें, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 से पहले मतदाता सूची को अद्यतन करने के लिए इस अभियान को महत्वपूर्ण बताया गया।

किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू ने मुख्यमंत्री को भेजा मांग पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ने किसानों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को मांगपत्र भेजकर उनके समाधान की मांग की है। संगठन के जिलाध्यक्ष हरीश उर्फ चुन्नू सिंह ने मांगपत्र में कहा है कि प्रदेश के किसान बढ़ती लागत, फसलों का उचित मूल्य नहीं मिलने और कृषि संबंधी समस्याओं से जूझ रहे हैं। ऐसे में किसानों को राहत देने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए।

मांगपत्र में गेहूं का समर्थन मूल्य बढ़ाने, असमय बारिश से धान, उड़द, मूंग सहित अन्य फसलों को हुए नुकसान का आकलन कर प्रभावित किसानों को मुआवजा देने तथा आलू किसानों को राहत देने की मांग की गई है। इसके साथ ही आलू के बीज की कीमत नियंत्रित करने, उद्यान विभाग के माध्यम से उचित दर पर बीज उपलब्ध कराने और कोल्ड स्टोर में आलू रखने वाले किसानों को राहत देने की बात कही गई है।

संगठन ने सरकार से किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए मांगों पर शीघ्र कार्रवाई करने की अपील की है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि खेती की लागत लगातार बढ़ रही है, जबकि किसानों को उपज का उचित मूल्य मिलने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान जरूरी है।

चोरी के 04 बंडल बिजली के तार समेत एक गिरफ्तार

शाहजहांपुर। थाना तिलहर पुलिस टीम ने चोरी 04 बंडल बिजली के तार समेत एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। बीती 09 सितम्बर को थाना तिलहर में विघुत केन्द्र जमौर पर आने वाली 33 केवी लाइन का तार काटकर चोरी करने, तार को बोलेरो पिकअप में भरकर ले जाने और 10 बिजली के पोल क्षतिग्रस्त करने आदि की अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस विवेचना में जनपद बरेली के थाना बिथरी चैनपुर क्षेत्र के गांव खजुरिया ब्राहमनान निवासी अरविन्द पुत्र वीरपाल का नाम प्रकाश में आया। इसी क्रम में बीती रात तिलहर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम गुलामखेडा से हकीमपुर जाने वाले रास्ते की पुलिया के पास से चोरी के 04 बंडल बिजली के तार सहित अभियुक्त अरविन्द को गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त अरविन्द के खिलाफ आवश्यक विविध कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया।

हाईकोर्ट ने ग्राम प्रधान सुदामा देवी को हटाने का आदेश किया निरस्त

❐ 1.61 लाख रुपये की वसूली पर भी रोक, जवाब पर विचार कर नया आदेश देने का निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



संग्रामपुर, अमेठी। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने ग्राम प्रधान/प्रशासक सुदामा देवी को पद से हटाने और उनसे 1,61,198 रुपये की वसूली के आदेश को निरस्त कर दिया है। न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की एकल पीठ ने सात अक्टूबर 2026 को यह फैसला सुनाते हुए जिलाधिकारी अमेठी को उनके जवाब पर विचार कर कानून के अनुसार नया आदेश पारित करने का निर्देश दिया।

मामले में जिलाधिकारी ने 19 सितंबर 2026 को कथित अनियमितताओं और सरकारी धन के दुरुपयोग के आरोप में सुदामा देवी को पद से हटाने के साथ वसूली का आदेश दिया था। इसके खिलाफ उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गई कि कार्रवाई में निर्धारित कानूनी प्रक्रिया का पालन नहीं हुआ। सुनवाई में सामने आया कि सुदामा देवी ने नौ सितंबर को अपना जवाब जिलाधिकारी कार्यालय में जमा कर दिया था, लेकिन 19 सितंबर को आदेश पारित करते समय उस पर विचार नहीं किया गया। हाईकोर्ट ने इसे अनुचित मानते हुए आदेश निरस्त कर दिया। अदालत ने निर्देश दिया कि फैसले की प्रति प्रस्तुत होने के चार सप्ताह के भीतर प्राथमिकता के आधार पर उनके जवाब पर विचार कर नया आदेश पारित किया जाए।

शिव विद्या मंदिर में बालिकाओं का पूजन कर कराया भोजन



संग्रामपुर, अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। नवरात्र के छठे दिन संग्रामपुर क्षेत्र के जरौटा स्थित शिव विद्या मंदिर में शिक्षकों ने बालिकाओं का पूजन-अर्चन किया। इसके बाद उन्हें हलुआ और चना खिलाकर नवरात्र की परंपरा निभाई गई। प्रधानाचार्या ने कहा कि माता रानी की कृपा हमेशा विद्यालय परिवार और बच्चों पर बनी रहे। उन्होंने सभी के सुख-समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर शिक्षिका विमला, मनीषा और नेहा सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

शक्तिपीठों में मत्था टेकने के बाद कार्यालय उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचे राघवेंद्र सिंह




अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। श्री राघवेंद्र प्रताप सिंह (राघवेंद्र सरकार) ने मां कालिका देवी धाम, अमेठी सहित विभिन्न शक्तिपीठों में दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने मां कालिका देवी धाम, देवीपाटन माता, मवई धाम, दुर्गन भवानी रागीपुर, मां हिंगलाज देवी मुसाफिरखाना और अहरवन भवानी तिलोई में दर्शन किए। इसके बाद सलोन विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न शक्तिपीठों में भी पहुंचकर पूजा-अर्चना की। धार्मिक स्थलों के दर्शन के बाद राघवेंद्र प्रताप सिंह ने 181 विधानसभा क्षेत्र सलोन में राजरेखा सागर के जनसंपर्क कार्यालय का मुख्य अतिथि के रूप में उद्घाटन किया। इस दौरान क्षेत्रीय जनसंपर्क और लोगों से संवाद को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। राघवेंद्र प्रताप सिंह उत्तर प्रदेश सरकार के श्रम कल्याण बोर्ड के सदस्य और भारत सरकार के रेलवे बोर्ड के सदस्य हैं। उन्होंने मां के चरणों में क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना की।

आठ सौ करोड़ की ठगी के आरोप में शशिकांत व सूर्यकांत की जमानत अर्जी फिर निरस्त

बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता। अमर ज्योति कंपनी लिमिटेड सहित पांच चिटफंड कंपनियां खोलकर रकम दोगुनी करने का झांसा देकर लोगों से निवेश कराकर करोड़ों रुपये की ठगी करने के मामले में जिला जज विवेक संगल की कोर्ट से अभियुक्त सगे भाई शशिकांत मौर्य और सूर्यकांत मौर्य की जमानत अर्जी फिर निरस्त हो गई। कोर्ट ने अभियुक्तगणों के अपराध को गंभीर प्रकृति माना है। अभियोजन के अनुसार, आशु बंसल ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि उनका परिवार मोहल्ला न्यू आदर्श कॉलोनी में रहता है। परिवार में शशिकांत मौर्य और उनकी पत्नी अर्चना देवी का आना-जाना था। पारिवारिक संबंध पूर्व से थे। परिजनों के संबंधों का हवाला देकर शशिकांत, उसकी पत्नी अर्चना, भाई सूर्यकांत और पुत्र विशु कांत मौर्य ने कहा कि फाइनेंस कंपनी में पैसा जमा कर दो, अच्छा रिटर्न देंगे। विश्वास करते हुए 4 जून 2020 से लेकर 2022 तक करीब 30 लाख रुपये जमा कर दिए। इन लोगों ने एफडीआर दी। बाद में संज्ञान में आया कि शशिकांत और उसका परिवार कंपनी बंद कर चला गया है। इन लोगों ने मुझ जैसे अन्य लोगों के भी रुपये हड़पने के इरादे से कंपनी बंद की थी। पुलिस ने चारों के अलावा मैनेजर एसपी सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया था। विवेचना के दौरान भी तीन धाराएं बढ़ाई गई थीं। पुलिस की केस डायरी के पर्चा संख्या सात में बताया गया है कि विवेचना के बाद अभियुक्त शशिकांत और सूर्यकांत की गिरफ्तारी होने पर इनकी निशानदेही पर कंपनी के कार्यालय से एक लैपटॉप, की-बोर्ड, माउस, एक कैश काउंटिंग मशीन, एक प्रिंटर, ग्राहकों की 167 पासबुक बरामद की गई थीं। दोनों अभियुक्त कंपनी के माध्यम से लोगों को झांसे में लेकर उनका पैसा कंपनी में लगवाते थे। जिला जज की कोर्ट में सुनवाई के दौरान जिला शासकीय अधिवक्ता ने अभियुक्तों की जमानत अर्जी का कड़ा विरोध किया और कई साक्ष्य भी प्रस्तुत किए थे। बता दें कि दोनों अभियुक्तों की पिछले महीने 8 सितंबर को लखनऊ से आशु बंसल की ओर से दर्ज केस में गिरफ्तारी की गई थी। दोनों पर बदायूं में पांच और बरेली में चार केस दर्ज हैं। अभियुक्तों पर बदायूं, बरेली, पीलीभीत सहित अन्य शहरों के लोगों से करीब आठ सौ करोड़ रुपये की ठगी करने का आरोप है।

नेत्र शिविर में 225 मरीजों की ओपीडी 18 में मिले मोतियाबिंद के लक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। संग्रामपुर ब्लॉक के भावलपुर मौहरिया में शुक्रवार को सती महारानी जनकल्याण समिति के तत्वावधान में अमेठी आई हॉस्पिटल के सहयोग से विशाल नेत्र शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 225 मरीजों की ओपीडी कर उन्हें चिकित्सकीय परामर्श एवं प्राथमिक उपचार दिया गया। वहीं, 18 मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण मिलने पर उन्हें ऑपरेशन के लिए अमेठी आई हॉस्पिटल भेजा गया।

इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष एवं अमेठी की पूर्व विधायक महारानी गरिमा सिंह के पुत्र अनंत विक्रम सिंह और उनकी पत्नी शांभवी सिंह मौजूद रहे। अनंत विक्रम सिंह ने कहा कि अमेठी से उनका आत्मीय रिश्ता है और समिति के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यों को गांव-गांव तक पहुंचाने का प्रयास जारी रहेगा। शांभवी सिंह ने कहा कि जरूरतमंदों को समय पर उपचार उपलब्ध कराना ही जनसेवा की सच्ची सार्थकता है। शिविर के साथ आवास, पेंशन, बिजली सहित अन्य बुनियादी समस्याओं के समाधान के लिए जनसमस्या गोष्ठी भी आयोजित की गई। समिति की ओर से बताया गया कि क्षेत्र की विभिन्न न्याय पंचायतों में भी ऐसे शिविर लगाकर लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

फ़ेस, आइरिस स्कैन के बाद परीक्षार्थी कर सकेंगे प्रवेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ डीएम ने कहा कि परीक्षा में किसी भी कोताही को नहीं किया जाएगा बर्दाश्त

बदायूँ। जिलाधिकारी ने उत्तर प्रदेश अधिनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा कराई जा रही प्रारंभिक पात्रता परीक्षा (पैट) को सकुशल निर्विघ्न, निष्पक्षतापूर्ण एवं सुचितापूर्वक सम्पन्न कराने के कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा कराने में किसी भी प्रकार की लापरवाही को क्षम्य नहीं किया जाएगा। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में जिलाधिकारी अवनीश राय ने प्रारंभिक पात्रता परीक्षा (पैट) की तैयारियों की केन्द्र व्यवस्थापक, जोनल, सैक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट के साथ गहन समीक्षा बैठक आयोजित की।

उन्होंने निर्देश दिए कि परीक्षा आयोजन में लगे सभी अधिकारी आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए परीक्षा को सम्पन्न कराएं। पैट परीक्षा 25, 30 अक्टूबर तथा 01 नवम्बर को दो पालियों में सम्पन्न होगी। प्रथम पाली प्रातः 10 बजे से मध्यान्ह 12 बजे तक द्वितीय पाली अपरान्ह 03 बजे से सांय 05 बजे तक आयोजित होगी। जनपद में 24 परीक्षा केन्द्रों पर 58896 परीक्षार्थी पैट परीक्षा हेतु पंजीकृत हैं। डीएम ने कहा कि कोई भी परीक्षार्थी फ़ेस एवं आइरिस स्कैन कराए बिना परीक्षा केन्द्र के अन्दर नहीं जाने दिया जाएगा। परीक्षा केन्द्र में ड्यूटी करने वाले समस्त स्टाफ से नो रिलेशन का प्रमाण-पत्र भी प्राप्त किया जाए कि इस केन्द्र में उनका रिलेशन किसी परीक्षार्थी से नहीं है। परीक्षा केन्द्रों की सीसीटीवी से गहन निगरानी कराई जाएगी। डीएम ने निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केन्द्रों में प्रकाश, पंखा, सफाई, महिला-पुरुष के अलग-अलग शौचालय तथा शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। परीक्षा केन्द्र में कोई भी परीक्षार्थी मोबाइल फोन, टैबलेट, पेनड्राइव, हार्ड डिस्क, डेटाकार्ड, कैल्कुलेटर, ब्लूटूथ डिवाइस, इयरफोन, कलाई घड़ी, एटीएम कार्ड आदि सहित अन्य किसी प्रकार का इलैक्ट्रॉनिक उपकरण नहीं ले जा सकेगा। सहायक परिवहन अधिकारी राज्य सड़क परिवहन निगम बसों के परिचालन की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। डीएम ने स्टेशन मास्टर रेलवे को भी निर्देश दिए कि टेम्पुनों के आने-जाने के सम्बंध में निरन्तर घोषणा कराने की व्यवस्था करेंगे। कोई भी अभ्यर्थी टेम्पुन की छत पर चढ़कर यात्रा न करे, यह भी सुनिश्चित करेंगे। डीएम ने परीक्षा केंद्रों के आसपास एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र के बाहर पर्याप्त पुलिस बल लगाया जाएगा। इस अवसर अपर जिलाधिकारी मान्वेन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अंजुम बी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

समरेर के सिसईया गुसाई में 18 अक्टूबर से दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण

बदायूँ , कैनविज टाइम्स संवाददाता। राजकीय फल संरक्षण एंव प्रशिक्षण केन्द्र के प्रभारी नवीन चन्द्र आर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि राजकीय फल संरक्षण एंव प्रशिक्षण केन्द्र बदायूँ द्वारा मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजनान्तर्गत ग्राम-सिसईया गुसाई न्याय पंचायत-सिसईया गुसाई विकासखण्ड-समरेर में 18 से 19 अक्टूबर 2026 तक दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

तीन दिवसीय 38वीं प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आगाज

मुरादाबाद, कैनविज टाइम्स संवाददाता। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबंध भारतीय शिक्षा समिति पश्चिमी उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित कृष्ण बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मंगूपुरा में शुक्रवार को मेरठ प्रांत के 38वें खेलकूद समारोह का भव्य आयोजन प्रारंभ हुआ। यह प्रतियोगिता 16 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक चलेगी जिसमें भारतीय शिक्षा समिति पश्चिमी उत्तर प्रदेश से संबंध लगभग 77 विद्यालयों की छात्राएं साथ विभागों के भैया बहन विभिन्न एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में अपना प्रदर्शन करेंगे। उद्घाटन सत्र में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में नगर विधायक रितेश गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ शेफाली सिंह चौहान, विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह, मुख्य वक्ता के रूप में मेरठ प्रांत के प्रांतीय संगठन मंत्री प्रदीप गुप्ता भारतीय शिक्षा समिति के प्रदेश निरीक्षक विशोक कुमार, संभाग निरीक्षक उपेंद्र शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय शिक्षा मंत्री भारतीय शिक्षा समिति के सह मंत्री अक्षय अग्रवाल जवं अन्य मान्य प्रबंध समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

छात्रा पिंकी कुमारी बनी थाना प्रभारी, इंस्पेक्टर की कुर्सी पर बैठते ही की जन सुनवाई



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले में मिशन शक्ति के तहत तरबगंज थाना में गुरुवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्रा पिंकी कुमारी को एक दिन का थाना प्रभारी बनाया गया। इंस्पेक्टर की कुर्सी पर ही पिंकी ने शिकायतें सुनीं।अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी नितेश सिंह व सीओ उमेश्वर प्रभात सिंह के निर्देशन में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ,मिशन शक्ति व एंटी रोमियो टीम ने छात्राओं को महिला सुरक्षा,साइबर अपराध से बचाव व हेल्पलाइन 10 90,1076, 112 व 1930 के बारे में जानकारी दी बाद में पिंकी कुमारी को थाना प्रभारी की कुर्सी प र बैठाकर जनशिकायतों की सुनवाई कराई गई। इस दौरान विद्यालय की वार्डन आशा पांडेय मौजू द रहीं। प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक समेत अन्य कर्मी मौजूद रहे।

छात्राओं को सिखाए सुरक्षा, स्वावलंबन के गुर

करनैलगंज में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। एंटी रोमियो और मिशन शक्ति टीम ने बालिकाओं को सुरक्षा,सम्मान और आत्मनिर्भरता से जुड़े वि भिन्न पहलुओं की जानकारी दी।साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ रक्षित टंडन के माध्यम से विद्यार्थियों को ऑनलाइन धोखाधड़ी,साइबर बुलिंग,फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल और व्यक्तिगत डेटा साझा करने से जुड़े खतरों से सचेत करते हुए डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के तरीके समझाए गए।इस मौके पर उप निरीक्षक दीन बंधु राय, कांस्टेबल अभय मिश्रा, गौरव सिंह, रवि प्रकाश, महिला कांस्टेबल मोनी सिंह और महिला आरक्षी आशी मिश्रा सहित विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

छात्राओं को साइबर सुरक्षा की दी जानकारी

शारदीय नवरात्र के अवसर पर गुरुवार को स्थानी य पुलिस द्वारा एक निजी इंटर कालेज में मिशन शक्ति अभियान के तहत करियर गाइडेंस एवं सा इबर सुरक्षा कार्यशाला आयोजित की।इसमें छात्र-छात्राओं को मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना से जुड़ने और महिला सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी गई। थाना प्रभारी कृष्ण गोपाल राय के नेतृत्व में आयो जित कार्यक्रम में विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जा नकारी देकर जागरूक किया गया।

हलधरमऊ में जी - रामजी योजना में खेल, लक्ष्य धड़ाम, 5780 मजदूरों को रोजगार देने का लक्ष्य



12 अक्टूबर सोमवार को मौके पर कागज में 29 गाँवो में 573 श्रमिकों के काम करने का दावा !

13 अक्टूबर मंगलवार को मौके पर कागज में 30 गाँवो में 745 श्रमिकों के काम करने का दावा !

14 अक्टूबर बुधवार को मौके पर कागज में 25 गाँवो में 600 श्रमिकों के काम करने का दावा !

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत सोमवार से अभियान को रफ्तार देने के लिए योजना बनाई ग ई थी।हलधरमऊ ब्लॉक में 5780 श्रमिकों क एक दिन में रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया था।लेकिन अभियान की जमीनी तस्वीर लक्ष्य से काफी दूर न जर आई,सोमवार से लेकर बुधवार तक सिर्फ तीन दिन में 1918 श्रमिकों के काम करने की जानका री सामने आई है,यही नहीं,चर्चा यह है कि सरकारी आंकड़ों में दर्ज मजदूरों की संख्या और मौके पर काम करने वालों की वास्तविक संख्या को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि जहां इक्का-दुक्का मजदूर काम कर रहे हैं, वहां कागजों पर अधिक संख्या दिखाई जा रही है।उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिकबांसगांव में चारस्थानों पर 48,असरना में दो स्थानों पर 7 और बरनाव में एक स्थान तीन मजदूरों के काम करने का दावा किया गया। बरव लिया कुर्मी में दो स्थान पर पांच श्रमिकों को लगा या गया है,बरबतपुर में एककार्य के लिए 6 श्रमिक इसी बटौरा बख्तावर सिंह में एक कार्य के लिए 6, बटौरा लोहागी में दो स्थान पर 6,भीरमपुर दो स्था नों पर 15, भुलभुलिया में दो स्थानों पर 24, इसी तरह चौरी में एक स्थान पर सात,धोबहाराय में दो स्थान पर 39,बीरपुर में चार स्थानों पर 53,उमरिया में एक स्थान पर 19,सोनवार में एक स्थान पर 2, सोनहरा में एक स्थान पर 9,सीकरी में एक स्था न पर 34, रोनवारी में दो स्थान पर 49, रारुवा में दो स्थान पर 11,परसा गोंडरी में 6 स्थान पर 33

इसी तरह पड़रिया में दो स्थान पर 47, मनकापुर में दो स्थान पर 6, मलौना में एक स्थान पर 30, मैजापुर में एक स्थान पर 2, मजदूरों का कार्य कर ने का दावा किया जा रहा है, ऐसे ही और गांव में भी कई स्थानों पर श्रमिकों को लगाए जाने का दा वा किया गया है।

लक्ष्य बड़ा, नतीजा बेहद कमजोर

5780, मजदूरों को रोजगार देने के लक्ष्य के मुका बले उपलब्ध आंकड़ों में करीब 573, मजदूरों के काम करने की बात सामने आई।ऐसे में सवाल है कि बाकी मजदूरों को रोजगार देने की व्यवस्था कहां रह गईं है.? क्या ग्राम पंचायतों में काम की पर्याप्त तैयारी नहीं थी या फिर निगरानी व्यवस्था ही कमजोर साबित हुई ? अभियान के आंकड़े है लक्ष्य और जमीनी क्रियान्वयन के बीच बड़े अंतर की ओर इशारा कर रहे हैं।सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि वीबी-जी रामजी योजना में मजदूरों की संख्या को लेकर फर्जीवाड़े के आरोप भी सामने आए हैं।कुछ स्थानों पर वास्तविक मजदूरों की सं ख्या कम होने के बावजूद अधिक मजदूर दर्शाए जा रहे हैं,वही खंड विकास अधिकारी हलधरमऊ से दूरभाष की संपर्क करने की कोशिश की गई तो उनका मोबाइल फोन नेटवर्क क्षेत्र से बाहर बताया और जानकारी नहीं मिल पाई है।

चोरी के मामले में दो गिरफ्तार जेवर और नकदी बरामद



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । कोतवाली नगर पुलिस ने चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कि या है।पुलिस ने उनके कब्जे से पीली और सफ़ेद धातु के आभूषण,एक धातु का गिलास,सिक्के औ र नकदी बरामद की है।दोनों आरोपियों को इंजीनि यरिंग कॉलेज के पीछे न्यू इंदिरा नगर कॉलोनी जा ने वाली कच्ची सड़क के किनारे से पकड़ा गया।पु लिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर दोनों को न्यायालय रवाना कर दिया।पुलिस के मुताबि क,गिरफ्तार आरोपियों की पहचान न्यू इंदिरा नगर कॉलोनी निवासी राशिद पुत्र सिद्दिक और छोटू उ र्फ सुल्तान पुत्र स्वर्गीय दीन मोहम्मद के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज है।

जेवर से लेकर नकदी तक बरामद

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से काले मोतियों में पिरोया हुआ एक मंगलसूत्र, पीली धातु के कान के झुमकों का एक जोड़ा, सफ़ेद धातु की एक जोड़ी पायल, पीली धातु का एक गिलास, 634 रुपये के सिक्के और 4,800 रुपये नकद बरामद किए हैं। इस तरह बरामद नकदी कुल 5,434 रुपये है, जि समें सिक्कों की रकम भी शामिल है।पुलिस अधी क्षक के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के खि लाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलि स अधीक्षक और क्षेत्राधिकारी नगर के निर्देशन में कोतवाली नगर पुलिस की टीम ने यह कार्रवाई की गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय भेज दिया गया है।

हादसे में जिंदगी बचाने का हुनर सीख रहे युवा, हादसे के बाद हर पल कीमती, जिंदगी बचाने की तैयारी में एनसीसी कैडेट



कैनविज टाइम्स संवाददाता

दुर्घटना के वक्त घबराहट छोड़कर सही मदद देने के लिए युवाओं को किया जा रहा जागरूक

गोंडा । जिले में सड़क हादसा हो या कोई दूसरी दुर्घ टना,घायल की जिंदगी बचाने में शुरुआती समय सबसे निर्णायक साबित हो सकता है।लेकिन हाद से के बाद घबराहट,जानकारी का अभाव और स मय पर प्राथमिक सहायता न मिलना कई बार स्थि ति को और गंभीर बना देता है।इसी चुनौती से निप टने के लिए गोंडा में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) ने युवाओं को तैयार करने की पहल की है,जिले के 33 विद्यालयों में संचालित एनसीसी के माध्यम से करीब तीन हजार छात्र-छात्राओं को आघात से नि पटने और आपात परिस्थितियों में जिम्मेदारी निभा ने के प्रति जागरूक किया जा रहा है।17 अक्टूबर को विश्व आघात दिवस के अवसर पर यह पहल दु र्घटनाओं से होने वाली मौतों और विकलांगता को रोकने में समय पर सहायता के महत्व को रेखां कि त करती है।हादसे के बाद का शुरुआती महत्वपूर्ण समय,जिसे 'गोल्डन आवर'कहा जाता है,घायल के लिए बेहद अहम होता है। इस दौरान सही तरीके से प्राथमिक सहायता और समय पर चिकित्सा सुविधा मिलने से जान बचाने की संभावना बढ़ सकती है।

हादसे के वक्त तमाशबीन नहीं, मददगार बनें युवा

सड़क दुर्घटनाओं, ऊंचाई से गिरने,जलने और अ न्य हादसों में घायल व्यक्ति को तत्काल मदद की जरूरत होती है।ऐसे समय में आसपास मौजूद लो गों की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है।दुर्घटना के बाद घबराने के बजाय समझदारी से काम लेना,आ पात चिकित्सा सहायता बुलाना और प्रशिक्षित त री के से प्राथमिक मदद देना स्थिति को संभालने में सहायक हो सकता है।एनसीसी की इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल अनुशासन और नेतृत्व का पाठ पढ़ाना नहीं,बल्कि उन्हें सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति संवेदनशील बनाना भी है। प्रशि क्षण और जागरूकता के जरिए कैडेटों को इस यो ग्य बनाने का प्रयास किया जा रहा है कि वे संकट की घड़ी में जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आ सकें।

33 विद्यालयों में तैयार हो रही मददगारों की फौज

जिले में एनसीसी की गतिविधियां एलबीएस डिग्री कॉलेज,शहीद आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉ लेज,श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज रेलवे कॉलो नी और पीएम- श्री राजकीय इंटर कॉलेज समेत 33 विद्यालयों में संचालित हैं।यहां जूनियर और सीनियर डिवीजन के करीब तीन हजार कैडेटों को आघात से निपटने के प्रति जागरूक किया जा रहा है।इस पहल का व्यापक उद्देश्य युवाओं को दुर्घट नाओं के प्रति सजग बनाना, प्राथमिक सहायता के महत्व को समझाना और जरूरत पड़ने पर जिम्मे दारी के साथ कदम उठाने के लिए प्रेरित करना है। साथ ही सड़क सुरक्षा नियमों के पालन, कार्यस्थल पर सावधानी और दुर्घटनाओं की रोकथाम के उपा यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर भी जोर है।

सही समय पर उठाया गया कदम बन सकता है जीवनदान

प्रधानाचार्य मेजर डॉ.राजेश द्विवेदी और एलबीएस डिग्री कॉलेज के एनसीसी प्रभारी डॉ.अमित कुमार शुक्ल ने कहा कि दुर्घटना के समय सही निर्णय और समय पर उठाया गया कदम किसी की जिंद गी बचाने की उम्मीद बन सकता है।एनसीसी की यह मुहिम युवाओं को अनुशासन,नेतृत्व और सा माजिक दायित्व के साथ आपात परिस्थितियों में मददगार बनने के लिए तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

सरकारी सफाई व्यवस्था की उड़ी धज्जियां, बाइक पर बैठकर सिगरेट पीता दिखा सफाईकर्मी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । गांवों को स्वच्छ रखने के लिए सरकार सर कारी कर्मचारियों पर धन खर्च कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर इस व्यवस्था की निगरानी कितनी प्रभावी है,इसका सवाल रुपईडीह ब्लॉक की ग्राम पंचायत फरेंदा शुक्ल के परसा गांव से सामने आए एक कथित वायरल वीडियो ने खड़ा कर दिया है। वीडियो में कथित तौर पर सफाईकर्मी मोटरसाइ किल पर बैठकर सिगरेट पीता दिखाई दे रहा है, जबकि नाली की सफाई का काम एक निजी व्य क्ति करता नजर आ रहा है।वीडियो सामने आने के बाद सफाई व्यवस्था और सरकारी धन के उपयोग को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

ड्यूटी सरकारी कर्मचारी की, सफाई निजी व्यक्ति के भरोसे !

आरोप है कि सफाईकर्मी खुद नाली की सफाई करने के बजाय दिहाड़ी पर एक निजी व्यक्ति को बुलाकर काम करवा रहा था। तो सवाल उठना ला जिमी है कि सफाईकर्मी की तैनाती और जिम्मेदा री का निर्वहन किस तरह हो रहा है ? सरकारी व्य वस्था में सफाईकर्मी की जिम्मेदारी गांव की सफा ई सुनिश्चित करना है। ऐसे में निर्धारित कार्य किसी दूसरे व्यक्ति से कराए जाने के आरोपों की जांच ज रूरी है।

विरोध करने पर विवाद की स्थिति बनने का आरोप

ग्रामीणों के अनुसार,गांव के एक युवक ने सफाई कर्मी की कार्यशैली पर विरोध जताया तो कथित तौर पर विवाद की स्थिति बनने लगी।इस घटनाक्र म ने मामले को और गंभीर बना दिया है जांच हुई तो खुल सकती है लापरवाही की परतें मामले में अब निगाहें संबंधित अधिकारियों पर टिकी हैं। वायरल वीडियो की सत्यता की जांच के साथ यह भी स्पष्ट किया जाना चाहिए कि संबंधित सफाई कर्मी की उस दिन ड्यूटी कहां और किस कार्य के लिए निर्धारित थी।यदि सरकारी कर्मचारी की लाप रवाही या नियमों के विपरीत किसी निजी व्यक्ति से काम कराने की पुष्टि होती है,तो जिम्मेदारी तय कर नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए।फिल हाल वायरल वीडियो की पुष्टि कैनविज टाइम्स न ही करता है।वहीं सफाई कर्मचारी की जानकारी एडीओ पंचायत से दूरभाष पर जानकारी लेने की कोशिश की गई तो तो जवाब नहीं मिला जानकारी नहीं मिल पाई है।

मोतीगंज में बेखौफ पेड़ो की कटान जिम्मेदारों की चुप्पी पर सवाल

हरे-भरे बागों पर आरा, वन माफिया सक्रिय पुलिस और वन विभाग एक-दूसरे पर डाल रहे जिम्मेदारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । मोतीगंज थाना क्षेत्र में हरे-भरे पेड़ों की कटा न थमने का नाम नहीं ले रही है।गांवों में आरा चल ने और बागों के उजड़ने की शिकायतों के बीच पु लिस और वन विभाग की कार्यशैली पर सवाल उ ठने लगे हैं।ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में कथि त रूप से वन माफिया सक्रिय हैं,लेकिन अवैध क टान पर प्रभावी रोक नहीं लग पा रही है। भोरहा और मधपुर सहित कई गांवों में पेड़ों की कटान की चर्चा है,वहीं बढ़या,सोठिया, मदनापुर, कंकड़वा, राजापुर, राजापुर परसोरा,छजवा,मतवरिया, सीहा गांव, दुल्हापुर, भरीवा, रैडौरा और विद्यानगर में भी हरे पेड़ों पर आरा चलने की शिकायतें सामने आ र ही हैं।सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि दिन-रात पेड़ों की कटान हो रही है,तो जिम्मेदार विभागों को इसकी भनक क्यों नहीं लग रही ? क्या निगरानी व्यवस्था केवल कागजों तक सीमित है या शिकाय तों पर कार्रवाई करने में कहीं ढिलाई बरती जा र ही है ? इन सवालों का जवाब जिम्मेदार अधिका रियों को देना होगा।ग्रामीणों का कहना है कि मज दूरों की टोली लगाकर पेड़ों की कटान की जाती है आरोप है कि सूचना मिलने के बावजूद प्रभावी का रवाई नहीं होने से अवैध कटान करने वालों के हौ सले बुलंद हैं।सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस और वन विभाग की कथित मिलीभगत तथा नजराना लेने का भी आरोप लग रहा है।वही इन आरोपों की नि ष्पक्ष जांच जरूरी है,ताकि सच्चाई सामने आ सके और दोषियों की जवाबदेही तय हो,क्षेत्र में पेड़ों की कटान को लेकर लोगों में नाराजगी है।ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते सख्ती नहीं की गई, तो हरे-भरे बागों का अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है।सवाल केवल पेड़ों की कटान का नहीं,बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सरकारी व्यवस्था की ज वाबदेही का भी है।



कटान जारी, जिम्मेदारों के जवाब का इंतजार

अवैध कटान के संबंध में पुलिस का कहना है कि सूचना मिलने पर कार्रवाई की जाती है और क्षेत्र में कटान की जानकारी लेकर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।वहीं, क्षेत्रीय वनाधिकारी ने भी जानकारी न हीं होने की बात कहते हुए जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।सवाल यह है कि जब कटा न की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं, तो अब तक प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं दिखी ? क्या संबं धित गांवों में जांच कराकर अवैध रूप से काटे गए पेड़ों का आकलन होगा ? क्या कटान में शामिल लोगों के साथ-साथ लापरवाही बरतने वाले जिम्मे दारों की भूमिका भी जांची जाएगी ? अब निगाहें पुलिस और वन विभाग की कार्रवाई पर टिकी हैं।

बहराइच में अपराध निरोधक समिति की पहल अधिकारियों को भेंट की वार्षिक पत्रिका सेवा पथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। उत्तर प्रदेशीय अपराध निरोधक समिति, लखनऊ की जिला बहराइच टीम ने जिले के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर उन्हें संस्था की वार्षिक पत्रिका सेवा पथ भेंट की और सम्मानित किया। इस दौरान जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों और समसामयिक परिस्थितियों पर भी चर्चा हुई। समिति के अध्यक्ष एवं प्रदेश सरकार के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण तथा चेयरमैन कमलेश श्रीवास्तव के दिशा-निर्देशन में जिला उपाध्यक्ष शेर सिंह कसौधन एवं जिला सचिव और जिला कारागार बहराइच के जेल विजिटर केशव कुमार मौर्य के नेतृत्व में टीम ने अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार मौर्य (पीसीएस-ए) तथा जिला कारागार के जेल अधीक्षक राजीव कुमार सिंह सहित कई अधिकारियों से भेंट की। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों ने अधिकारियों को वार्षिक पत्रिका 'सेवा पथ' भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही विभिन्न समसामयिक परिस्थितियों एवं जनहित से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान जिला उपसचिव विनोद कुमार कुशवाहा, नगर संगठन मंत्री रमेश कुमार मिश्रा, जिला संगठन मंत्री मोहसिन मलिक तथा तहसील उपाध्यक्ष इरशाद हुसैन सहित समिति के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

महिला थाना नानपारा में पारिवारिक मामलों के निस्तारण के बाद लिया गया फीडबैक, परिवारीजन सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। मिशन शक्ति फ़ेज 6.0 के तहत शुक्रवार को महिला थाना नानपारा में पारिवारिक विवादों के सफल निस्तारण के बाद संबंधित परिवारों के अभिभावकों एवं परिवारीजनों को बुलाकर उनका फीडबैक लिया गया और उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी हर्षिता तिवारी और प्रभारी महिला थाना नानपारा/मिशन शक्ति प्रभारी की मौजूदगी में परिवारों से संवाद कर आपसी सहमति और पारिवारिक सौहार्द बनाए रखने के संबंध में जानकारी ली गई। कार्यक्रम में नानपारा की पूर्व चेयरमैन नाशिबुननिशा उर्फ मलूकन भी मौजूद रहीं। इस दौरान मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्य के अनुरूप महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और पारिवारिक विवादों के समाधान के लिए किए जा रहे प्रयासों पर जोर दिया गया।

महिला थाना पुलिस की ओर से सफलतापूर्वक निस्तारित किए गए पारिवारिक प्रकरणों से जुड़े परिवारों को सम्मानित कर उनके अनुभव जाने गए। कार्यक्रम का उद्देश्य पारिवारिक समस्याओं के समाधान के बाद परिवारों की स्थिति का फीडबैक लेना और आपसी समझ, संवाद तथा सौहार्द को बढ़ावा देना रहा।

निराश्रित दिव्यांगजनों के आश्रय गृह का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने शुक्रवार को भॉई (पड़ोकिया), सुलतानपुर स्थित रूरल इनफारमेटिव एंड सोशल हारमोनी एकेडेमी द्वारा संचालित आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केंद्र का औचक निरीक्षण किया। यह केंद्र मानसिक मंदित एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ निराश्रित दिव्यांगजनों की देखभाल और प्रशिक्षण के लिए संचालित किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान संस्था की निदेशक रिशा वर्मा सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने आश्रय गृह में रह रहे दिव्यांग बच्चों से संवाद स्थापित कर उनकी स्थिति और सुविधाओं की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने संस्था की निदेशक रिशा वर्मा से केंद्र के संचालन तथा दिव्यांगजनों को सुविधाएं उपलब्ध कराने में आ रही समस्याओं पर चर्चा की। इस दौरान संस्था की निदेशक ने बताया कि कई निराश्रित दिव्यांगजनों की व्यक्तिगत जानकारी उपलब्ध नहीं होने के कारण उनके आधार कार्ड नहीं बन पा रहे हैं। आधार कार्ड के अभाव में उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिलाधिकारी ने जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी को निर्देश दिया कि जनपद में दिव्यांगजनों के हित में कार्य कर रहे सभी गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) से संपर्क स्थापित कर उन्हें एक मंच पर लाया जाए। साथ ही, दिव्यांगजनों के कौशल विकास और रोजगार सृजन के लिए विशेष प्रयास करने तथा इस दिशा में सभी संस्थाओं से सहयोग लेने पर जोर दिया। डीएम ने निर्देशित किया कि दिव्यांगजनों के उत्थान के लिए कार्यरत सभी एनजीओ के साथ प्रत्येक माह समीक्षा बैठक आयोजित की जाए। बैठक में दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने में आ रही बाधाओं की पहचान कर उनका समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र दिव्यांगजन शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। जिलाधिकारी ने दिव्यांगजनों के कल्याण, कौशल विकास और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में समन्वित प्रयास करने पर जोर दिया।

गोवंश संरक्षण में लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। जनपद में निराश्रित गोवंशों के संरक्षण, उनकी समुचित देखभाल तथा गो आश्रय स्थलों में आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिये जिलाधिकारी शशांक चौधरी ने कलेक्ट्रेट सभागार में गो संरक्षण अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति की बैठक की।बैठक में जिलाधिकारी ने गो आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं, गोवंशों की सुरक्षा, चारा पानी की उपलब्धता, पशु चिकित्सा सुविधाओं तथा संरक्षण संबंधी कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुये सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।?बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन विकास खण्डों में निराश्रित गोवंशों को पकड़ने के लिये कैटल कैचर की सुविधा उपलब्ध नहीं है, वहां जल्द से जल्द इसकी खरीद सुनिश्चित की जाय ताकि सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर घूम रहे निराश्रित गोवंशों को सुरक्षित रूप से गो आश्रय स्थलों तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने मृत गोवंशों के निस्तारण के लिये उपयुक्त भूमि चिह्नित करने तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप सुव्यवस्थित निस्तारण व्यवस्था विकसित करने के निर्देश भी दिए। साथ ही, सभी गो आश्रय स्थलों में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगवाने पर जोर दिया, जिससे वहां की व्यवस्थाओं और गोवंशों की देखभाल की प्रभावी निगरानी की जा सके। जिलाधिकारी ने सभी नोडल अधिकारियों से जनपद की गोशालाओं में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी लेते हुये निर्देश दिया कि प्रत्येक गो आश्रय स्थल पर पर्याप्त मात्रा में हरा चारा, भूसा और पशु आहार उपलब्ध रहे। गोवंशों के लिये स्वच्छ पेयजल, सुरक्षित शेड तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाय। उन्होंने कहा कि मौसम के अनुरूप गोवंशों की सुरक्षा और देखभाल में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों, नोडल अधिकारियों एवं पशु चिकित्साधिकारियों को नियमित रूप से गो आश्रय स्थलों का निरीक्षण करने और वहां की व्यवस्थाओं पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिये। पशु चिकित्सकों से कहा कि वे गौशालाओं का नियमित भ्रमण कर बीमार एवं कमजोर गोवंशों का समय से उपचार करें और उनके स्वास्थ्य की निरंतर निगरानी सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान मिलने वाली कमियों को प्राथमिकता के आधार पर दूर कराया जाय। बैठक में जिलाधिकारी ने स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा संचालित गोशालाओं की व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया।

उन्होंने स्पष्ट किया कि गो आश्रय स्थलों का संचालन करने वाली सभी संस्थाओं को गोवंशों की देखभाल, भोजन, पेयजल, सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं का निर्धारित मानकों के अनुरूप पालन करना होगा। उन्होंने गोवंशों की सुपुर्दगी एवं भुगतान की स्थिति की समीक्षा करते हुए सहभागिता योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को क्षेत्रीय भ्रमण बढ़ाने के निर्देश देते हुए कहा कि यदि कोई निराश्रित गोवंश खुले में घूमता मिले, तो उसे तत्काल निकटतम गो आश्रय स्थल में संरक्षित कराया जाए। इसके साथ ही पशुपालकों को जागरूक कर उन्हें अपने गोवंशों को बेसहारा न छोड़ने के लिए प्रेरित किया जाए। जानबूझकर गोवंशों को खुले में छोड़ने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने गोशालाओं में अभिलेखों एवं रजिस्टरों का सुव्यवस्थित रखरखाव सुनिश्चित करने पर भी बल दिया। निर्देश दिया कि निरीक्षण करने वाले अधिकारी अपनी टिप्पणियां संबंधित रजिस्टर में अनिवार्य रूप से दर्ज करें और निरीक्षण में पाई गई कमियों के निस्तारण की नियमित समीक्षा करें। जिलाधिकारी ने कहा कि गोवंश संरक्षण एवं गो आश्रय स्थलों की व्यवस्थाएं शासन की प्राथमिकताओं में शामिल हैं और इनकी समीक्षा मुख्यमंत्री एवं शासन स्तर से लगातार की जा रही है। ऐसे में सभी संबंधित अधिकारी इस कार्य को गंभीरता से लेते हुए अपनी जिम्मेदारियों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करें। उन्होंने चेतावनी दी कि गोवंशों की देखभाल, संरक्षण एवं गौशालाओं की व्यवस्थाओं में लापरवाही या उदासीनता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जवाबदेही तय करते हुए कठोर कार्रवाई की जायेगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज त्यागी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. जी.के. शुक्ला सहित समस्त खंड विकास अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारी एवं संबंधित नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

बहराइच में लखनऊ जर्नलिस्ट एसोसिएशन की बैठक संगठन विस्तार और पत्रकार हितों पर हुआ मंथन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । लखनऊ जर्नलिस्ट एसोसिएशन की बहराइच इकाई की बैठक शुक्रवार को शहर के सीता रेस्टोरेंट में आयोजित की गई। बैठक में संगठन के विस्तार, पत्रकारों की एकजुटता और पत्रकार हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिले के पत्रकारों ने संगठन को मजबूत बनाने, आपसी समन्वय बढ़ाने और पत्रकारों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने पर विचार-विमर्श किया। साथ ही संगठन की गतिविधियों को आगे बढ़ाने और अधिक से अधिक पत्रकारों को संगठन से जोड़ने पर जोर दिया गया।

बैठक में परितोष वर्मा, विपिन सिंह, प्रदीप श्रीवास्तव, जतिन यज्ञ सैनी, निशांत गुप्ता, राजकुमार श्रीवास्तव, नितिन गर्ग, अंकित मिश्रा और शिवांशु कश्यप सहित अन्य पत्रकार साथी मौजूद रहे। बैठक में उपस्थित पत्रकारों ने संगठन की मजबूती और पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए मिलकर कार्य करने की बात कही। बैठक का उद्देश्य पत्रकारों के बीच एकजुटता कायम करना और संगठन को नई दिशा प्रदान करना रहा।

राष्ट्रीय सवर्ण परिषद की बैठक में नए पदाधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अखंडनगर/सुल्तानपुर। जनपद के अखंडनगर क्षेत्र में शुक्रवार को राष्ट्रीय सवर्ण परिषद के बैनर तले धीरेन्द्र पांडेय के यहां एक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान संगठन की मजबूती, सामाजिक सहयोग और विस्तार को लेकर चर्चा की गई। सभा में धीरेन्द्र पांडेय को सहयोग राशि प्रदान की गई। साथ ही संगठन के कई नए पदाधिकारियों को उनके दायित्व सौंपते हुए नियुक्ति की घोषणा की गई।

राष्ट्रीय सवर्ण परिषद की ओर से संगठनात्मक जिम्मेदारियों के तहत रामनायक तिवारी को अयोध्या मंडल प्रभारी, रामसहाय दुबे को सुल्तानपुर जिला संरक्षक, कृष्ण कुमार पांडेय को जिला महासचिव, राघवेंद्र तिवारी को जिला सचिव तथा शिवम तिवारी को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा श्याम पांडेय को कादीपुर तहसील प्रभारी और श्रीकांत पांडेय को कादीपुर तहसील अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। सभा में उपस्थित संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी पदाधिकारी अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए संगठन को मजबूत बनाने तथा समाज के लोगों को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय सवर्ण परिषद के पदाधिकारी एवं सदस्य गौरीशंकर शर्मा, अमित उपाध्याय, अतुल तिवारी, रामप्रीत पांडेय, नीरज तिवारी, हरि पांडेय, कृष्णा उपाध्याय और धीरेन्द्र पांडेय सहित क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभा में संगठन के सदस्यों ने आपसी सहयोग, एकजुटता और सामाजिक सहभागिता को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम के माध्यम से संगठन के प्रति समर्पण और सामूहिक प्रयासों के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया गया।

सपा जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में पूर्व मंत्री रियाज अहमद के बेटे शाने अली साइकिल पर हुए सवार

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूर्व कैबिनेट मंत्री मरहूम हाजी रियाज अहमद के बेटे शाने अली ने बसपा छोड़कर समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया है।लखनऊ में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में शाने अली अपने समर्थकों के साथ समाजवादी पार्टी में शामिल हुए। इसे उनकी घर वापसी के रूप में देखा जा रहा है।शाने अली के सपा में शामिल होने पर जिलाध्यक्ष धर्मेश गंगवार ने खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री हाजी रियाज अहमद का परिवार शुरू से समाजवादी विचारधारा से जुड़ा रहा है। शाने अली के आने से पार्टी को जिले में और मजबूती मिलेगी।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सभी वर्गों को साथ लेकर चलती है और शाने अली के अनुभव का लाभ पार्टी को मिलेगा। उनके समर्थकों के शामिल होने से संगठन और मजबूत होगा। बताया जा रहा है कि शाने अली लंबे समय से बसपा में सक्रिय थे और हाथी की सवारी कर रहे थे, अब उन्होंने साइकिल पर भरोसा जताया है। उनके इस फैसले के बाद जिले की सियासत में चर्चा तेज हो गई है।

पति का जिस समाज में सम्मान न हो वहां नारी को नही जाना चाहिये : गरुणेश जी महाराज

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत चेतरा बुजुर्ग में नव दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में चल रही शिव महापुराण कथा के चतुर्थ दिवस पर कथा व्यास गरुणेश जी महाराज ने माता सती को जब भगवान राम पर संदेह हुआ तो बाबा ने समझाया और समझाने के बाद भी मां का संदेह दूर न हुआ स्त्री को पति के बातों पर विश्वास करना चाहिये।पति परमेश्वर होता है उनको ईश्वर समझ कर उनकी बातो पर विश्वास करना चाहिये लेकिन मां सती को बाबा की बातों पर विश्वास न हुआ आगे मां सती को पत्नी भाव से त्याग कर दिया। कथा व्यास ने बताया एक पति पत्नी का धर्म क्या है पति पत्नी को आपस में कैसा आचरण होना चाहिये जिस समाज में पति का सम्मान न हो वहां नही जाना चाहिये चाहे वो मायका ही क्यों न हो और उनसे सम्बंध भी नही रखना चाहिये नही तो सती की तरह आग की ज्वाला में जलना पड़ता है। उन्होंने कहा कि पुनः पार्वती के रूम में जन्म लेती है मां सती दिव्य कथा का सुनाकर सबको आनंदित किया।नव दुर्गा पूजा आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आरती पूजन किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान देवी शरण बाजपेयी,मोनू जायसवाल, राजेन्द्र बहादुर सिंह,अतुल श्रीवास्तव, गोकुल प्रसाद यादव, शिव भूषण शुक्ला, अनिल जायसवाल, सिद्धेश्वर पाण्डेय सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

नगर उपाध्यक्ष व्यापार मंडल के विवाद में पहुंचे व्यापारी नेता, दोनों पक्षों में हुआ समझौता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।व्यापार मंडल की नगर उपाध्यक्ष शालिनी गुप्ता का पड़ोसी से विवाद हो गया था। मामले की जानकारी मिलते ही व्यापारिक संगठनों में हलचल मच गई।सूचना मिलने पर नगर अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला अपनी टीम के साथ सक्रिय हुए। उन्होंने पहले कोतवाली प्रभारी पवन पांडे से मुलाकात कर पूरे मामले की जानकारी दी, उसके बाद टीम के साथ मौके पर घटनास्थल पर पहुंचे।मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को सुनकर मामले की सटीक जानकारी ली गई। काफी देर तक चली वार्तालाप और समझाइश के बाद दोनों पक्षों के बीच सुलह-समझौता हो गया। व्यापार मंडल के हस्तक्षेप से मामला शांतिपूर्ण तरीके से निपट गया।इस दौरान नगर अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला ने कहा कि व्यापार मंडल अपने हर सदस्य के साथ खड़ा है। छोटी-छोटी बातों को लेकर विवाद नहीं बढ़ना चाहिए। आपसी बातचीत से हर समस्या का समाधान संभव है।घटना के बाद व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन और व्यापार मंडल की भूमिका की सराहना की। समझौते के बाद दोनों पक्षों ने भविष्य में इस तरह के विवाद से बचने का आश्वासन दिया। इस मौके पर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला, उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर मंत्री रवि जायसवाल, नदीम हसन खान,पवन सिंह,सलमान खान, अंकुर गुप्ता, गौरव गुप्ता सहित दर्जनों व्यापारी उपस्थित रहे हैं।

श्रीराम के विवाह की निकली भव्य शोभायात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। (कुशभवनपुर) की रामलीला के आठवें दिन भगवान श्रीराम के विवाह की भव्य शोभायात्रा श्री रामलीला ट्रस्ट समिति द्वारा आयोजित सुषमा मिश्रा के दिशा-निर्देश में निकाली गई। शनिवार को सायं 8रू00 बजे रामलीला मैदान से राम विवाह की शोभायात्रा निकलकर सब्जी मंडी जिला अस्पताल रोड -आगरा मिष्ठानभंडार-चौक-शाहगंज-डाकखाना-गंदानाला-अस्पताल रोड से पंचरास्ता होते हुए पुनः रामलीला मैदान में पहुंचा। अतिथियों द्वारा भगवान श्री राम लक्ष्मण एवं दशरथ जी की आरती उतारी एवं शहर के विभिन्न चौराहों पर भी भक्तों द्वारा आरती उतारी गई। शाहगंज चौराहे पर वरुण मिश्र (पूर्व नपाध्यक्ष प्रत्याशी) एवं आयुष मिश्र (चेतन) द्वारा भगवान की आरती उतारी गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप अजय दूबे, अनिल श्रीवास्तव, सौरभ त्रिपाठी, आलोक नाथ मिश्र, वरुण मिश्र(ग्लोबल-टी), दिनेश चौरसिया, सतीश कुमार त्रिपाठी प्रधानाचार्य, हरिब्रत मिश्र प्रभारी, अजित उपाध्याय, दीपक प्रकाश तिवारी, वृजेश कुमार तिवारी, ओम प्रकाश गिरि, अजित उपाध्याय, संजीव कुमार त्रिपाठी, शैलेन्द्र कुमार त्रिपाठी, शशांक शेखर मिश्र,शरद कुमार कश्यप, लवलाल एवं अन्य संभ्रांत जन द्वारा भी भगवान की आरती उतारी गई।

प्रतापगढ़ जनपद के युवक के कब्जे से आधा किलो गांजा हुआ बरामद

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना संग्रामपुर पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत पांच सौ ग्राम गांजा के साथ गैर जनपद के एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत शुक्रवार को थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर धर्मेन्द्र वर्मा पुत्र राम आसरे वर्मा निवासी ग्राम नंद लाल का पुरवा मौजा राजापुर रैनिया थाना अन्तु जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में गिरफ्तार युवक के कब्जे से कुल पांच सौ ग्राम गांजा बरामद हुआ।थाना संग्रामपुर पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।

धनाराघाट से हजारा के बीच अभी शुरू नहीं होगा नाव संचालन, 20 अक्टूबर तक उम्मीद

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। धनाराघाट से हजारा थाना क्षेत्र की ओर जाने वाले लोगों को फिलहाल नाव संचालन शुरू होने के लिए इंतजार करना पड़ेगा। रास्ते में छोटे नाले के पास दलदल होने के कारण बाइक फंसने का खतरा बना हुआ है। इसके चलते अभी नाव संचालन शुरू करने की स्थिति नहीं बन सकी है।पुल पर तैनात मुंशी बबलू माझी ने शुक्रवार जानकारी देते हुए बताया कि छोटे नाले के पास जमीन दलदल होने से आवागमन में परेशानी हो सकती है। ऐसे में जल्दबाजी में नाव संचालन शुरू करना जोखिम भरा साबित हो सकता है। रास्ते की स्थिति सामान्य होने के बाद ही संचालन शुरू करने पर विचार किया जाएगा।धनाराघाट से हजारा क्षेत्र के बीच आवागमन करने वाले लोगों को नाव सेवा शुरू होने का इंतजार है। नाव का संचालन बंद रहने से क्षेत्र के लोगों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।हालांकि, 20 अक्टूबर से नाव संचालन शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है। अब लोगों की निगाहें निर्धारित तिथि पर टिकी हैं। नाव सेवा बहाल होने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में राहत मिलने की उम्मीद है।

नेहरू इंटर कॉलेज गुलड़िया भिंडारा में मिशन शक्ति-6 के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। मझोला गुलड़िया भिंडारा,नेहरू इंटर कॉलेज, गुलड़िया भिंडारा में शुक्रवार, 16 अक्टूबर 2026 को मिशन शक्ति-6 अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में थाना न्यूरिया से पहुंचे पुलिसकर्मियों ने छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा, बाल संरक्षण तथा साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। कार्यक्रम के दौरान सब-इंस्पेक्टर राम औतार सिंह, कांस्टेबल रवि, सोनिया एवं भावना ने विद्यार्थियों को विभिन्न पुलिस हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी प्रकार की परेशानी, उत्पीड़न या असुरक्षा की स्थिति में घबराने के बजाय तत्काल पुलिस की सहायता लेनी चाहिए। उन्होंने बाल विवाह, बाल श्रम और साइबर अपराध जैसे गंभीर विषयों पर विस्तार से जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को इनके दुष्परिणामों से अवगत कराया। पुलिसकर्मियों ने बच्चों को साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने, अनजान व्यक्तियों के साथ अपनी निजी जानकारी साझा न करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी जिम्मेदार व्यक्ति या पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया। साथ ही महिला सुरक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं और उपलब्ध हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में भी बताया, ताकि विद्यार्थी आवश्यकता पड़ने पर इनका उपयोग कर सकें। विद्यालय की प्रधानाचार्या शोभा वर्मा व वरिष्ठ अध्यापक सुरेंद्र सिंह यादव,ने कार्यक्रम में उपस्थित पुलिसकर्मियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की परेशानी, उत्पीड़न या असुरक्षा महसूस होने पर चुप न रहें, बल्कि तुरंत पुलिस को फोन करके सूचना दें और अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक रहें। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सुरक्षा, जागरूकता और आत्मविश्वास की भावना विकसित करना तथा उन्हें अपने अधिकारों एवं पुलिस सहायता सेवाओं के प्रति सजग बनाना रहा।

नानपारा में सनातन संस्कृति प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया ज्ञान, विजेताओं को किया गया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। नई पीढ़ी को सनातन संस्कृति, धार्मिक ग्रंथों और भारतीय परंपराओं से परिचित कराने के उद्देश्य से श्री विश्वनाथ जी मंदिर नानपारा में सनातन संस्कृति प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का द्वितीय आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। विभिन्न वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 1 से 6 तक के विद्यार्थियों के लिए जूनियर वर्ग और कक्षा 7 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए सीनियर वर्ग बनाया गया था। सीनियर वर्ग में ऋषित द्विवेदी ने प्रथम, दीपक मिश्रा ने द्वितीय और स्नेहा श्रीवास्तव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं जूनियर वर्ग में सानवी प्रथम, चूड़ामणि द्वितीय और पिंगाक्ष तिवारी तृतीय स्थान पर रहे। इसके अलावा सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान धार्मिक चर्चा, भक्ति गीतों का गायन और रुद्राभिषेक भी संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में बेबी मलिक और अमित बडोला ने स्कोरर की भूमिका निभाई। अभिषेक पाण्डेय, उत्कर्ष तिवारी और रुद्र जायसवाल ने नामांकन एवं प्रश्नोत्तरी में सहयोग किया, जबकि हर्ष कसौधन ने परिणाम संकलन और पुरस्कार वितरण की जिम्मेदारी निभाई। उषा सिंघानिया ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन अमित पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता, पुजारी पूरन मिश्रा, दिलीप जायसवाल, राहुल, सुदर्शन, अविनाश सिंह, दीपक श्रीवास्तव, हरीश गुप्ता, राम जायसवाल, रामकुमार, मनोज मिश्रा, आनंद, मयंकर, मनोज, राघवेंद्र, नवनीत टेकड़ीवाल और पवन राठौर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। आयोजकों ने कार्यक्रम संयोजक अमित पाण्डेय एवं हर्ष कसौधन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों का मुख्य उद्देश्य बच्चों और युवाओं को अपनी सनातन संस्कृति, धार्मिक परंपराओं तथा गौरवशाली विरासत से जोड़ना है।

परिषदीय विद्यालय में चला जागरूकता अभियान, बच्चों को बताई बचत की अहमियत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।विकासखंड मरौरी के अंतर्गत स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय नाकुड़ में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को बैंक में पैसा निकालने, जमा करने और बचत के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।अभियान का उद्देश्य बच्चों में छोटी उम्र से ही वित्तीय साक्षरता और बचत की आदत विकसित करना रहा। शिक्षकों ने बच्चों को बताया कि किस तरह बैंक खाते का संचालन किया जाता है, जमा पर्ची कैसे भरी जाती है और निकासी के क्या नियम हैं।बच्चों को समझाया गया कि थोड़ी-थोड़ी बचत भविष्य में बड़ी जरूरतों को पूरा करने में मदद करती है। फिजूलखर्ची से बचने और अपनी पॉकेट मनी से बचत करने के लिए प्रेरित किया गया।इस दौरान शिक्षकों ने बैंकिंग प्रणाली की कार्यप्रणाली, एटीएम के उपयोग और सुरक्षित लेन-देन के बारे में भी बताया। बच्चों ने बढ़-चढ़कर सवाल पूछे और अपनी जिज्ञासा शांत की।विद्यालय की शिक्षिका ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी हैं। इससे बच्चे न केवल किताबी ज्ञान बल्कि व्यावहारिक जीवन की भी जानकारी प्राप्त करते हैं।

सम्पादकीय

एसआईआर पर गृहमंत्री का जवाब

मतदाता सूची के विशेष गहनपुनरीक्षण यानी एसआईआर को वापस लेने, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को उनके पद से हटाने और वोट चोरी के खिलाफ इस समय देश में जबरदस्त आंदोलन चल रहा है। सोमवार शाम राहुल गांधी के नेतृत्व में जिस तरह इंडिया ब्लॉक के तमाम नेताओं, कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों और छात्र संगठनों के लोगों ने सुप्रीम कोर्ट तक मार्च किया और इसमें कम से कम दो-ढाई लाख लोग जुट गए, उससे अब भाजपा का डर सतह पर आ गया है। वैसे तो एसआईआर के खिलाफ लगातार ही हल्ला बोल हो रहा है, मगर 2 अक्टूबर से संगठित तौर पर आंदोलन शुरु हो चुका है। पहले कॉकरोच जनता पार्टी, सिविल सोसायटी और कांग्रेस अलग-अलग मोर्चा खोले हुए थे, लेकिन राहुल गांधी ने बता दिया कि इस लड़ाई में सब एकजुट हैं, क्योंकि सबके उद्देश्य एक ही हैं। इसके बाद भले कांग्रेस से अंतर दिखाने वाले छिटपुट बयान आते रहें, लेकिन व्यापक तौर पर जनता ने मान लिया है कि राहुल गांधी के नेतृत्व में ही यह लड़ाई लड़ी जा रही है। मंगलवार को इस आंदोलन से जुड़े तमाम लोगों को चाय पर बुलाकर और फिर सबके साथ प्रेस कांफ्रेंस कर राहुल गांधी ने इस बात को और स्पष्ट कर दिया कि लोकतंत्र बचाने की इस लड़ाई में सब साथ हैं। इसके बाद बुधवार सुबह जब अभिजित दिपके के साथियों आशुतोष रांका और सौरव दास को जंतर-मंतर पर तिरंगा फहराने के आरोप में तिहाड़ जेल भेजा गया तब भी राहुल गांधी ने पोस्ट लिख कर बता दिया कि लोकतंत्र बचाने की लड़ाई में सब साथ हैं और जंतर-मंतर पर तिरंगा फहराना कोई अपराध नहीं है। भाजपा इसी दिन की कल्पना से डरती थी जब राहुल गांधी को सर्वमान्य नेता माना जाएगा। उसने कांग्रेस और राहुल गांधी को सबसे अलग-थलग करने की कई कोशिशें कीं। मगर अब उसमें कामयाबी नहीं मिल रही और चुनाव चोरी के खिलाफ आंदोलन में जनता भी जुट गई, तब अमित शाह को खुद मैदान में उतरना पड़ा। 2 अक्टूबर के बाद से भाजपा के कई नेताओं ने इस मुद्दे पर राहुल गांधी को घेरा लेकिन उनकी बातें असर नहीं डाल पाईं। तो अब खुद गृहमंत्री अमित शाह ने एसआईआर और वोट चोरी पर बयान दिया है। सवाल अब भी वही है कि जब आरोप ज्ञानेश कुमार पर लगे तो जवाब अमित शाह क्यों दे रहे हैं। बल्कि उन्हें तो कायदे से वोट चोरी के आरोपों को नकारने के लिए ज्ञानेश कुमार की जगह किसी अन्य को मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति पर ऐतराज नहीं होना चाहिए, ताकि वे यह साबित कर सकें कि भाजपा जो चुनाव पर चुनाव जीत रही है, वो चुनाव आयोग की गड़बड़ियों से नहीं बल्कि अपने दम पर जीत रही है। लेकिन इसकी जगह अमित शाह ने अपने जवाब में कई और गलतियां कर दीं। अमित शाह ने 2029 में भी भारी बहुमत से चुनाव जीतने का दावा किया और कांग्रेस की बड़ी हार का ऐलान कर दिया। लोकतंत्र में कोई भी नेता चुनाव से तीन साल पहले यह दावा नहीं कर सकता। लेकिन अमित शाह ने किया तो जाहिर हो गया कि वे किस आधार पर ऐसा कर रहे हैं। एसआईआर पर सवाल उठाने वाले तमाम लोग यही पूछ रहे हैं कि बिना किसी ठोस आधार के मतदाताओं के नाम काटे क्यों जा रहे हैं और अचानक जोड़े क्यों जा रहे हैं। किसी भी मतदान केंद्र पर मतदान खत्म होने तक कितने वोट पड़े इसका सही-सही आंकड़ा क्यों नहीं आ पाता है। शाम तक अचानक वोट प्रतिशत बढ़ जाता है और दो-तीन दिन बाद उसमें और ज्यादा इजाफा हो जाता है। एक जगह कितने लोग वोट डालने आए, इसकी सही गिनती करना आखिर कितना कठिन हो सकता है। लेकिन इस पर सवाल उठाने के जवाब में अमित शाह ने कहा कि राहुल गांधी घुसपैठियों को बचाना चाहते हैं। तो क्या जिन 13 करोड़ लोगों को अचानक एसआईआर के जरिए वोटर लिस्ट से बाहर कर दिया गया है, वो सब घुसपैठिए हैं। अगर यही सच है तो फिर अमित शाह गृहमंत्री बन कर क्या कर रहे हैं।

पंजाब में नशे का तांडव: वर्दी बनी त्रासदी

पंजाब में नशे का कारोबार अब गलियों, गांवों और कस्बों तक अपनी जड़ें फैला चुका है। कभी नशे की समस्या को सीमावर्ती क्षेत्रों या शहरी युवाओं तक सीमित माना जाता था, लेकिन आज सिंथेटिक ड्रग्स सहित विभिन्न मादक पदार्थों की उपलब्धता ने संकट को और व्यापक बना दिया है। युवा पीढ़ी का एक हिस्सा नशे की गिरफ्त में आकर अपना स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और भविष्य गंवा रहा है। कहीं मां की गोद सूनी हो रही है, कहीं वृद्ध पिता के बुढ़ापे का सहारा छिन रहा है और कहीं परिवार का कमाऊ सदस्य नशे की लत के कारण स्वयं अपने परिजनों पर बोझ बन रहा है। 'घर का चिराग ही घर में अंधेरा कर दे', इससे बड़ी विडंबना क्या होगी! नशे की लत केवल व्यक्ति को नहीं तोड़ती, बल्कि पूरे परिवार और सामाजिक ताने-बाने को भीतर तक खोखला कर देती है। इस संकट की गंभीरता सरकारी आंकड़ों और पुलिस की कार्रवाइयों से भी समझी जा सकती है। उपलब्ध विवरणों के अनुसार दस महीनों में पंजाब पुलिस ने 10,524 तस्करों को गिरफ्तार किया, जिनमें 153 बड़े ऑपरेटर शामिल थे।

पंजाब की धरती कभी शौर्य, पराक्रम, मेहनत, उद्यमशीलता और जीवटता के लिए जानी जाती थी। इसी मिट्टी के नौजवानों ने देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी और खेतों में पसीना बहाकर देश का अन्न भंडार भरा। लेकिन आज उसी पंजाब की पहचान नशे के बढ़ते कारोबार, युवाओं की बर्बादी और ड्रग्स माफिया के बढ़ते प्रभाव से जुड़ती जा रही है। यह केवल एक राज्य की सामाजिक त्रासदी नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, शासन-व्यवस्था और राजनीतिक इच्छाशक्ति की गंभीर परीक्षा है। जिस पंजाब के युवाओं के हाथों में कभी तलवार, हल और तिरंगा शोभा देते थे, वहां आज नशे ने अनेक हाथों को बेबस और अनेक परिवारों को बदहवास कर दिया है। विडंबना देखिए कि नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने की जिम्मेदारी जिन पुलिसकर्मियों की है, यदि उन्हीं के घर से करोड़ों रुपये की हेरोइन बरामद होने की खबर सामने आती है, तो यह व्यवस्था के लिए खतरे की घंटी है। पंजाब में एक पुलिस कांस्टेबल के घर से कथित तौर पर 40 करोड़ रुपये की हेरोइन बरामद होने का मामला इसी सड़ांध की ओर संकेत करता है। यह घटना महज एक आपराधिक प्रकरण नहीं, बल्कि उस व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न है, जिसमें अपराध रोकने के लिए नियुक्त व्यक्ति ही कथित तौर पर अपराध के संदेह के घेरे में आ जाए। यह तो वही स्थिति हुई कि 'बाड़ ही खेत को खाने लगे', तो फसल की रखवाली कौन करेगा? जिस पुलिस के कंधों पर नशा तस्करों को पकड़ने का दायित्व है, यदि उसी व्यवस्था के भीतर ऐसे तत्व पनपने लगें, तो आम नागरिक का भरोसा डगमगाना स्वाभाविक है। इस मामले में निष्पक्ष जांच, दोषियों की पहचान और कठोर कानूनी कार्रवाई जरूरी है। किसी व्यक्ति को केवल आरोप के आधार पर दोषी नहीं ठहराया जा सकता, लेकिन वर्दी की आड़ में अपराध करने वाले किसी भी व्यक्ति को कानून से बचने का अवसर भी नहीं मिलना चाहिए। पंजाब में नशे का कारोबार अब गलियों, गांवों और कस्बों तक अपनी जड़ें फैला चुका है। कभी नशे की समस्या को सीमावर्ती क्षेत्रों या शहरी युवाओं तक सीमित माना जाता था, लेकिन आज सिंथेटिक ड्रग्स सहित विभिन्न मादक पदार्थों की उपलब्धता ने संकट को और व्यापक बना दिया है। युवा पीढ़ी का एक हिस्सा नशे की गिरफ्त में आकर अपना स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और भविष्य गंवा रहा है। कहीं मां की गोद सूनी हो रही है, कहीं वृद्ध पिता के बुढ़ापे का सहारा छिन रहा है और कहीं परिवार का कमाऊ सदस्य नशे की लत के कारण स्वयं अपने परिजनों पर बोझ बन रहा है। 'घर का चिराग ही घर में अंधेरा कर दे', इससे बड़ी विडंबना क्या होगी! नशे की लत केवल व्यक्ति को नहीं तोड़ती, बल्कि पूरे परिवार और सामाजिक ताने-बाने को भीतर तक खोखला कर देती है। इस संकट की गंभीरता सरकारी आंकड़ों और पुलिस की कार्रवाइयों से भी समझी जा सकती है। उपलब्ध विवरणों के अनुसार दस महीनों में पंजाब पुलिस ने 10,524 तस्करों को गिरफ्तार किया, जिनमें 153 बड़े ऑपरेटर शामिल थे। इस दौरान 790 किलोग्राम हेरोइन, 860 किलोग्राम अफीम और अन्य मादक पदार्थों के साथ 13 करोड़ रुपये से अधिक की ड्रग मनी जब्त की गई तथा नशे के कारोबार से जुड़ी 208 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति पर कार्रवाई की गई। ये आंकड़े कार्रवाई के पैमाने को अवश्य दर्शाते हैं, लेकिन साथ ही यह सवाल भी उठाते हैं कि इतनी बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थ आखिर राज्य में पहुंच कैसे रहे हैं? इतनी गिरफ्तारियों और जब्ती के बावजूद यदि नशे की उपलब्धता और लत पर निर्णायक अंकुश नहीं लग रहा, तो स्पष्ट है कि समस्या की जड़ें गहरी हैं। 'मर्ज बढ़ता गया, ज्यों-ज्यों दवा की' जैसी स्थिति से बचने के लिए गिरफ्तारियों की संख्या से आगे बढ़कर नशे की आपूर्ति, वित्तीय नेटवर्क और राजनीतिक संरक्षण की पड़ताल करनी होगी। पाकिस्तान से लगी पंजाब की लगभग 553 किलोमीटर लंबी सीमा इस चुनौती को राष्ट्रीय सुरक्षा से जोड़ती है। ड्रोन के माध्यम से नशीले पदार्थों और हथियारों की तस्करी की आशंकाएं सीमा प्रबंधन को और जटिल बनाती हैं। वर्ष 2026 में अब तक पंजाब की



सीमा से 183 ड्रोन जब्त किए जाने का उल्लेख इस खतरे की गंभीरता को रेखांकित करता है। सीमा पार से संचालित तस्करी के नेटवर्क पर प्रहार करना आवश्यक है, लेकिन सारी जिम्मेदारी बाहरी ताकतों पर डालकर राज्य के भीतर की कमजोरियों से आंखें नहीं मूंदी जा सकतीं। यदि स्थानीय तस्कर, संगठित गिरोह और भ्रष्ट तंत्र मिलकर काम कर रहे हों, तो सीमा पर कड़ी निगरानी के साथ-साथ भीतर भी कठोर कार्रवाई करनी होगी। 'दूध का दूध और पानी का पानी' करने वाली जांच ही बता सकती है कि इस काले कारोबार में कौन मोहरा है, कौन खिलाड़ी और कौन पर्दे के पीछे बैठा सूत्रधार। आम आदमी पार्टी की पंजाब सरकार ने नशामुक्ति और तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई को लेकर अनेक दावे किए हैं। लेकिन सवाल यह है कि क्या ये दावे जमीन पर उतना परिवर्तन ला पाए हैं, जिसकी अपेक्षा पंजाब की जनता ने की थी? सत्ता में आने से पहले नशे के विरुद्ध निर्णायक लड़ाई के वादे करना आसान है, लेकिन उस लड़ाई को परिणाम तक पहुंचाना राजनीतिक इच्छाशक्ति, प्रशासनिक ईमानदारी और निरंतर जवाबदेही मांगता है। यदि नशे की उपलब्धता बनी हुई है, युवा लगातार इसकी गिरफ्त में आ रहे हैं और तस्करी के नेटवर्क बार-बार सक्रिय हो जाते हैं, तो सरकार की रणनीति और उसके क्रियान्वयन पर सवाल उठना स्वाभाविक है। केवल छापेमारी, गिरफ्तारी और घोषणाओं से नशामुक्त पंजाब का सपना साकार नहीं होगा। सरकार की सफलता का वास्तविक पैमाना यह होना चाहिए कि नशे की आपूर्ति कितनी घटी, कितने युवा उपचार के बाद सामान्य जीवन में लौटे और बड़े तस्करों तथा उनके संरक्षकों के विरुद्ध कितनी प्रभावी कार्रवाई हुई। नशे के खिलाफ लड़ाई में पुलिस सुधार, आधुनिक तकनीक, सीमा सुरक्षा और वित्तीय जांच के साथ-साथ नशामुक्ति केंद्रों, मनोवैज्ञानिक परामर्श, रोजगार और पुनर्वास पर भी समान ध्यान देना होगा। नशे के शिकार युवाओं को केवल अपराधी मानकर खारिज करना समाधान नहीं है, उन्हें उपचार, सहारा और सम्मानजनक जीवन में लौटने का अवसर देना भी जरूरी है। गांवों में जनभागीदारी, स्कूल-कॉलेजों में जागरूकता और परिवारों की सक्रिय भूमिका इस अभियान को जनांदोलन का स्वरूप दे सकती है। साथ ही, पुलिस और राजनीतिक तंत्र में किसी भी स्तर पर संरक्षण देने वालों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। पंजाब को नशे की गिरफ्त से निकालना केवल सरकार का नहीं, पूरे समाज का दायित्व है, लेकिन नेतृत्व की पहली जवाबदेही सरकार की ही है। जब कानून के रखवाले ही संदेह के घेरे में आने लगें और करोड़ों की हेरोइन की बरामदगी व्यवस्था की विश्वसनीयता पर प्रश्न खड़े करे, तब आत्ममंथन टालना आत्मघाती होगा। 'लकीर पीटने' के बजाय अब निर्णायक परिणाम देने का समय है। पंजाब को खोखले नारों नहीं, कठोर कार्रवाई, पारदर्शी जांच और जवाबदेह शासन की जरूरत है। नशा माफिया की जड़ें उखाड़ने के लिए राजनीतिक संरक्षण की दीवारें तोड़नी होंगी और कानून का भय हर अपराधी तक पहुंचाना होगा। अन्यथा नशे का यह तांडव पंजाब की युवा शक्ति को ही नहीं, देश की सामाजिक और राष्ट्रीय सुरक्षा को भी गंभीर क्षति पहुंचाता रहेगा। – **ललित गर्ग**

देश विरोध का खतरनाक खेल खेलते राहुल गांधी

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

पिछले कुछ समय से देश में राजनीति का ऐसा विकृत स्वरूप उभर रहा है, जो देश की संप्रभुता के लिए गंभीर चेतावनी है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में जब घरेलू राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं देश की सीमाओं को लांघकर विदेशी ताकतों, अंतरराष्ट्रीय कॉर्पोरेट्स और वैश्विक संस्थाओं की दहलीज पर समर्थन मांगने लगें तो वह लोकतंत्र को खोखला करती हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा विदेशी धरती पर जाकर भारतीय लोकतंत्र की स्थिति पर दिए गए बयान, एलन मस्क जैसे दंभी विदेशी अरबपतियों की भारत-विरोधी झुंझलाहट और संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार निकाय जैसी संस्थाओं का पक्षपातपूर्ण रवैया, वस्तुतः यह सब किसी संयोग का हिस्सा नहीं लगते। एक के बाद एक चुनावों में पराजय झेलने के बाद घरेलू राजनीति में अस्थिरता पैदा करने और चुनी हुई मोदी सरकार पर दबाव बनाने के लिए विदेशी शक्तियों के साथ जो परोक्ष जुगलबंदी दिखाई दे रही है, वह देश के आंतरिक मामलों में बाहरी दखल को खुला निमंत्रण है। भारतीय लोकतंत्र में सत्ता का परिवर्तन हमेशा जनता के मतों से तय होता है। परंतु, विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा अंतरराष्ट्रीय मंचों का उपयोग देश की चुनाव प्रणाली, न्यायपालिका और लोकतांत्रिक संस्थाओं को लांछित करने के लिए किया जाना अत्यंत चिंताजनक है। उनके बयानों में बार-बार यह राग अलापा गया कि पश्चिमी देश भारत में 'लोकतंत्र की पुनर्स्थापना' के लिए आगे नहीं आ रहे हैं। यह अपील परोक्ष रूप से विदेशी ताकतों को भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने का आमंत्रण देने जैसी है। दूसरी ओर जब एक जिम्मेदार राष्ट्रीय नेता विदेशी धरती पर जाकर अपनी ही संवैधानिक संस्थाओं को 'कमजोर' बताता है, तो वह उन वैश्विक ताकतों का हौसला बढ़ाता है जो भारत की मजबूत वैश्विक छवि और आर्थिक प्रगति से ईर्ष्या करती हैं। वस्तुतः इस पूरे घटनाक्रम में सबसे खतरनाक मोड़ तब देखने में आता है जब दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क जैसे विदेशी कारोबारी भारतीय संप्रभुता को चुनौती देने की कोशिश करते हैं। मस्क की कंपनी 'स्टारलिंक' भारत में सैटेलाइट इंटरनेट सेवा के लिए लाइसेंस चाहती है किंतु भारत सरकार ने अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा और नियामक पैमानों पर किसी भी प्रकार का समझौता करने से साफ इनकार कर दिया। मस्क ने अपनी इस व्यावसायिक खीझ को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर भारतीय नीतियों और स्वदेशी उद्यमियों (जैसे मुकेश अंबानी) के खिलाफ विषवमन करके निकाला। मस्क का यह चरित्र ही रहा है कि वे अपने व्यापारिक हितों के लिए किसी भी देश के लोकतंत्र को मटियामेट करने की दंभपूर्ण सोच रखते हैं, जैसा कि बोलीविया के लीथियम भंडार पर कब्जा करने के लिए वहां के निर्वाचित राष्ट्रपति के खिलाफ रचे गए तख्तापलट की साजिश में उनकी स्वीकारोक्ति (''हम जिसका चाहें तख्तापलट करेंगे'') से सामने भी आ चुका है। सबसे बड़ा इसमें दुखद पहलू यह है कि राहुल गांधी इस मामले में भारत सरकार की सुरक्षा नीतियों के साथ खड़े होने के बजाय मस्क की भारत-विरोधी भावनाओं के साथ सुर मिलाते और उन्हें उकसाते नजर आए। ऐसे में कांग्रेस और राहुल गांधी की राजनीति का एक बड़ा विरोधाभास यह है कि वे देश के भीतर रोजगार, बुनियादी ढांचा और पूंजी का निर्माण करने वाले भारतीय उद्यमियों (अडानी-अंबानी) को दिन-रात लांछित करते हैं, पर वहीं एलन मस्क जैसे बदमिजाज और मर्यादाहीन विदेशी उद्योगपति के आर्थिक स्वार्थों के समर्थन में खड़े हो जाते हैं। इससे पहले जब अमेरिकी राजनेता डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय अर्थव्यवस्था को 'डेड इकोनॉमी' कहकर अपमानित करने का प्रयास किया, तब भी राहुल गांधी ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) द्वारा भारतीय विकास दर के सकारात्मक और मजबूत अनुमानों को दरकिनार कर ट्रंप के दावों से सहमति जताने में देर नहीं लगाई। विदेशी कारपोरेट्स के आगे इस प्रकार नतमस्तक होना और स्वदेशी उद्योगों की साख गिराना देश के आर्थिक स्वावलंबन पर सीधा प्रहार है। इसी तरह से लोकतंत्र की अंतिम रक्षा-पंक्ति उसकी स्वतंत्र न्यायपालिका होती है, मगर अब उसे भी सड़क के हंगामे और राजनीतिक प्रदर्शनों के दबाव में लेने का एक खतरनाक चलन शुरू किया गया है। सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन एक मामले के दौरान राहुल गांधी द्वारा मुख्य न्यायाधीश से व्यक्तिगत रूप से मिलने की इच्छा जताना और अनुमति न मिलने पर विपक्षी नेताओं के साथ सुप्रीम कोर्ट की तरफ मार्च करना, कानून व्यवस्था का खुला मखौल उड़ाना नहीं तो क्या है? पुलिस-प्रशासन को चकमा देकर याचिका सौंपने के इस नए तरीके ने आंदोलनों की प्रकृति को पूरी तरह विकृत कर दिया है।

सेहत मंत्र

इम्यूनिटी बढ़ाने के साथ ही शुगर और कोलेस्ट्रोल को भी कंट्रोल करती है प्याज

प्याज के बिना खाने का स्वाद अधूरा है। प्याज का इस्तेमाल न सिर्फ खाना पकाने में किया जाता है, बल्कि इसका इस्तेमाल सलाद के रूप में भी किया जाता है। खाने में कच्चा प्याज न सिर्फ आपके खाने का स्वाद बढ़ाती है, बल्कि ये आपको सेहतमंद भी बनाती है। प्याज कच्ची खाएं या पकी हुई, ये दोनों तरह से आपकी सेहत के लिए फायदेमंद होती है। प्याज में विटामिन सी और कैल्शियम मौजूद होता है, जो ओरल हेल्थ के लिए फायदेमंद होता है। प्याज के इस्तेमाल से आपका ब्लड शुगर नियंत्रित रहता है। प्याज में पाए जाने वाले तत्व कैंसर से बचाव में सहायक होते हैं। प्याज आपके इम्यून सिस्टम को बूस्ट करता है। इतना ही नहीं प्याज का असर आपके बालों पर भी पढ़ता है। इसके इस्तेमाल से आपके बाल लंबे हो जाते हैं। आइए जानते हैं कि कैसे प्याज आपको बीमारियों से बचाकर सेहतमंद रखता है। कच्चा प्याज डाइजेशन में काफी मदद करता है। कच्चे प्याज में फाइबर की मात्रा काफी पाई जाती है, जिससे आपके पेट के अंदर चिपका हुआ खाना भी पूरी तरह डाइजेस्ट हो जाता है। कच्चा प्याज खाने से पेट की सफाई हो जाती है। ये कब्ज की शिकायत को दूर करती है। जिन लोगों को कब्ज की शिकायत है, वो रात के खाने में सलाद का इस्तेमाल करें। गर्मी में नाक से खून आना या नकसीर फूटने से बचाती हैं प्याज। गर्मी में लू लगने का खतरा और नकसीर फूटने का डर रहता है और आप गर्मी में कच्चा प्याज खाएंगे तो आपको इस समस्या से निजात मिलेगी। मसूड़ों से खून निकलता है या मसूड़ों में सूजन आती है तो कच्ची प्याज को गर्म करके मसूड़ों पर 4-5 मिनट तक लगाएं, आपको इस परेशानी से निजात मिलेगी। सर्दी, खांसी या गले में खराश है तो प्याज का रस आपको इस परेशानी से राहत दिलाएगी। कच्ची प्याज का रस निकाल शहद के साथ दिन में दो बार लें आप को सर्दी, खांसी और गले की खराश से राहत मिलेगी। कच्ची प्याज से कैंसर का उपचार, कच्ची प्यास में सल्फर की मात्रा काफी अधिक होती है, जो कैंसर सेल्स नहीं बढ़ने देती है।

धर्म मंत्र

गंगा स्नान से होते हैं सभी कष्ट दूर

हिन्दू धर्म में गंगा सप्तमी का खास महत्व होता है। इस दिन विभिन्न प्रकार का दान कर पुण्य प्राप्त किया जाता है। गंगा सप्तमी के दिन गंगा नदी में स्नान से सभी प्रकार की परेशानियों से मुक्ति मिल जाती है तो आइए हम गंगा सप्तमी के महत्व तथा पूजा विधि पर चर्चा करते हैं। बैसाख महीने के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि के दिन गंगा जी अवतरित हुईं थीं। इस साल गंगा सप्तमी 30 अप्रैल को है। गंगा पापनाशिनी तथा मोक्षदायक हैं। गंगा नदी में स्नान मात्र से सभी प्रकार के कष्ट दूर हो जाते हैं। गंगा सप्तमी से जुड़ी एक पौराणिक कथा प्रचलित है। इस कथा के अनुसार गंगा नदी एक बार तीव्र गति से बह रही थी वहीं जह्नु ऋषि तपस्या में लीन और उनका सामान भी रखा हुआ था। गंगा की तेज बहाव के कारण उनका सामान बह गया। जब ऋषि की नींद खुली तो वह बहुत क्रुद्ध हुए और गुस्से में गंगा नदी को पी गए। इसके बाद भागीरथ ऋषि ने जह्नु ऋषि से प्रार्थना की गंगा को पुनः मुक्त करें। तब जह्नु ऋषि ने भगीरथ की प्रार्थना स्वीकार कर ली और गंगा को मुक्ति प्रदान की। उसके बाद गंगा जह्नु ऋषि के कान से प्रवाहित हुईं। यह घटना बैसाख महीने की सप्तमी तिथि को हुई थीं। इसलिए बैसाख शुक्ल पक्ष सप्तमी को गंगा सप्तमी मनायी जाती है तथा जह्नु ऋषि की पुत्री होने के कारण गंगा को जाह्नवी भी कहा जाता है। गंगा सप्तमी का हिन्दू धर्म में खास महत्व होता है। इस दिन घर में विशेष पूजा-पाठ का खास महत्व होता है। इस दिन साधक प्राकः काल उठकर स्नान कर घर के मंदिर की साफ-सफाई करें। उसके बाद शुभ मुहूर्त में उत्तर दिशा में एक चौकी रखकर लाल कपड़ा बिछा लें।

पर्यटन



समुद्र तटीय पर्यटन के शौकीनों के लिये गोवा से कम आर्कषक नहीं हैं दमन दीव

समुद्री तटों का सौन्दर्य, समुद्र में उठती लहरे, धूप में चाँदी सी चमकता जल, प्रकृति सौन्दर्य को निहारने के लिए आइये! आपको ले चलते हैं दमन और दीव की सैर पर। यहां आपको समुद्री तट की सुंदरता और प्राकृतिक सुषमा के साथ-साथ पुराने चर्च, किले, मंदिर और रंगबिरंगी संस्कृति भी लुभा लेंगे। भारत में अरब सागर के तट से लगे गुजरात के समीप दमन और दीव दूसरा सबसे छोटा केन्द्र शासित प्रदेश है। दमन गुजरात राज्य के वलसाड़ जिले एवं दीव गुजरात के जूनागढ़ जिले के समीप स्थित है। दमन इस राज्य की राजधानी है। इस संघीय राज्य के दो जिले मोटी दमन एवं नानी दमन हैं। दोनों जिले भारत के पश्चिमी घाट पर लगभग 700 किमी की दूरी पर स्थित हैं। राज्य में भगवान, दमनगंगा, कोलक एवं कलाई आदि नदियां बहती हैं। राज्य में कई वन्य एवं पक्षी अभ्यारण्य पाये जाते हैं। बोली की कोई समस्या नहीं है, गुजराती, हिन्दी, अंग्रेजी एवं कोकणी भाषाएं बोली जाती हैं। कहा जाता है गोवा, दमन एवं दीव पर करीब 500 वर्षों तक पुर्तगालियों का शासन रहा। बाद में सैन्य कार्यवाही की जाकर इस क्षेत्र को पुर्तगालियों से मुक्त कराया गया तथा संघीय राज्य बनाया गया। आगे चलकर 30 मई 1987 को गोवा को पृथक कर दमन और दीव को एक स्वतंत्र केन्द्र शासित प्रदेश बनाया गया। मछली पकड़ना यहां का प्रमुख व्यवसाय है। कुछ क्षेत्र में कृषि भी की जाती है तथा कुछ लघु एवं मध्यम श्रेणी के उद्योग भी लगाये गये हैं। यहां की खूबसूरती एवं समुद्री तट से पर्यटन यहां आकर सपना समय व्यतीत करना चाहते है और नृत्य एवं संगीत यहां के सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन रचे-बसे हैं जो पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। पर्यटन यहां की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने में सहायक बनता है। यहां की संस्कृति पर यूरोपीय संस्कृति का प्रभाव नजर आता है। यहां त्यौहार और मेले उत्साह व उमंग से मनाये जाते हैं। यहां की परंपरा व रिवाज गुजरात की परंपराओं से मिलते जुलते हैं। यहां ज्यादतर हिन्दु लोग निवास करते हैं।

भाकियू के सामूहिक विवाह समारोह में 82 जोड़ों का विवाह, तीन निकाह भी हुए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की ओर से शुक्रवार को नवीन गल्ला मंडी में आयोजित 15वां सामूहिक विवाह एवं निकाह समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। समारोह में 78 जोड़ों का वैदिक रीति-रिवाज से विवाह कराया गया, जबकि तीन मुस्लिम जोड़ों का निकाह हुआ। सभी नवदंपतियों को उपहार देकर विदा किया गया।

समारोह का शुभारंभ भाकियू युवा विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव टिकैत ने फीता काटकर किया। उन्होंने वर-वधुओं को आशीर्वाद देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन हर जनपद में होने चाहिए, ताकि गरीब परिवारों पर विवाह का आर्थिक बोझ कम हो और शादी-ब्याह में होने वाली फिजूलखर्ची पर रोक लगे।





कार्यक्रम में खाद्य एवं रसद मंत्री सतीश चंद्र शर्मा, सांसद तनुज पुनिया, पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप व राकेश कुमार वर्मा, पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, पूर्व एमएलसी राजेश यादव राजू, भाजपा जिलाध्यक्ष भुल्लन वर्मा सहित कई जनप्रतिनिधियों ने नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया। आयोजन भाकियू जिलाध्यक्ष हौसिला प्रसाद के नेतृत्व में हुआ। समारोह में संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में अतिथि मौजूद रहे।

नवदुर्गा पूजा महोत्सव में 400 बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। यूथस एसोसिएशन परिवार के 57वें शारदीय नवदुर्गा पूजा महोत्सव में शुक्रवार को मेहंदी, वाद-विवाद और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इनमें करीब 400 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिताएं अजय शुक्ला व उनकी टीम की देखरेख में संपन्न हुईं। वहीं, नगर पालिका परिसर स्थित मां के दरबार में महाषष्ठी पूजा, रुद्र पूजा, देवी आमंत्रण और महास्नान का अनुष्ठान पुरोहितों ने विधि-विधान से संपन्न कराया। इस दौरान परिसर भक्तिमय रहा और बड़ी संख्या में श्रद्धालु व एसोसिएशन के सदस्य मौजूद रहे।



हरख ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। हरख ब्लॉक में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी फिजा मिर्ज़ा ने मां सरस्वती के पूजन के साथ किया। प्रतियोगिता में आठ न्याय पंचायतों के उच्च प्राथमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेलों में प्रतिभाग किया।

100 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में सिकंदरपुर के दिव्यांशु और बालिका वर्ग में बड़ापूरा की छात्रा प्रथम रहीं। 200 मीटर दौड़ में अजपुरा के ज्ञान प्रकाश और गढ़ीराखमऊ की अंजली वर्मा ने बाजी मारी। 400 मीटर दौड़ में गढ़ीराखमऊ के शिवा और शुभी प्रथम रहे। लंबी कूद में दिव्यांशु व नींदनपुर की नंदिनी, जबकि ऊंची कूद में रवि और अंजली वर्मा प्रथम रहे।



गोला फेंक में तीरगांव के मोहम्मद जैद और इकरा तथा चक्का फेंक में सतरिख के राज और तीरगांव की एकता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि खेलकूद बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और सहयोग की भावना विकसित करते हैं। कार्यक्रम का संचालन शाहरुख मोबीन ने किया। आयोजन में शिक्षक, खेल अनुदेशक और विद्यालयों के प्रधानाध्यापक मौजूद रहे।

दुर्गा प्रतिमा विसर्जन स्थलों पर नाव और पीए सिस्टम की होगी व्यवस्था

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। दुर्गा पूजा, दशहरा और प्रतिमा विसर्जन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त राजेश कुमार और डीआईजी सोमेन बर्मा ने संबंधित अधिकारियों को जरूरी व्यवस्थाएं समय से पूरी कराने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह, एसपी रवीना त्यागी और सीडीओ पंकज वर्मा मौजूद रहे। मंडलायुक्त ने शोभायात्रा मार्गों की लंबित मरम्मत तत्काल पूरी कराने, विसर्जन घाटों पर प्रकाश, साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रतिमाओं का विसर्जन केवल निर्धारित स्थलों पर कराया जाए। पूजा पंडालों में अग्निशमन, विद्युत सुरक्षा, पेयजल और चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित करने को भी कहा।



डीआईजी ने विसर्जन स्थलों पर आवश्यकतानुसार नाव, पीए सिस्टम, बैरिकेडिंग और आपातकालीन बचाव संसाधनों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने, शिफ्टवार ड्यूटी लगाने और आयोजकों व शांति समितियों से समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया। प्रमुख आयोजन स्थलों पर भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन और अराजक तत्वों पर निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए।

कुएं में मिला लापता युवती का शव, प्रेम प्रसंग के पहलू पर जांच

रामनगर, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के अटौटा गांव में शुक्रवार को 20 वर्षीय पार्वती रावत का शव कुएं में मिलने से हड़कंप मच गया। दिनेश रावत की पुत्री पार्वती की गुमशुदगी 14 अक्टूबर को दर्ज कराई गई थी। सूचना पर सीओ गरिमा पंत, थाना प्रभारी अरुण प्रताप सिंह और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में पड़ोसी युवक से प्रेम प्रसंग का पहलू सामने आया है। पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। थाना प्रभारी के मुताबिक, युवती की मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद होगा।

अमहट मंडी में व्यवस्था बदहाल, अधिकारियों के सख्त निर्देशों का नहीं हो रहा पालन

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। योगी सरकार भले ही जनता के हित में जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है, लेकिन सुल्तानपुर की अम्हट मंडी के अधिकारी सरकार की छवि धूमिल करने में लगे हैं। अम्हट कृषि उत्पादन मंडी समिति, सुल्तानपुर में सुबह 4 बजे से ही मंडी चालू हो जाती है, लेकिन स्ट्रीट लाइटें न जलने से पूरी मंडी अंधेरे में डूबी रहती है। अंधेरे का फायदा उठाकर चोर सक्रिय हैं। व्यापारियों के अनुसार आए दिन चोरी की घटनाएं हो रही हैं। कभी पिकअप से पैसे निकाल लिए जाते हैं, तो कभी रिक्शा चोरी हो जाती है। कई बार शिकायत के बावजूद मंडी के खंभों की स्ट्रीट लाइटें ठीक नहीं कराई गईं। व्यापारियों का आरोप है कि मंडी सचिव और अन्य कर्मचारी रात में गश्त तक नहीं करते। अधिकारी अपनी नींद में मस्त रहते हैं। मंडी की नालियां भरी हैं, सफाई व्यवस्था बदहाल है। कई बार व्यापारियों द्वारा लिखित व मौखिक सूचना देने के बाद भी कोई समाधान नहीं निकला। व्यापारियों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर मंडी में प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने व लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

एक छत के नीचे मिलेंगी एक दर्जन से अधिक सरकारी योजनाओं की सुविधाएं

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) की ओर से 'न्याय सबके लिए' अभियान के तहत एक नवंबर रविवार को पं. रामनरेश त्रिपाठी सभागार में वृहद जन-जागरूकता एवं सहायता शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर सुबह 10 बजे से शुरू होगा। इसमें आमजन को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ आवेदन करने में सहायता और निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। प्राधिकरण की सचिव मुक्ता त्यागी ने बताया कि 'जागरूक नागरिक, सशक्त भारत थीम पर आयोजित शिविर का उद्देश्य एक ही स्थान पर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है। इसके लिए केंद्र और प्रदेश सरकार की एक दर्जन से अधिक योजनाओं के काउंटर लगाए जाएंगे। शिविर में प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क रहेगा। उन्होंने बताया कि शिविर में प्रधानमंत्री जन-धन योजना, आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, दिव्यांगजन अधिकार योजना, मिशन शक्ति, किसान सम्मान निधि, छात्रवृत्ति, श्रम योगी मानधन, राशन योजना और जीवन ज्योति बीमा योजना से संबंधित सुविधाएं मिलेंगी। डीएलएसए सचिव ने जनपदवासियों से शिविर में पहुंचकर योजनाओं की जानकारी लेने और पात्रतानुसार लाभ उठाने की अपील की है।

मानवता के मिसाल बने कोतवाल पवन पांडे गरीब चाय विक्रेता को दिए पांच हजार रुपये, दोबारा शुरू कराई दुकान

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। दुकान में चोरी से आर्थिक संकट में घिरे गरीब चाय विक्रेता की मदद के लिए कोतवाल पवन पांडे आगे आए। उन्होंने पीड़ित को पांच हजार रुपये की आर्थिक सहायता देकर उसकी चाय की दुकान दोबारा शुरू कराने में मदद की। साथ ही चोरी की घटना में कार्रवाई का भरोसा भी दिया। पूरनपुर के मोहल्ला बमनपुरी निवासी अनिल कुमार गुप्ता उर्फ टिल्लू गन्ना समिति में छोटी सी कैंटीन में चाय, पकौड़ी और समोसे की दुकान चलाते हैं। अनिल के मुताबिक, 15 अक्टूबर की शाम करीब पांच बजे वह दुकान बंद करके घर चले गए थे। अगले दिन सुबह दुकान खोलने पहुंचे तो सामान गायब मिला। देखने पर दुकान में चोरी होने की जानकारी हुई। चोर चाय का फ्राईपैन, सिल्वर के बर्तन समेत अन्य जरूरी सामान ले गए। पीड़ित ने चोरी गए सामान की कीमत करीब 20 हजार रुपये बताई है।घटना के बाद दुकान चलाने में परेशानी झेल रहे अनिल की मदद करते हुए कोतवाल पवन पांडे ने पांच हजार रुपये दिए। आर्थिक सहायता मिलने से पीड़ित ने दोबारा दुकान शुरू की। मदद मिलने से उसकी टूटी उम्मीद फिर जाग उठी। वहीं, पुलिस ने चोरी की घटना में जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिया है।

अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पूर्णेन्द्र शर्मा एडवोकेट की मेहनत लाई रग कलीनगर में उप-निबंधन कार्यालय का शुभारंभ, दस साल का इंतजार खत्म

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। कलीनगर तहसील क्षेत्र के लोगों का वर्षों पुराना इंतजार आखिरकार शुक्रवार को खत्म हो गया। कलीनगर में उप-निबंधन कार्यालय का शुभारंभ विधायक बाबूराम पासवान और जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गुरभाग सिंह ने वर्चुअल माध्यम से स्टांप, न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग के राज्य मंत्री रविंद्र जायसवाल की मौजूदगी में किया। कार्यालय शुरू होने से तहसील क्षेत्र के 169 राजस्व गांवों के लोगों को जमीन की रजिस्ट्री और अन्य निबंधन संबंधी कार्यों के लिए अब पूरनपुर नहीं जाना पड़ेगा।जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गुरभाग सिंह ने कहा कि कलीनगर में रजिस्ट्री कार्यालय खुलना क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। कुछ दिन पहले सम्मान समारोह में अधिवक्ता संघ कलीनगर ने उप-निबंधन कार्यालय की मांग की थी। शासन स्तर पर इसकी पैरबी की गई।इससे 169 राजस्व गांवों के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। तहसील भवन बनने के बावजूद रजिस्ट्री कार्यालय की सुविधा नहीं मिलने से लंबे समय से क्षेत्रवासी इसकी मांग उठा रहे थे।कलीनगर की पूर्व चेयरमैन अनीता कैलाश सक्सेना के पुत्र एवं भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष नवनीत सक्सेना के साथ अधिवक्ता संघ कलीनगर ने कार्यालय खुलवाने के लिए शासन स्तर पर पैरवी की थी। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पूर्णेन्द्र शर्मा एडवोकेट ने कार्यालय शुरू होने पर खुशी जताते हुए जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और इसके लिए प्रयास करने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने अधिवक्ताओं के बैठने की व्यवस्था के लिए जनप्रतिनिधियों से अधिवक्ता हॉल बनवाने की मांग भी की। जयसिंह यादव ने कलीनगर में अस्पताल खुलने की मांग उठाई। कलीनगर के उप-निबंधक का दायित्व विजय कुमार सिंह को सौंपा गया है।

जेबीएस पब्लिक स्कूल में नवरात्रि महोत्सव और गरबा का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। बंदी का पुरवा स्थित जेबीएस पब्लिक स्कूल में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर कन्या पूजन, दही-जलेबी वितरण और गरबा सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्रबंधिका पूनम सिंह ने देवी मां की पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यार्थियों ने गरबा नृत्य सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। प्रबंधिका पूनम सिंह ने विद्यार्थियों को नवरात्रि की महत्ता बताते हुए नारी शक्ति के सम्मान, भारतीय संस्कृति और अच्छे संस्कारों को अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में शिक्षिकाओं स्नेहा और चंद्रकला सहित विद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



सीपीआर प्रशिक्षण से बचाई जा सकती है अनमोल जिंदगी : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर । इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए), सुलतानपुर के तत्वावधान में शुक्रवार को पं. राम नरेश त्रिपाठी सभागार में बुनियादी जीवन रक्षक प्रणाली (सीपीआर) पर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह मुख्य अतिथि तथा नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। पुलिस विभाग समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों और एमजीएस विद्यालय के विद्यार्थियों ने कार्यशाला में प्रतिभाग किया। कार्यशाला के दौरान चिकित्सकों ने प्रतिभागियों को सीपीआर देने की विधि का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। डमी के माध्यम से सीपीआर की प्रक्रिया समझाते हुए आपातकालीन स्थिति में तत्काल और सही तरीके से प्राथमिक सहायता देने के महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को जागरूक और अपने दायित्वों के प्रति सजग रहना चाहिए। सीपीआर एक महत्वपूर्ण जीवनरक्षक प्रक्रिया है, जिसकी जानकारी प्रत्येक जागरूक नागरिक को होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी आपातकालीन परिस्थिति में समय पर और सही तरीके से दिया गया सीपीआर किसी व्यक्ति का जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि इस प्रकार की प्रशिक्षण कार्यशालाएं जनहित में अत्यंत महत्वपूर्ण एवं सराहनीय हैं। जिला प्रशासन की ओर से जनजागरूकता और जनहित से जुड़े ऐसे आयोजनों के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाता रहेगा। वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक सर्जन एवं सीपीआर प्रशिक्षक डॉ. ए.पी. अरोड़ा ने प्रतिभागियों को सीपीआर देने की प्रक्रिया का विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि हृदय गति रुकने जैसी आपात स्थिति में शुरुआती कुछ मिनट बेहद महत्वपूर्ण होते हैं। ऐसे समय में सही तरीके से सीपीआर देकर पीड़ित को समय पर सहायता उपलब्ध कराना जीवन बचाने में निर्णायक साबित हो सकता है। कार्यक्रम की भूमिका प्रस्तुत करते हुए डॉ. जे.पी. सिंह ने सीपीआर प्रशिक्षण की आवश्यकता और इसके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आमजन को जीवनरक्षक तकनीकों के प्रति जागरूक एवं प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से भविष्य में भी इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग आपातकालीन परिस्थितियों में जरूरतमंद व्यक्ति की सहायता करने में सक्षम बन सकें। समापन अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. ए.के. सिंह ने कहा कि हृदय की धड़कन अचानक रुक जाने की स्थिति में सीपीआर जीवनरक्षक साबित हो सकता है। उन्होंने कार्यशाला में सहभागिता करने वाले अतिथियों, चिकित्सकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक सिंह ने किया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक एस.पी. सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट प्रीति जैन, जिला क्रीड़ा अधिकारी राजेश सोनकर, उप जिला विद्यालय निरीक्षक जटाशंकर यादव, वरिष्ठ समाजसेवी अमर बहादुर सिंह, डॉ. सुभाष सिंह, डॉ. अंकुर सेठ, डॉ. सुधाकर सिंह, डॉ. ए.एन. सिंह, डॉ. एस.के. गोयल, सच्चिदानंद सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।





बिजनेस/स्पोर्ट्स

कैनविज टाइम्स

www.kanwhizztimes.com

लखनऊ, शनिवार, 17 अक्टूबर 2026

बल्लेबाजी में सुधार पर भारत की नजरें, अर्शदीप की जगह भुवी टीम में

एजेंसी

बेंगलुरू। वेस्टइंडीज के खिलाफ निर्णायक पांचवें टी20 मैच के साथ श्रृंखला जीतने के लिये भारत को अपनी बल्लेबाजी की कमियों से पार पाते हुए बेहतर प्रदर्शन करना होगा चूंकि कैरेबियाई टीम ने अब तक मेजबान को कांटे की टक्कर दी है। श्रृंखला अभी 2-2 से बराबरी पर है। भारत के लिये समस्या शीर्ष क्रम से शुरू होती है। संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा ने अभी तक तीन अर्धशतक जमाये हैं लेकिन सलामी जोड़ी के रूप में उनका योगदान 29, 42, 7 और 60 रहा है। हैदराबाद में 60 रन की साझेदारी में सैमसन ने 56 रन बनाये जबकि अभिषेक का योगदान दो रन का रहा। एक बार साझेदारी टूटने के बाद मध्यक्रम इस बार पारी को संभाल नहीं सका। ईशान किशन, कप्तान श्रेयस अय्यर और



नमन धीर बड़ी पारियां खेलने में नाकाम रहे। लखनऊ में पहले टी20 में 102 रन बनाने के बाद श्रेयस ने अगले तीन मैचों में 40, 1 और 16 रन बनाये। यहां हारने से बतौर कप्तान श्रेयस की छवि को ठेस पहुंचेगी। आयरलैंड और इंग्लैंड से हारने के बाद जिम्बाब्वे और अफगानिस्तान को हराकर उन्होंने आत्मविश्वास हासिल किया। श्रेयस की कप्तानी को खतरा नहीं है लेकिन अनुभवी और आक्रामक विरोधी टीम के सामने उनकी नेतृत्व क्षमता पर सवाल जरूर उठ सकते हैं। तीसरे नंबर पर ईशान ने 43, 37 और छह रन बनाये हैं। वहीं धीर की पारियां 4, 10 और 0 की रही है। तिलक वर्मा और नीतिश कुमार रेड्डी भी हैदराबाद में 12 . 1 से 14 . 4 ओवर के बीच कोई चौका नहीं लगा सके और 248 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम नाकाम रही। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम की सपाट पिच बल्लेबाजों की ऐशगाह मानी जाती है। इस मैदान पर हालांकि अक्टूबर 2024 में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के बाद से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेली गई है। कुछ आईपीएल मैचों के अलावा यहां बड़े मैच भी नहीं खेले गए। ऐसे में भारत स्पिनर कुलदीप यादव को फिर टीम में ला सकता है। तीसरे और चौथे मैच में बाहर रहे कुलदीप का अनुभव टीम के लिये कारगर साबित हो सकता है। वहीं पिछले मैच में कंधे की चोट का शिकार हुए अर्शदीप सिंह की जगह अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की टीम में वापसी हुई है। प्रिंस यादव, मयंक यादव, धीर और रेड्डी कैरेबियाई बल्लेबाजों पर अंकुश नहीं लगा सके हैं। लिहाजा ऐसे में भुवनेश्वर का अनुभव काफी कारगर साबित होगा। वेस्टइंडीज के लिये कप्तान शाई होप और शेरफान रदरफोर्ड 261 और 221 रन बना चुके हैं और श्रृंखला में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों में शीर्ष दो स्थानों पर हैं।

अमृता अंडर 23 विश्व चैम्पियनशिप फाइनल में, कोमल को कांस्य

एजेंसी

लास वेगास। भारत की अमृता पुजारी ने अंडर 23 विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में महिलाओं के 72 किलो फाइनल में प्रवेश कर लिया। अमृता ने कजाखस्तान की साबिरजानोवा को 7-1 से हराने के बाद सेमीफाइनल में चीन की वेंजिन कियू को 10-8 से मात दी। महाराष्ट्र के सोलापूर की अमृता का सामना अब यूक्रेन की इरिना जाब्लोत्स्का से होगा। कोमल ने महिलाओं के 59 किलो वर्ग में कजाखस्तान की विक्टोरिया के को 7-2 से हराकर कांस्य पदक जीता। इससे पहले वह सेमीफाइनल में यूक्रेन की एलिना फिलिपोविच से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार गई थी। उन्होंने कनाडा की एला फाइंडिंग को हराया था। स्वीटर 53 किलो वर्ग में रेपेशॉज के जरिये कांस्य पदक की दौड़ में है।वह क्वार्टर फाइनल में क्रिस्टेले रौद्रिगेज डोबलर से 2-11 से हार गई थी। डोबलर के फाइनल में पहुंचने से स्वीटी को रेपेशॉज खेलने का मौका मिला है जिसमें वह चीन की शियापटोंग झेंग से खेलेगी। वैष्णवी पाटिल भी 65 किलो वर्ग में रेपेशॉज के जरिये पदक की दौड़ में है। वह जापान की हारूका कोबारू से



खेलेंगी।दीक्षा मलिक महिलाओं के 76 किलो वर्ग में पांचवें स्थान पर रही। वीजा से जुड़े कारणों से भारत महिलाओं के 50 किलो, 55 किलो, 57 किलो और 62 किलो वर्ग और ग्रीको रोमन 60 किलो, 77 किलो, 82 किलो, 97 किलो और 130 किलो में खिलाड़ी नहीं उतार सका है।

क्रिकेट में नए युग की शुरुआत श्रीलंका में 14 नवंबर से शुरू होगा मिक्स्ड-जेंडर टूर्नामेंट 'टेस्ट ट्वेंटी'

एजेंसी

मुंबई/कोलंबो। क्रिकेट में करीब 150 वर्षों के इतिहास में पहली बार लड़कियों और लड़कों के रन मिलकर एक ही टीम का परिणाम तय करेंगे। क्रिकेट के नए प्रारूप 'टेस्ट ट्वेंटी' का पहला सत्र 14 से 29 नवंबर 2026 तक श्रीलंका की राजधानी कोलंबो स्थित सिंहलीज स्पोर्ट्स क्लब (एसएससी) मैदान पर आयोजित किया जाएगा। इस टूर्नामेंट में दुनिया भर के 13 से 21 वर्ष की आयु के 160 युवा क्रिकेटर हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता का सीधा प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर किया जाएगा। टेस्ट ट्वेंटी को क्रिकेट का चौथा प्रारूप बताया जा रहा है। अब तक क्रिकेट में टेस्ट, एकदिवसीय और टी20 प्रारूप प्रचलित रहे हैं। इस नए प्रारूप की खासियत यह है कि इसमें प्रत्येक टीम की ओर से लड़कियों और लड़कों की अलग-अलग एकादश मैदान पर उतरेगी, लेकिन दोनों के बनाए रन एक ही स्कोर में जोड़े जाएंगे। मैच का फैसला दोनों टीमों के संयुक्त स्कोर के आधार पर होगा। आयोजकों के अनुसार, टूर्नामेंट का उद्देश्य लड़कियों और लड़कों को एक साझा टीम के लिए खेलने का अवसर देना तथा युवा क्रिकेटरों के लिए एक नया वैश्विक मंच तैयार करना है। टेस्ट ट्वेंटी का प्रत्येक मुकाबला एक ही दिन में खेला जाएगा। इसमें प्रत्येक टीम दो बार बल्लेबाजी करेगी और कुल 80 ओवर का खेल होगा। पहले 40 ओवर दिन में लाल गेंद से सफ़ेद कपड़ों में खेले जाएंगे, जबकि अंतिम 40 ओवर रंगीन कपड़ों में सफ़ेद गेंद से एसएससी मैदान की फ्लडलाइट्स के नीचे होंगे। इस प्रारूप में लाल और सफ़ेद गेंद का इस्तेमाल एक ही मैच में किया जाएगा। पहले सत्र में बनाए गए रन दूसरे सत्र में भी कुल स्कोर का हिस्सा बने रहेंगे। यानी दिन में बनाया गया हर रन रात के खेल में भी टीम के परिणाम को प्रभावित करेगा। मुकाबले का फैसला उसी दिन संयुक्त स्कोर के आधार पर होगा। टेस्ट ट्वेंटी के चार महाद्वीपीय दलों में से प्रत्येक में 40 खिलाड़ी होंगे। इनमें 20 लड़कियां और 20 लड़के शामिल होंगे। प्रत्येक मुकाबले में लड़कियों की टीम लड़कियों के खिलाफ और लड़कों की टीम लड़कों के खिलाफ खेलेगी। हालांकि, दोनों के प्रदर्शन को जोड़कर ही टीम का अंतिम स्कोर तैयार किया जाएगा। इस प्रारूप में 'पैरिटी रूल' यानी समानता नियम लागू होगा। टॉस से यह तय होगा कि कौन-सी टीम पहले बल्लेबाजी करेगी और उसकी ओर से पहले लड़कियों की एकादश उतरेगी या लड़कों की। दिन में लड़कियों द्वारा बनाए गए रन रात में लड़कों की जीत या हार का फैसला प्रभावित करेंगे। इसी तरह, रात में लड़कों के बनाए रन संयुक्त परिणाम में शामिल होंगे और लड़कियों के प्रदर्शन के साथ मिलकर टीम की जीत तय करेंगे। इस व्यवस्था के तहत लड़कियों का मुकाबला केवल मुख्य मैच से पहले होने वाला आयोजन नहीं होगा, बल्कि उनके रन टीम के अंतिम परिणाम का आधा हिस्सा तय करने में योगदान देंगे। लड़के और लड़कियां पूरे दिन एक ही टीम के डगआउट में साथ बैठेंगे और एक-दूसरे के प्रदर्शन पर नजर रखेंगे, क्योंकि दोनों की सफलता संयुक्त स्कोर से जुड़ी होगी। आयोजकों ने श्रीलंका को इस नए प्रारूप के पहले सत्र के लिए चुना है। देश में स्कूली क्रिकेट की लंबी परंपरा रही है। रॉयल-थॉमियन क्रिकेट मुकाबला पहली बार 1879 में खेला गया था और इस वर्ष मार्च में इसका 147वां संस्करण एसएससी मैदान पर आयोजित हुआ। श्रीलंका ने विश्व क्रिकेट को सनथ जयसूर्या, मुथैया मुरलीधरन, कुमार संगकारा और महेला जयवर्धने जैसे दिग्गज खिलाड़ी दिए हैं। वर्ष 2006 में एसएससी मैदान पर संगकारा और जयवर्धने ने टेस्ट क्रिकेट इतिहास की सबसे बड़ी साझेदारी करते हुए 624 रन जोड़े थे। आयोजकों का मानना है कि स्कूली क्रिकेट के प्रति श्रीलंका का जुनून और युवा खिलाड़ियों को मिलने वाला समर्थन इस नए प्रारूप के लिए देश को उपयुक्त मेजबान बनाता है।

अगर मेरे जीवन पर फिल्म बने तो प्रियंका चोपड़ा को मुख्य भूमिका में देखना चाहूंगी : सविता

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी की दीवार कही जाने वाली सबसे अनुभवी खिलाड़ी सविता पूनिया का जीवन संघर्षों पर जुनून की जीत की अनूठी कहानी है और उनका मानना है कि अगर इस पर कोई बायोपिक बनती है तो वह प्रियंका चोपड़ा को मुख्य भूमिका में देखना चाहेंगी। इस साल विश्व कप में भारतीय महिला हॉकी टीम ने 1974 के बाद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पांचवां स्थान हासिल किया। फिर इस महीने जापान में एशियाई खेलों में 44 साल बाद स्वर्ण पदक जीतकर लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 के लिये क्वालीफाई किया जिसमें धुरंधर गोलकीपर सविता की अहम भूमिका रही। यह पूछे जाने पर कि अगर उन पर कोई बायोपिक बनती है तो वह किस अभिनेत्री को अपने किरदार में देखना चाहेंगी, 36 वर्षीय सविता ने यहां 'पीटीआई-भाषा' से खास बातचीत में कहा, ''मैंने कभी सोचा नहीं कि मुझ पर कोई मूवी बने। लेकिन अगर बनती है, तो प्रियंका चोपड़ा मेरी पसंदीदा हैं और मुझे लगता है कि वह इस रोल के साथ न्याय कर पायेंगी। उनका भी सफर देखती हूं तो काफी प्रेरित करती हैं। प्रियंका पहले भी महान मुक्केबाज एमसी मेरीकोम पर बनी फिल्म में उनकी भूमिका निभा चुकी हैं।

केंद्र ने पेट्रोल के निर्यात पर विंडफॉल टैक्स बढ़ाया, डीजल पर घटाया

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने 16 अक्टूबर (शुक्रवार) से शुरू होने वाले पखवाड़े के लिए निर्यात होने वाले पेट्रोल पर विंडफॉल टैक्स बढ़ा दिया है। वहीं, डीजल के निर्यात पर लगने वाले कर में कटौती की गई है। एटीएफ के निर्यात पर लगने वाला शुल्क 10.5 रुपये प्रति लीटर पर बरकरार रखा गया है। वित्त मंत्रालय की अधिसूचना में कहा गया है कि इस पखवाड़े के लिए डीजल के निर्यात पर अप्रत्याशित लाभ कर को घटा दिया गया है, जबकि पेट्रोल के निर्यात पर शुल्क बढ़ाया गया है। वहीं, एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) के निर्यात पर शुल्क को 10.5 रुपये प्रति लीटर पर बरकरार रखा गया है। मंत्रालय ने कहा कि शुल्क में ये बदलाव 16 अक्टूबर से लागू हो गए हैं। अधिसूचना के मुताबिक डीजल के निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) और सड़क एवं बुनियादी ढांचा उपकर कुल मिलाकर अब ये शुल्क 8.5 रुपये प्रति लीटर लगेगा। पहले यह शुल्क 16 रुपये प्रति लीटर था। इसी तरह अगले पखवाड़े के लिए पेट्रोल के निर्यात पर शुल्क 0.5 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 2.5 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। वित्त मंत्रालय ने अधिसूचना में कहा कि कि शुल्क में बदलाव 16 अक्टूबर से लागू होंगे। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच केंद्र सरकार ने 27 मार्च को डीजल और विमान ईंधन के निर्यात पर शुल्क लगाया था। इसके बाद हर पखवाड़े इसकी दरों में संशोधन किया जाता रहा है।

वैश्विक व्यापार के हित में भारत-अमेरिका व्यापार समझौता जल्द पूरा किया जाएगा: सीतारमण

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को उम्मीद जताई कि वैश्विक व्यापार और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों के हित में भारत -अमेरिका व्यापार समझौता जल्द से जल्द पूरा कर लिया जाएगा। वित्त मंत्रालय ने 'एक्स' पर जारी पोस्ट में बताया कि सीतारमण ने बैंकॉक (थाईलैंड) में अयोजित अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष-विश्व बैंक की वार्षिक बैठकों के दौरान (साउथ एशिया) के रेजिडेंट सीनियर फ़ेलो माइकल कुगेलमैन के साथ एक इंटरैक्टिव सत्र के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा, '' दोनों देश के बीच बातचीत अभी चल रही है। मुझे उम्मीद है कि वैश्विक व्यापार और दोनों साझेदारों, भारत और



अमेरिका के बीच व्यापार के हित में, यह व्यापार समझौता जल्द से जल्द पूरा हो जाएगा।'' सीतारमण ने कहा कि बीजिंग के साथ कई सालों की बातचीत के बावजूद, बढ़ता व्यापार असंतुलन और चीन में भारतीय उत्पादों के लिए बाजार तक पहुंच पर लगातार लगी पाबंदियां अभी भी बड़ी चिंता का विषय बनी हुई हैं। केंद्रयी वित्तमंत्री ने बताया कि भारत, तमाम मुश्किलों के बावजूद, अपनी विकास दर को बनाए रखने में कामयाब रहा है। वित्तमंत्री ने भारत की जीडीपी ग्रोथ पर कहा कि असल में कोविड के बाद पिछले चार-पांच सालों में हम सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था रहे हैं। ये प्रदर्शन उन प्रयासों के अनुरूप है जो हम लगातार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके मुख्य कारणों में 'समावेशी' होना शामिल है। सीतारमण ने कहा कि यह सुनिश्चित करना कि सभी को संसाधनों तक पहुंच मिले, युवाओं को कौशल विकास के अवसर मिलें, और इसके साथ ही यह भी ध्यान रखना कि इस प्रक्रिया में वित्तीय अनुशासन बना रहे। हम इस बात को लेकर सजग हैं कि सार्वजनिक धन के प्रति हमारी ज़िम्मेदारी है। इसलिए, हमें यह अच्छी तरह पता है कि हम बेतहाशा पैसा खर्च नहीं कर सकते, भले ही हमें अर्थव्यवस्था के कमज़ोर तबकों का ख्याल रखना पड़े। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का पहला चरण तय हो चुका है और अभी इसका कानूनी मसौदा तैयार किया जा रहा है।

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

महत्वपूर्ण सूचना

त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों-2026 में वृद्धि

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु पूर्व घोषित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों के साथ-साथ रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ भी नीचे दी गई समय-सारणी के अनुसार संचालित की जायेंगी:-

04092/04091 दिल्ली जं. - हावड़ा जं. - दिल्ली जं. आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 02 फेरे

रेलगाड़ी सं.: 04092		स्टेशन	रेलगाड़ी सं.: 04091	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
----	00:30	दिल्ली जं.	15:50	----
08:40	----	हावड़ा जं.	----	10:10

चलने के दिन: 04092 दिल्ली जं. से दिनांक 17.10.2026 को एवं **04091 हावड़ा जं.** से दिनांक 18.10.2026 को।

ठहराव: टूण्डला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम जं., डेहरी ऑनसोन, अनुग्रह नारायण रोड, गुरारू, गया जं., कोडरमा जं., हजारीबाग रोड, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जं. गोमोह, धनबाद जं., आसनसोल जं., दुर्गापुर एवं बर्द्धमान जं. स्टेशन।

स्थान: वाता.-2 टीयर एवं वाता.-3 टीयर।

04404/04403 शकूर बस्ती - पटना जं. - शकूर बस्ती अनारक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 16 फेरे

रेलगाड़ी सं.: 04404		स्टेशन	रेलगाड़ी सं.: 04403	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
----	15:15	शकूर बस्ती	15:00	----
14:30	----	पटना जं.	----	15:40

चलने के दिन: 04404 शकूर बस्ती से दिनांक 05, 06, 07, 10, 11, 12, 13 एवं 14.11.2026 को एवं **04403 पटना जं.** से दिनांक 06, 07, 08, 11, 12, 13, 14 एवं 15.11.2026 को।

ठहराव: नई दिल्ली, गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., गोविंदपुरी, सूबेदारगंज, मिर्ज़ापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा जं. एवं दानापुर स्टेशन।

स्थान: शयनयान एवं सामान्य।

04410/04409 शकूर बस्ती - झंझारपुर जं. - शकूर बस्ती अनारक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 16 फेरे

रेलगाड़ी सं.: 04410		स्टेशन	रेलगाड़ी सं.: 04409	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
----	13:00	शकूर बस्ती	01:40	----
16:00	----	झंझारपुर जं.	----	18:15

चलने के दिन: 04410 शकूर बस्ती से दिनांक 05, 06, 07, 10, 11, 12, 13 एवं 14.11.2026 को एवं **04409 झंझारपुर जं.** से दिनांक 06, 07, 08, 11, 12, 13, 14 एवं 15.11.2026 को।

ठहराव: नई दिल्ली, गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग जं., गोंडा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं., घोड़ासहन, बैरगनियां, सीतामढ़ी जं., जनकपुर रोड, कमतौल, शिशो हॉल्ट एवं सकरी जं. स्टेशन।

स्थान: शयनयान एवं सामान्य।

09617/09618 उदयपुर सिटी - दिल्ली सराय रोहिल्ला - उदयपुर सिटी त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 12 फेरे

रेलगाड़ी सं.: 09617		स्टेशन	रेलगाड़ी सं.: 09618	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
----	21:15	उदयपुर सिटी	04:00	----
11:15	----	दिल्ली सराय रोहिल्ला	----	13:45

चलने के दिन: 09617 उदयपुर सिटी से प्रत्येक बुद्धवार को दिनांक 21.10.2026 से 25.11.2026 तक एवं **09618 दिल्ली सराय रोहिल्ला** से प्रत्येक वीरवार को दिनांक 22.10.2026 से 26.11.2026 तक।

ठहराव: मावली जं., चन्देरिया, भीलवाड़ा, बिजयनगर, अजमेर जं., किशनगढ़, फुलेरा जं., रींगस जं., नीम का थाना, नारनौल, अटेली, रेवाडी जं., गुडगाँव एवं दिल्ली छावनी स्टेशन।

स्थान: वाता.-2 टीयर, वाता.-3 टीयर, वाता.-3 इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य।

08407/08408 खोरधा रोड़ जं. - आनन्द विहार (ट) - खोरधा रोड़ जं. त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 02 फेरे

रेलगाड़ी सं.: 08407		स्टेशन	रेलगाड़ी सं.: 08408	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
----	12:15	खोरधा रोड़ जं.	10:45	----
22:30	----	आनन्द विहार (ट)	----	00:30

चलने के दिन: 08407 खोरधा रोड़ जं. से दिनांक 17.10.2026 को एवं **08408 आनन्द विहार (ट)** से दिनांक 19.10.2026 को।

ठहराव: भुवनेश्वर, कटक, जाजपुर केन्द्रुझर रोड, भद्रख, बालेश्वर, हिजली, मेदिनीपुर, बिष्णुपुर, बांकुड़ा जं., आद्रा जं., नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जं. गोमोहे, कोडरमा, गया जं., डेहरी ऑनसोन, सासाराम, भभुआ रोड, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., सूबेदारगंज, गोविंदपुरी, टूण्डला जं. एवं गाजियाबाद।

स्थान: वाता.-2 टीयर, वाता.-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

04070/04069 नई दिल्ली - हावड़ा जं. - नई दिल्ली आरक्षित त्यौहार विशेष सुपरफॉस्ट एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 02 फेरे

रेलगाड़ी सं.: 04070		स्टेशन	रेलगाड़ी सं.: 04069	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
----	08:20	नई दिल्ली	18:45	----
10:50	----	हावड़ा जं.	----	15:00

चलने के दिन: 04070 नई दिल्ली से दिनांक 17.10.2026 को एवं **04069 हावड़ा जं.** से दिनांक 18.10.2026 को।

ठहराव: अलीगढ़ जं., कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा जं., पटना जं., बख्तियारपुर जं., किऊल जं., झाझा, जसीडीह जं., मधुपुर जं., चितरंजन, आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान जं. एवं बैण्डेल जं. स्टेशन।

स्थान: वाता.-2 टीयर एवं वाता.-3 टीयर।

04085/04086 नई दिल्ली - श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा - नई दिल्ली आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 02 फेरे

रेलगाड़ी सं.: 04085		स्टेशन	रेलगाड़ी सं.: 04086	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
----	14:00	नई दिल्ली	23:30	----
03:00	----	श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा	----	10:00

चलने के दिन: 04085 नई दिल्ली से दिनांक 17.10.2026 को एवं **04086 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा** से दिनांक 18.10.2026 को।

ठहराव: सोनीपत जं., पानीपत जं., कुरुक्षेत्र जं., अम्बाला छावनी जं., ढंडारी कलां, जालंधर छावनी जं., पठानकोट छावनी, शहीद कप्तान सुनील कुमार चौधरी कठुआ, जम्मू तवी एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन।

स्थान: वाता.-2 टीयर, वाता.-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि विस्तृत जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाईट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

04485/04486 नई दिल्ली - श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा - नई दिल्ली आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 04 फेरे

रेलगाड़ी सं.: 04485		स्टेशन	रेलगाड़ी सं.: 04486	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
----	14:15	नई दिल्ली	23:30	----
03:00	----	श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा	----	10:00

चलने के दिन: 04485 नई दिल्ली से दिनांक 18.10.2026 एवं 20.10.2026 को एवं **04486 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा** से दिनांक 19.10.2026 एवं 21.10.2026 को।

ठहराव: सोनीपत जं., पानीपत जं., कुरुक्षेत्र जं., अम्बाला छावनी जं., ढंडारी कलां, जालंधर छावनी जं., पठानकोट छावनी, शहीद कप्तान सुनील कुमार चौधरी कठुआ, जम्मू तवी एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन।

स्थान: प्रथम वाता., वाता.-2 टीयर, वाता.-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

04231/04232 वाराणसी जं. - जम्मू तवी - वाराणसी जं. आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 02 फेरे

रेलगाड़ी सं.: 04231		स्टेशन	रेलगाड़ी सं.: 04232	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
----	13:40	वाराणसी जं.	17:40	----
21:00	21:10	लखनऊ जं.	10:05	10:15
15:20	----	जम्मू तवी	----	17:00

चलने के दिन: 04231 वाराणसी जं. से दिनांक 18.10.2026 को एवं **04232 जम्मू तवी** से दिनांक 19.10.2026 को।

ठहराव: जौनपुर जं., अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, लखनऊ जं., शाहजहाँपुर जं., बरेली जं., मुरादाबाद जं., सहारनपुर जं., अम्बाला छावनी जं., लुधियाना जं., जालंधर छावनी जं. एवं पठानकोट छावनी स्टेशन।

स्थान: वाता.-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

04201/04202 वाराणसी जं. - अयोध्या धाम जं. - वाराणसी जं. अनारक्षित एमईएमयू त्यौहार विशेष रेलगाड़ी (प्रतिदिन) — 88 फेरे

रेलगाड़ी सं.: 04201		स्टेशन	रेलगाड़ी सं.: 04202	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
----	16:20	वाराणसी जं.	04:00	----
21:40	----	अयोध्या धाम जं.	----	22:20

चलने के दिन: 04201 वाराणसी जं. से एवं **04202 अयोध्या धाम जं.** से दिनांक 18.10.2026 से 30.11.2026 तक (प्रतिदिन)।

ठहराव: शिवपुर, बीरापट्टी, बाबतपुर, पिन्डरा रोड हॉल्ट, खालिसपुर, त्रिलोचन महादेव, जलालगंज, सरकोनी, जफराबाद जं., जौनपुर जं., महगवाँ, मेहरावाँ, मानीकलाँ हॉल्ट, खेतासराय, शाहगंज जं., बिलवाई, तुलसी नगर, मालीपुर, जाफरगंज, अकबरपुर जं., कटहरी, गोशाईंगंज, अलना भारी, बिलहर घाट एवं दर्शन नगर स्टेशन।

स्थान: सामान्य।

रेलगाड़ियों का अस्थायी विस्तार

14212 नई दिल्ली - आगरा छावनी कैंट इंटरसिटी एक्सप्रेस का संचालन 05.11.2026 से 14.11.2026 से प्रभावी ग्वालियर स्टेशन तक विस्तार किया गया। 14211 आगरा छावनी - नई दिल्ली इंटरसिटी एक्सप्रेस का संचालन 06.11.2026 से 15.11.2026 से प्रभावी ग्वालियर स्टेशन से प्रारंभ होगी।

रेलगाड़ी सं.: 14212		स्टेशन	रेलगाड़ी सं.: 14211	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
----	17:40	नई दिल्ली	10:00	----
कोई बदलाव नहीं				
22:05	22:20	आगरा छावनी जं.	05:40	05:45
23:18	23:20	धौलपुर जं.	04:35	04:37
00:10	00:12	मुरेना	03:28	03:30
01:40	----	ग्वालियर जं.	----	02:40

64426 नई दिल्ली - गाजियाबाद ईएमयू को अलीगढ़ जंक्शन तक बढ़ाया जाएगा और 64429 गाजियाबाद - नई दिल्ली ईएमयू अलीगढ़ जंक्शन से शुरू होगी, यह प्रक्रिया 05.11.2026 से 14.11.2026 तक प्रभावी रहेगी।

रेलगाड़ी सं.: 64426		स्टेशन	रेलगाड़ी सं.: 64429	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
----	09:55	नई दिल्ली	17:20	----
कोई बदलाव नहीं				
10:45	10:55	गाजियाबाद	16:10	16:30
11:20	11:21	मारीपत	15:12	15:13
11:26	11:27	दादरी	15:01	15:02
11:31	11:32	बोड़ाकी हॉल्ट	14:55	14:56
11:37	11:38	अजायबपुर	14:50	14:51
11:45	11:46	दनकौर	14:42	14:43
11:53	11:54	वैर	14:34	14:35
11:59	12:00	चोला	14:28	14:29
12:04	12:05	गंगरौल हॉल्ट	14:23	14:24
12:09	12:10	सिकन्दरपुर	14:18	14:19
12:15	12:16	खुर्जा जं.	14:12	14:13
12:21	12:22	कमालपुर	14:05	14:06
12:26	12:27	डाँवर	14:00	14:01
12:35	12:36	सोमना	13:51	13:52
12:44	12:45	कुलवा	13:42	13:43
12:50	12:51	महरावल	13:36	13:37
13:00	----	अलीगढ़ जं.	----	13:30

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों के संचालन की अवधि को बढ़ाने का निर्णय लिया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

रेलगाड़ी सं. एवं नाम	अतिरिक्त फेरों की तिथि	फेरों की संख्या
04052 नई दिल्ली – हावड़ा जं. त्यौहार विशेष	17.10.2026 एवं 21.10.2026	02
04051 हावड़ा जं. – नई दिल्ली त्यौहार विशेष	17.10.2026, 19.10.2026 एवं 23.10.2026	03
04081 नई दिल्ली – श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा त्यौहार विशेष	26.10.2026 से 06.11.2026	12
04082 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा– नई दिल्ली त्यौहार विशेष	27.10.2026 से 07.11.2026	12

नोटः- अन्य सभी निर्देश यथावत रहेंगे।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें :- www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें


उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

ओम बिरला, शाह व अन्य ने राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के स्थापना दिवस पर जवानों को दी शुभकामनाएं

नई दिल्ली । लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह समेत कई नेताओं ने शुक्रवार को राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के स्थापना दिवस पर जवानों को शुभकामनाएं दी।

ओम बिरला ने एक्स पर लिखा, ''राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के स्थापना दिवस पर देश की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने वाले जाँबाज़ कमांडोज़ का अभिवादन। आतंकवाद और गंभीर सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए गठित इस विशिष्ट बल ने अदम्य साहस, उच्चस्तरीय प्रशिक्षण और असाधारण दक्षता से अपनी पहचान बनाई है। आतंकवाद-रोधी अभियानों से लेकर उच्च जोखिम वाले सुरक्षा दायित्वों तक, उनकी तत्परता, सटीक रणनीति और टीमवर्क उन्हें देश की सुरक्षा क्षमताओं का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाते हैं। 'सर्वत्र सर्वोत्तम सुरक्षा' के ध्येय के साथ राष्ट्र की रक्षा में जुटे एनएसजी के सभी जवानों और उनके परिवारों को हार्दिक



शुभकामनाएँ।

अमित शाह ने कहा कि एनएसजी के योद्धाओं ने भारत के सामने आए हर आतंकी खतरे को तूफानी तेवर के साथ नेस्तनाबूद किया है और अटूट साहस, बेहतरीन पेशेवर क्षमता तथा वीरतापूर्ण बलिदानों के ज़रिए देश की रक्षा की है।

संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि देश के 'ब्लैक कैट कमांडो' असाधारण साहस, अनुशासन और समर्पण के प्रतीक हैं। राष्ट्र को सुरक्षित रखने और हर खतरे के सामने मजबूती से डटे रहने के उनके संकल्प को नमन करते हैं।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि एनएसजी के सभी जांबाजों ने अपने असाधारण समर्पण और निःस्वार्थ सेवाभाव से ध्येय वाक्य 'सर्वत्र सर्वोत्तम सुरक्षा' को चरितार्थ करते हुए साहस और शौर्य की नई गाथा लिखी है। आपकी वीरता और कर्तव्यनिष्ठा पर हर भारतवासी को गर्व है।

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि देश की रक्षा के लिए आपका अदम्य साहस और समर्पण सभी के लिए प्रेरणा है।

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि ह्लसर्वत्र सर्वोत्तम सुरक्षाङ्क के ध्येय के साथ देश की रक्षा में सदैव तत्पर राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के सभी वीर जवानों की अनुकरणीय भूमिका, अदम्य साहस और पराक्रम सम्पूर्ण राष्ट्र को गौरवान्वित करने वाला है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि देश के वीर जवानों का असाधारण साहस, पेशेवर रवैया और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति समर्पण हर भारतीय के लिए अत्यंत गर्व की बात है। उन्होंने कर्तव्य पालन के दौरान अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका साहस और समर्पण राष्ट्र सेवा की सर्वोच्च परंपराओं का प्रमाण है।

अंकिता भंडारी के लिए न्याय की मांग को लेकर कांग्रेस सेवा दल ने निकाला कैंडल मार्च

नई दिल्ली। अंकिता भंडारी हत्याकांड में न्याय की मांग को लेकर कांग्रेस सेवा दल ने शुक्रवार शाम राष्ट्रीय राजधानी में कैंडल मार्च निकाला। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में मोमबत्तियां और पोस्टर लेकर न्याय की मांग की तथा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कांग्रेस सेवा दल द्वारा आयोजित यह मार्च भारतीय युवा कांग्रेस के मुख्यालय, 5 रायसीना रोड से शुरू होकर जंतर-मंतर तक निकाला गया। मार्च में बड़ी संख्या में कांग्रेस सेवा दल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

कांग्रेस सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास ने कहा कि अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने और दोषियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग को लेकर यह कैंडल मार्च आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सेवा दल पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है और मामले में न्याय सुनिश्चित होने तक आवाज उठाता रहेगा।

मप्र में ह्यूमन रंगोली अंतर्गत एक हजार महिलाओं और छात्राओं ने बनाई मादा चीता मुखी की विशाल प्रतिकृति

भोपाल। मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में स्थित कूनो राष्ट्रीय उद्यान में प्रोजेक्ट चीता के चार वर्ष पूर्ण होने पर श्योपुर में 1,000 से अधिक महिलाओं एवं छात्राओं द्वारा ह्यूमन रंगोली के माध्यम से भारतीय मादा चीता 'मुखी' की विशाल प्रतिकृति बनाई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस प्रतिकृति की सराहना करते हुए इसे अद्भुत और प्रेरणादायी बताया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा कि सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत नारी शक्ति की यह अनूठी पहल वन्य जीव संरक्षण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और जनभागीदारी का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आइए, हम सभी प्रकृति एवं वन्यजीवों के संरक्षण का संकल्प लें।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 17 सितम्बर 2022 को श्योपुर जिले के कूनों में चीता पुर्नस्थापना प्रोजेक्ट की शुरूआत की थी। कूनों में चीतों की तादाद तेजी से बढ़ रही है। मप्र अब चीता स्टेट भी बन गया है। प्रदेश में 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है।

सेवा संकल्प अभियान अन्तर्गत शुक्रवार को श्योपुर जिले के ढेगदा स्थित क्रीडा परिसर में ह्युमन रंगोली के माध्यम से भारत में जन्मी मादा चीता ''मुखी'' की भव्य एवं आकर्षक विशाल प्रतिकृति बनाई गई। क्रियेटिव श्योपुर अंतर्गत बनाई गई इस ह्यूमन रंगोली में महिला बाल विकास विभाग एवं एनआरएलएम से जुडी एक हजार से अधिक महिलाओं तथा कन्या आदिवासी परिसर की छात्राओं द्वारा चीते के मुख रंग आधारित परिधान पहनकर यह विशाल ह्यूमन रंगोली बनाई गई है। शारदीय नवरात्र के अवसर पर महिलाओं की सामूहिक सहभागिता ने इस आयोजन को महिला शक्ति, एकजुटता और वन्य जीव संरक्षण के संदेश से विशेष रूप से जोडा है। 'मुखी' के बारे में मादा चीता ''मुखी'' का जन्म 29 मार्च 2023 को कूनो नेशनल पार्क में हुआ था। वह नामीबिया से लाई गई मादा चीता ज्वाला की संतान है। मुखी के नाम यह इतिहास दर्ज है कि 70 साल बाद भारत की धरती पर जन्म लेने वाली वह पहली चीता है, इसलिए चीता मुखी भारत में जन्मे पहली चीता पीढ़ी की खास पहचान है।

वैष्णव ने एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता महिला कबड्डी टीम की सदस्यों से मुलाकात की

नई दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को यहां रेल भवन में एशियाई खेल 2026 में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय महिला कबड्डी टीम की सदस्यों से मुलाकात की और उनकी उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि खिलाड़ियों ने अपने समर्पण, दृढ़ संकल्प और शानदार खेल प्रदर्शन से तिरंगे का मान बढ़ाया है।

रेल मंत्रालय की ओर से जारी की गई जानकारी के मुताबिक जापान के आइची-नागोया में आयोजित एशियाई खेलों में भारतीय महिला कबड्डी टीम ने 26 सितंबर को खेले गए रोमांचक फाइनल में ईरान को 37-34 से हराकर स्वर्ण पदक जीता था। भारतीय टीम ने इस जीत के साथ एशियाई खेलों में अपना खिताब भी बरकरार रखा। टीम की मुख्य कोच नीता मोरेश्वर दादवे और कप्तान पुष्पा राणा हैं। रेल मंत्री से मिलने वाले खिलाड़ियों में दक्षिण मध्य रेलवे की मुख्य कोच नीता मोरेश्वर दादवे, ऋतु नेगी और पिंकी रॉय, उत्तर रेलवे की पूजा तथा पश्चिम रेलवे की सोनाली विष्णु शिंगटे और राज रानी शामिल थीं। वैष्णव ने रेलवे की महिला खिलाड़ियों को उनकी स्वर्णिम उपलब्धि पर बधाई दी और देश को गौरवान्वित करने के लिए उनकी सराहना की। रेल मंत्रालय के अनुसार, भारतीय रेलवे अपने रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड के माध्यम से लंबे समय से खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित कर रहा है। रेलवे के खिलाड़ियों ने ओलंपिक, विश्व चैंपियनशिप, एशियाई खेल और राष्ट्रमंडल खेल जैसी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। रेलवे खिलाड़ियों को रोजगार के साथ खेल में आगे बढ़ने के अवसर और संस्थागत सहयोग उपलब्ध कराता है। इससे देश में खेल प्रतिभाओं को विकसित करने और उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार करने में योगदान मिलता है।

मप्र में ओबीसी आरक्षण पर सरकार को चेतावनी, मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मिला प्रतिनिधिमंडल

भोपाल । मध्य प्रदेश में 27 फीसदी ओबीसी आरक्षण की बहाली और 13 प्रतिशत होल्ड वाले अभ्यर्थियों की भर्ती को लेकर ओबीसी महासभा ने सरकार को 2-3 दिन का समय दिया है। संगठन ने स्पष्ट किया कि ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो 28 अक्टूबर को संभागीय स्तर पर ज्ञापन देकर आंदोलन तेज किया जाएगा।

दरअसल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से शुक्रवार को ओबीसी महासभा के प्रतिनिधि मंडलों ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में मुलाकात की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण का विषय अत्यंत महत्वपूर्ण है। राज्य सरकार ओबीसी हितों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। न्याय संगत और तार्किक व्यवस्था के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। इसी उद्देश्य से ओबीसी आरक्षण के विषय पर सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई और ओबीसी के सभी संगठनों से वार्ता कर मजबूती के साथ उच्च न्यायालय में अपना पक्ष रखा गया था।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस विषय को टालने की दृष्टि से नहीं अपितु उसका समुचित हल निकालने के उद्देश्य से कार्य कर रही है। अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण पर राज्य सरकार की नीति और नीयत स्पष्ट है। मुख्यमंत्री ने बताया कि ओबीसी आरक्षण के संबंध में उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए फैसले का बिंदुवार अध्ययन कर उच्चतम न्यायालय के सम्मुख राज्य सरकार की ओर से मजबूती से अपना पक्ष रखने के निर्देश दिए जा चुके हैं। इस क्रम में आज महाधिवक्ता कार्यालय मध्य प्रदेश द्वारा उच्चतम न्यायालय में एसएलपी (स्पेशल लीव पिटीशन), स्टेट ऑफ एम.पी. वर्सेस आशिता दुबे एवं अन्य दायर कर दी गई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को प्रतिनिधि मंडलों ने मप्र में ओबीसी के 27 प्रतिशत आरक्षण पर उच्च न्यायालय के 9 अक्टूबर 2026 के निर्णय के संबंध में अद्यतन आंकड़ों के आधार पर संवैधानिक समाधान करने तथा ओबीसी अभ्यर्थियों के हितों की रक्षा के संबंध में ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से ओबीसी महासभा दिल्ली ने एडवोकेट वैभव सिंह, इंजीनियर महेंद्र सिंह लोधी के नेतृत्व में तथा ओबीसी महासभा ग्वालियर ने महासभा के संस्थापक विजय कुमार, प्रदेश प्रभारी जीतू लोधी और प्रदेशाध्यक्ष गिरिराज धाकड़ के नेतृत्व में अपने-अपने पक्ष रखे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मुलाकात के बाद महासभा ने कहा कि सरकार ने होल्ड वाले अभ्यर्थियों के लिए पद बढ़ाकर भर्ती का प्रयास करने का आश्वासन दिया है। महासभा के सदस्यों के मुताबिक, जबलपुर उच्च न्यायालय के अंतरिम फैसले के बाद संगठन ने 15 अक्टूबर को प्रदेशभर में ज्ञापन और प्रदर्शन किए थे। इसके बाद मुख्यमंत्री की ओर से प्रतिनिधिमंडल को बातचीत के लिए बुलाया गया। हासभा के पदाधिकारी ने बैठक में कुछ मुद्दों पर सरकार के रुख को स्पष्ट नहीं बताते हुए 27 फीसदी आरक्षण की बहाली के लिए ठोस कार्रवाई की मांग की।



राज्य सरकार ओबीसी हितों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध, उच्चतम न्यायालय में ओबीसी आरक्षण पर दायर की एसएलपीः मुख्यमंत्री

महासभा ने बैठक में सरकार से सवाल किया कि यदि कांग्रेस सरकार के समय लाया गया कानून सही नहीं था, तो पिछले 20 साल से सत्ता में रहने के बावजूद नया कानून क्यों नहीं बनाया गया? संगठन ने पूछा कि सरकार अब भी नया कानून लाकर आरक्षण का रास्ता क्यों नहीं निकाल सकती?

महासभा ने मांग की है कि 13 फीसदी होल्ड पर रखे गए अभ्यर्थियों को भर्ती का अवसर दिया जाए। महासभा ने कहा कि वह 2-3 दिन इंतजार करेगी। इसके बाद भी प्रभावित अभ्यर्थियों को राहत देने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो 28 अक्टूबर को संभागीय स्तर पर ज्ञापन दिया जाएगा। इसके बाद प्रदेशव्यापी आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी।

भीम आर्मी-आजाद समाज पार्टी ने मंत्रियों के बंगले का घेराव किया

इधर, ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर ही भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी ने शुक्रवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और राज्य मंत्री कृष्णा गौर के बंगले का घेराव किया। उन्होंने मांग की है कि मध्य प्रदेश में ओबीसी आरक्षण लागू करने के लिए विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया जाए। इस पर सरकार ने जल्दी निर्णय नहीं लिया तो मध्य प्रदेश स्थापना दिवस पर एक नवंबर को भोपाल में बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा।

मुंबई में यूएई और अमेरिका के विदेश मंत्रियों से मिलेंगे जयशंकर

नई दिल्ली। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर 19-20 अक्टूबर को मुंबई में संयुक्त अरब अमीरात के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान की मेजबानी करेंगे। इसके बाद जयशंकर अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बातचीत करेंगे और वहां आयोजित अमेरिका के स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को नियमित पत्रकार वार्ता में बताया कि मुंबई में आयोजन, दिल्ली से बाहर विदेशी मेहमानों की मेजबानी करने की एक दशक पुरानी परंपरा के अनुरूप है। उन्होंने पहले की यात्राओं का भी हवाला दिया। उन्होंने बताया कि 19 और 20 अक्टूबर को विदेश मंत्री मुंबई में यूएई के विदेश मंत्री की आधिकारिक यात्रा की मेजबानी करेंगे। 20 अक्टूबर को विदेश मंत्री अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ वार्ता करेंगे और अमेरिकी स्वतंत्रता की 250वीं वर्षगांठ के समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लेंगे। उल्लेखनीय है कि विपक्षी नेताओं ने रुबियो के साथ बैठक के स्थान चयन पर सवाल उठाए थे। प्रवक्ता ने कहा, ह्लपिछले लगभग एक दशक से यही परंपरा रही है कि हम विदेश सचिवों की मेजबानी दिल्ली से बाहर करते आ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने बड़ौदा में स्पेन के प्रधानमंत्री की मेजबानी की। उन्होंने अहमदाबाद में चांसलर मर्ज की मेजबानी की। उन्होंने वाराणसी में मॉरीशस के प्रधानमंत्री की मेजबानी की और फिर विदेश मंत्री ने गोवा में विदेश मंत्रियों की बैठक की मेजबानी की। उन्होंने गुजरात के केवडिया में बोत्सवाना के विदेश मंत्री की मेजबानी की और विदेश मंत्री ने अमृतसर में हार्ट ऑफ एशिया सम्मेलन की भी मेजबानी की। अमेरिकी विदेश मंत्री की यात्रा के संदर्भ में प्रवक्ता ने कहा कि यह दोनों पक्षों को भारत-अमेरिका संबंधों की समीक्षा करने और हमारी व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को अधिक मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा करने का अवसर प्रदान करेगी। भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर उन्होंने कहा, ह्लदोनों पक्ष द्विपक्षीय व्यापार समझौते को जल्द-से-जल्द पूरा करने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने बताया कि चर्चा में ऊर्जा, व्यापार, निवेश, रक्षा, महत्वपूर्ण उभरती प्रौद्योगिकियों और पारस्परिक हित के अन्य क्षेत्रों सहित हमारे द्विपक्षीय सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों को शामिल किए जाने की उम्मीद है। दोनों पक्ष क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी विचार-विमर्श करेंगे। यह यात्रा दोनों देशों के बीच उच्च स्तरीय सहयोग को बनाए रखने और हमारी साझा प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करेगी। जायसवाल ने अमेरिकी सांसद प्रमिला जयपाल के देश में जारी मतदाता सूची को अपडेट करने की प्रक्रिया विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) पर की गई टिप्पणी को 'अनावश्यक और अविवेकी' हस्तक्षेप कहकर आलोचना की।

पेज एक का शेष

पदक...

और कालनेमियों को जनता ने पहचानकर सत्ता से दूर रखा है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश को अराजकता की आग में झोंककर कुर्सी हथियाने की कोशिश की जा रही है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि देश ऐसी सियासी साजिश को कभी सफल नहीं होने देगा।

उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में आयोजित शिक्षक-स्नातक सम्मेलन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को डासना स्थित संदरदीप कॉलेज में विधान परिषद चुनाव के पात्र मतदाताओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए उनके शासनकाल में दंगों, कर्फ्यू और बदहाल सड़कों का मुद्दा होता था। सीएम योगी ने भाजपा सरकार के कार्यकाल में सुरक्षा, धार्मिक आयोजनों, बुनियादी ढांचे और शिक्षा के क्षेत्र में हुए कार्यों का जिक्र किया। उन्होंने सहारनपुर के शाकुंभरी कॉरिडोर, नमो भारत ट्रेन और जेवर एयरपोर्ट का भी जिक्र किया।

आगामी चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि प्रदेश में विधान परिषद का चुनाव राज्यसभा से बेहतर होने वाला है। सपा की हकीकत सामने आ गर्ड है। सपा ने गिरगिट की तरह रंग बदला है। उन्होंने टिकट बेचने का काम किया। उनके पीडीए का मतलब ''परिवार डेवलपमेंट पार्टी है'' इसी तर्ज पर चाचा जान को टिकट दिया गया है। इसके बाद पराया धन अपना की तर्ज पर मुंबई के कारोबारी को टिकट दिया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा के शासनकाल में प्रदेश की पहचान दंगों, कर्फ्यू और टूटी हुई सड़कों से होती थी। उस समय प्रदेश में निवेश नहीं आता था। आजम खां की यूनिवर्सिटी के लिए अलग नियम बनाए गए, जबकि अन्य वैश्विक स्तर के विश्वविद्यालयों को बनने नहीं दिया जाता था। भाजपा सरकार ने सुरक्षा और शिक्षा के क्षेत्र में काम किया है।

सीएम ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान कोर्ड दंगा नहीं हुआ। यह भारत की पहचान है। सपा के शासनकाल में कांवड़ यात्रा और रामलीला संभव नहीं थी। नवरात्र में दुर्गापूजा के पंडाल तक नहीं लग पाते थे। आज डबल इंजन की सरकार में विरासत का संरक्षण हो रहा है। काशी विश्वनाथ धाम का विकास और राम मंदिर का निर्माण हुआ है। सहारनपुर में मां शाकुंभरी कॉरिडोर का काम चल रहा है। पहले दर्शन के दौरान पानी आने से श्रद्धालुओं को परेशानी होती थी। अब वहां एलिवेटेड मार्ग बनाया जा रहा है, जिससे श्रद्धालु आसानी से दर्शन कर सकेंगे। सीएम योगी ने कहा कि सपा सरकार ने एक्सप्रेसवे के लिए धनराशि रोक दी थी, जबकि भाजपा सरकार ने इन परियोजनाओं के काम को आगे बढ़ाया। नमो भारत ट्रेन ने दिल्ली और मेरठ के बीच की दूरी को कम किया है। प्रदेश को जेवर एयरपोर्ट की सौगात मिली है। सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मिर्जापुर और अलीगढ़ में विश्वविद्यालय बनाए गए है।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश के हर जिले में मेडिकल कॉलेज बनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश की पहचान अब 'एक जिला, एक मेडिकल कॉलेज' के रूप में बन रही है। मेरठ, गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, आगरा, कानपर और लखनऊ में मेट्रो का संचालन हो रहा है। प्रदेश सरकार ने अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। उन्होंने कहा कि नौ वर्षों में साढ़े नौ लाख लोगों को नौकरी दी जा रही है। प्रदेश में अब तक चार बार नियुक्ति पत्र वितरित किए जा चुके हैं। प्रदेश में आज 24 हजार स्टार्टअप हैं। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि 23 अक्तूबर को अवकाश है, सभी को भरपूर मतदान करना है।

आगामी विस चुनाव में 44 सीटों पर नजर

मुख्यमंत्री के आज गाजियाबाद के दौरे के बाद राजनीतिक हल्कों में चर्चा है कि एमएलसी स्नातक व शिक्षक चुनाव को लेकर मुख्यमंत्री ने बेशक मतदाताओं से संवाद किया लेकिन उनका लक्ष्य आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश की मेरठ मंडल व सहारनपुर मंडल के मतदाओं का साधने का रहा। दोनों मंडलों में कुल 44 विधानसभा सीट हैं। इन सीटों पर भाजपा के प्रत्याशी ज्यादा जीते हैं। इस वजह से सियासत के जानकारी मुख्यमंत्री के दौरे को सिर्फ एमएलसी स्नातक व शिक्षक चुनाव तक ही नहीं देख रहे हैं बल्कि आगामी विधानसभा चुनाव से जोड़कर भी देख रहे हैं।

देश...

और राष्ट्र निर्माण के बजाय राजनीतिक टकराव के लिए कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को अराजकता की राजनीति का मोहरा बनाने के प्रयासों से बचना जरूरी है। राजनाथ सिंह ने जोर देकर कहा कि राजनीतिक मतभेदों का समाधान संवाद, तथ्यों और संवैधानिक प्रक्रियाओं के माध्यम से होना चाहिए, ताकि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था और विकास यात्रा मजबूत बनी रहे। प्रेसवार्ता में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी सहित पार्टी के अन्य नेता उपस्थित रहे।

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस पर कड़ा प्रहार बोला है। अपने लखनऊ दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि आज भारत की प्रतिष्ठा दुनिया भर में बढ़ी है और ये (विपक्ष) वोट चोरी के नाम पर अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। राहुल गांधी को आत्म मंथन करना चाहिए। सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने बड़े-बड़े अपराध किए हैं। कांग्रेस के इतिहास में कई काला अध्याय जुड़े हुए हैं। सिखों का नरसंहार हुआ। वोट चोरी को बम बता रहे थे। वह दिवाली का पटाखा भी नहीं था। यह लोग बांग्लादेश की तर्ज पर सत्ता परिवर्तन चाहते हैं। उनकी लड़ाई एसआईआर के लिए नहीं है। यह केवल सत्ता हासिल करने की कोशिश में लगे हैं। एक चुनाव आयुक्त दो बार मंत्री बने। राजनाथ सिंह ने कहा कि 1993 से पहले वोटर आईडी कार्ड नहीं था। वोटर आईडी कार्ड बनने के बाद उनके लिए बहुमत दूर हो गई। कांग्रेस तब से बहुमत से सत्ता में नहीं आई है। अब यह लोग तथाकथित वोट चोरी के नाम पर अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। यह लोग डंके की चोट पर भारत की सरकार को गिराना चाहते हैं। यह अराजकता है।

बुलंदशहर...

कार पेड़ से टकरा गई। हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 लोग घायल हैं। ये सभी मंदिर दर्शन को जा रहे थे। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की मृतकों की पहचान करने में जुट गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना की व्यक्त की। साथ ही अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

मुख्य विकास अधिकारी निशा ग्रेवाल ने बताया कि यह हादसा जिला मुख्यालय से 40 किमी दूर डिबाई तहसील के नरौरा थाना क्षेत्र रतनपुर के पास में हुआ।कासगंज जिले के सिढ़पुरा का रहने वाला परिवार वैन कार में बुलंदशहर जिले में नरौरा के पास बेलोन गांव में सर्वमंगला माता (बेलोन माता) के दर्शन के लिए जा रहे थे। जिला मुख्यालय से 40 किमी दूर डिबाई तहसील के नरौरा थाना क्षेत्र रतनपुर के पास तेज रफ्तार कार पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। पुलिस ने घायलों को निकाला और एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया, जहां से उन्हें हायर मेडिकल सेंटर रेफर कर दिया गया।

हादसे में पांच लोगों की मौत हुई है उनकी पहचान कासगंज जनपद के सिढ़पुरा क्षेत्र स्थित गांव देहली बुजुर्ग निवासी रामदीन (50) उनके पुत्र लोकेंद्र और लोकेंद्र की बेटी एक वर्षीय प्रगति, प्रवीन की पत्नी बविता (35) और चालक शिवशंकर मिश्रा (55) के रुप में हुई है।

थाना प्रभारी रामवीर सिंह ने बताया कि कार में कुल आठ लोग सवार थे। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल है। शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घायलों को बेहतर इलाज मुहैया कराया जा रहा है।

ऑपरेशन...

मामला दर्ज किया गया। इनमें से 20 मामलों में 1,88,50,550 रुपये कीमत का गांजा बरामद किया गया। वहीं, प्रयागराज छिवकी में 470 नग कोडीन युक्त कफ सिरप भी जब्त किया गया। मादक पदार्थों की बरामदगी के साथ तस्करी में संलिप्त लोगों के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। सितंबर 2026 में भी रेलवे सुरक्षा बल ने अभियान के तहत सतर्कता बरतते हुए तीन मामलों का पता लगाया। इन मामलों में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान 9,95,950 रुपये कीमत का गांजा बरामद किया गया। रेलवे सुरक्षा बल का उद्देश्य रेल मार्गों और रेलवे परिसरों का इस्तेमाल मादक पदार्थों की तस्करी के लिए किए जाने पर रोक लगाना और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इसके लिए ट्रेनों और स्टेशनों पर निगरानी तथा संबंधित इकाइयों के बीच समन्वय के साथ कार्रवाई की जा रही है। उत्तर मध्य रेलवे के जनसंपर्क अधिकार अमित कुमार सिंह ने बताया कि ह्लऑपरेशन 'नारकोस' के तहत रेलवे सुरक्षा बल रेल परिसर और ट्रेनों में मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए लगातार कार्रवाई कर रहा है। जनवरी से सितंबर 2026 तक 21 मामलों में 25 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया और करीब 1.89 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्त किए गए। रेलवे सुरक्षा बल की प्राथमिकता रेल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और रेलवे के माध्यम से होने वाली अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाना है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

अयोध्या...

अंतरराष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान के सलाहकार एवं विशेष कार्याधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि दीपोत्सव में अंतरराष्ट्रीय रामलीला का आयोजन भी किया जाएगा। भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) के माध्यम से विदेशी रामलीला टीमों को आमंत्रित किया गया है। फिलहाल फिलीपींस की टीम की सहभागिता तय है। अन्य देशों की टीमों को शामिल करने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य विभिन्न देशों की रामलीला परंपराओं को एक मंच पर लाकर भगवान श्रीराम के आदर्शों और रामायण की सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक स्तर पर प्रस्तुत करना है।

दसवें दीपोत्सव में रामलीलाओं के जरिए त्रेतायुग के प्रसंगों और रामायण की सांस्कृतिक विरासत को मंच पर जीवंत किया जाएगा। अलग-अलग भाषाओं में होने वाले मंचन से यह भी प्रदर्शित होगा कि भाषा और क्षेत्र की विविधता के बावजूद रामायण भारतीय समाज और दुनिया के अनेक हिस्सों में सांस्कृतिक जुड़ाव का माध्यम बनी हुई है। संस्कृति विभाग की ओर से होने वाला यह आयोजन अयोध्या की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाई देने के साथ देश-विदेश की रामलीला परंपराओं को एक मंच पर लाने का अवसर बनेगा।

अमित शाह ....

कठोर कार्रवाई करना और कानून का ऐसा राज स्थापित करना है, जिसमें कोई भी नागरिक भय के साये में जीने को मजबूर न हो।

सीजीपी ...

21 प्रमुख मार्गों पर यातायात का मार्ग परिवर्तन किया जा सकता है। इनमें संसद मार्ग, बाबा खड़क सिंह मार्ग, बाराखंभा रोड, केजी मार्ग, अशोक रोड, मिंटो रोड और तिलक मार्ग प्रमुख हैं।

इसके अलावा कनॉट प्लेस के साथ आइटीओ, मंडी हाउस, इंडिया गेट और डीडीयू मार्ग पर भी वाहनों का दबाव बढ़ने की आशंका है। यातायात पुलिस ने लोगों को सलाह दी है कि वे अनावश्यक रूप से कनॉट प्लेस और नई दिल्ली के मध्यवर्ती इलाकों में जाने से बचें। यात्रियों को वैकल्पिक मार्ग अपनाने और संभव हो तो मेट्रो से सफर करने की सलाह दी गई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था और यातायात संबंधी प्रतिबंध हालात के अनुरूप लागू रहेंगे। लोगों से अपील की गई है कि वे पुलिस के निर्देशों का पालन करें और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

उल्लेखनीय है कि सीजेपी प्रमुख अभिजीत दीपके ने गुरुवार को आम जनता से शुक्रवार शाम पांच बजे तिरंगा यात्रा में शामिल होने का आह्वान किया है। सीजेपी, वामपंथी दलों, विपक्षी पार्टियों और छात्र संगठनों यह विरोध प्रदर्शन मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को तत्काल रोकने को लेकर कर रहे हैं।

मेडिकल कॉलेजों का स्वामित्व सरकार के पास ही रहेगा : सम्राट चौधरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

■ बिहार में चिकित्सा शिक्षा के विस्तार के लिए पीपीपी मॉडल पर जोर



पटना। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को लोक सेवक आवास स्थित 'संकल्प' सभागार में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक की। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रस्तावित सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल में सरकारी स्वामित्व और जनहित से जुड़े प्रावधानों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों का स्वामित्व सरकार के पास ही रहेगा तथा इनके निजीकरण या स्वामित्व हस्तांतरण का प्रावधान नहीं होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार सरकार का उद्देश्य चिकित्सा शिक्षा का विस्तार करते हुए सरकारी स्वामित्व, विद्यार्थियों के हितों, मरीजों के अधिकारों और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता को सुरक्षित रखना है। सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल से संबंधित प्रस्तावों में इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में कार्य किया जाय। प्रस्तावित मॉडल से सरकारी संसाधनों का अधिक प्रभावी उपयोग करने और स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश की दक्षता बढ़ाने में मदद मिल सकती है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल के तहत ब्राउन फील्ड मेडिकल कॉलेजों में बिहार के निवेशकों को प्रीफ्रेंस मिले, हमारा उद्देश्य है बिहार के लोगों को लाभ हो। बिहार के चिकित्सक जो इसमें भागीदारी करना चाहते है उन्हें प्राथमिकता मिले। स्टेक होल्डर को पब्लिक इंट्रेस्ट में काम करना होगा। बैठक में मुख्यमंत्री ने राज्य में चिकित्सा शिक्षा के विस्तार और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के महत्व पर बल दिया। सार्वजनिक निजी भागीदारी मॉडल के माध्यम से उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुए मेडिकल कॉलेजों के विकास एवं संचालन की संभावनाओं पर व्यवस्थित रूप से कार्य करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ब्राउनफील्ड मेडिकल कॉलेजों से संबंधित प्रस्तावों पर आगे की कार्रवाई करते समय आधारभूत संरचना, संचालन व्यवस्था, शैक्षणिक गुणवत्ता तथा आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने जैसे पहलुओं को महत्व दिया जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला मुख्यालय के अस्पतालों को उन्नत एवं मजबूत बनाना है। मरीजों को वहां आधुनिक एवं सुलभ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो। पटना के राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल को और आधुनिक बनाने के लिए काम करें, देश के बड़े आयुर्वेद संस्थानों से इसे जोड़े। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार राज्य में चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने की दिशा में प्रतिबद्ध है। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए विभिन्न संभावनाओं का आकलन करते हुए जनहित को प्राथमिकता देना महत्वपूर्ण है।

अमृतसर हवाई अड्डे पर फर्जी टिकट के साथ पहुंचे 16 यात्री, हिरासत में लेने के बाद छोड़ा गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमृतसर। श्री गुरु रामदास जी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कथित तौर पर फर्जी हवाई टिकटों के जरिए शारजाह जाने की कोशिश करने का मामला सामने आया है। उड़ान से पहले टिकटों की जांच के दौरान 16 यात्रियों के दस्तावेजों पर संदेह होने के बाद एयरपोर्ट पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। हालांकि, पूछताछ के बाद सभी यात्रियों को छोड़ दिया गया है। जानकारी के अनुसार अमृतसर से शारजाह जाने वाली उड़ान में सवार होने के लिए पहुंचे यात्रियों की टिकटों की नियमित जांच की जा रही थी। इसी दौरान 16 यात्रियों की टिकटों में गड़बड़ी का संदेह हुआ। इसके बाद मामले की जानकारी संबंधित अधिकारियों को दी गई और यात्रियों से पूछताछ की गई। एयरपोर्ट इंचार्ज कुलजीत के मुताबिक यात्रियों को छोड़ दिया गया है, जबकि उन्हें टिकट उपलब्ध कराने वाले एजेंट के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि कथित तौर पर फर्जी टिकट कहां तैयार किए गए और क्या इस मामले के पीछे कोई संगठित नेटवर्क सक्रिय है। जांच के दौरान टिकटों की व्यवस्था करने वाले व्यक्ति की भूमिका सहित मामले के अन्य पहलुओं की भी पड़ताल की जा रही है। जानकारी के मुताबिक अमृतसर से शारजाह जाने वाली उड़ान का एक तरफ का टिकट करीब 18 हजार रुपये का बताया जा रहा है। हालांकि, वास्तविक किराया यात्रा की तारीख, एयरलाइन और टिकट बुकिंग की शर्तों के अनुसार अलग-अलग हो सकता है।

मौसम में बदलाव के चलते अटारी-वाघा रिट्रीट सेरेमनी का समय बदला

■ अब शाम 5 बजे से 5:30 बजे तक होगी परेड, पहले शाम 5:30 से 6 बजे तक निर्धारित था समय



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमृतसर। मौसम में बदलाव के मद्देनजर अटारी-वाघा बॉर्डर पर होने वाली रिट्रीट सेरेमनी के समय में बदलाव किया गया है। अब शुक्रवार से यह समारोह शाम 5 बजे से 5:30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इससे पहले रिट्रीट सेरेमनी का समय शाम 5:30 बजे से 6 बजे तक था। वाघा बॉर्डर पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के अधिकारियों ने कहा कि इस बदलाव के बाद देश-विदेश से समारोह देखने के लिए पहुंचने वाले पर्यटकों को अब शाम 5 बजे तक पहुंचने की योजना बनानी होगी। अटारी-वाघा बॉर्डर पर प्रतिदिन आयोजित होने वाली रिट्रीट सेरेमनी पर्यटकों के बीच खास आकर्षण का केंद्र रहती है। इसमें बीएसएफ के जवानों की जोशीली परेड और दोनों देशों के बीच सीमा द्वार बंद करने की पारंपरिक प्रक्रिया देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं।

विकास भवन में बिना अनुमति अनुपस्थित कार्मिकों पर कार्रवाई के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पिथौरागढ़। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने शुक्रवार को विकास भवन का औचक निरीक्षण कर विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली और कार्यालयी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कार्मिकों की उपस्थिति, साफ-सफाई और अभिलेखों के रखरखाव सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की जांच की। कुछ विभागों में बिना स्वीकृति अनुपस्थित मिले कार्मिकों से स्पष्टीकरण मांगने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्मिक निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थित रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें। बिना किसी ठोस कारण एवं सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति के अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि शासकीय कार्यालयों में अनुशासन, समयबद्धता और जवाबदेही से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को कहा कि कार्यालय आने वाले आगंतुकों से शिष्ट व्यवहार करें और विभिन्न योजनाओं के तहत किए जाने वाले विभागीय कार्यों में विलंब न किया जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यालयों में अनावश्यक एवं अनुपयोगी सामग्री एकत्रित न होने दें। लंबे समय से अनुपयोगी पड़ी सामग्री का नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। सभी कार्यालयों में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही आवश्यक फाइलों एवं अभिलेखों को सुव्यवस्थित ढंग से रखा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कार्मिक अनिवार्य रूप से अपना पहचान पत्र धारण करें तथा प्रत्येक कार्मिक की सीट पर नाम पट्टिका लगी हो। साथ ही, प्रत्येक कार्मिक के कार्यों एवं जिम्मेदारियों का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाए, जिससे कार्यालय आने वाले लोगों को संबंधित पटल एवं कार्मिक की जानकारी आसानी से मिल सके। जिलाधिकारी ने सभी कार्यालयों में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से स्थापित करने तथा उन्हें सदैव क्रियाशील रखने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासकीय कार्यालयों में व्यवस्थाओं का सुव्यवस्थित संचालन, अभिलेखों का उचित रखरखाव और कार्मिकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना संबंधित कार्यालय अध्यक्ष की जिम्मेदारी है। सभी अधिकारी अपने कार्यालयों की व्यवस्थाओं में सुधार लाएं तथा दिए गए निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें। औचक निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने समाज कल्याण, सहकारिता, ग्रामीण निर्माण, अर्थ एवं संख्या सहित विकास भवन स्थित विभिन्न विभागों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान परियोजना निदेशक डीआरडीए आशीष पुनेठा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

जैतपुर में सुनसान कमरे में मिला 36 वर्षीय व्यक्ति का शव

नई दिल्ली। दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के जैतपुर इलाके में शुक्रवार को एक सुनसान कमरे में 36 वर्षीय व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान शक्तिविहार निवासी संदीप के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने क्राइम टीम को मौके पर बुलाकर जांच कराई। इसके बाद शव को सफदरजंग अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, 16 अक्टूबर को जैतपुर के टंकी रोड पर गली नंबर-6ए के पास एक खाली पड़े कमरे में शव मिलने की सूचना पीसीआर कॉल के जरिए मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां एक व्यक्ति मृत अवस्था में मिला। उसकी पहचान संदीप (36) के रूप में हुई। पुलिस ने घटनास्थल पर क्राइम टीम को बुलाया, जिसने निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। इसके बाद शव को चिकित्सकीय जांच और अन्य कानूनी औपचारिकताओं के लिए सफदरजंग अस्पताल भेज दिया गया। फिलहाल संदीप की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका पता नहीं चल पाया है।

महिला कार्यकर्ताओं से मारपीट पर कार्रवाई नहीं, आवाज उठाने वाले हिरासत में : युवा कांग्रेस

नई दिल्ली। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब और भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने एनएसयूआई की महिला कार्यकर्ताओं के साथ कथित मारपीट के मामले में पुलिस के कामकाज पर सवाल उठाए हैं। दोनों नेताओं ने आरोप लगाया कि महिला कार्यकर्ताओं के साथ कथित दुर्व्यवहार के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय न्याय की मांग करने वालों को हिरासत में लिया जा रहा है। युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब ने वीडियो जारी कर कहा कि एनएसयूआई की महिला कार्यकर्ताओं के साथ बेरहमी से मारपीट की गई, जिसके वीडियो पूरे देश ने देखे हैं। इसके बावजूद संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई। उन्होंने कहा कि जब वे दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर संसद मार्ग थाने पहुंचे तो उन्हें ही पुलिस ने पकड़ लिया।

जगदीशपुर में विकास योजनाओं में भारी वित्तीय अनियमितता का आरोप, ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से की जांच की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



भागलपुर। जिले के जगदीशपुर प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न पंचायतों और गांवों में चल रही सरकारी विकास योजनाओं में कथित तौर पर जमकर लूट-खसोट और नियमों की अनदेखी का मामला प्रकाश में आया है। कोला खुर्द से लेकर छोटकी योगीवीर तक, ग्रामीण सड़कों, नालों और छठ घाटों के निर्माण में व्यापक स्तर पर अनियमितता बरतने की शिकायतें जिला प्रशासन तक पहुंची हैं। आक्रोशित ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मिलकर इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, प्रखंड के कई संवेदनशील व महत्वपूर्ण स्थानों पर सरकारी फंड से निर्माण कार्य तो कराए गए, लेकिन पारदर्शिता को पूरी तरह ताक पर रख दिया गया। नियमों के मुताबिक हर योजना स्थल पर प्राक्कलित राशि और विवरण का सूचना पट्ट लगाना अनिवार्य है, लेकिन धरातल पर ऐसा कुछ नहीं किया गया। ग्रामीणों ने कुछ चुनिंदा स्थानों को चिन्हित कर सीधे सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों ने विशेष रूप से कोला खुर्द गांव का मामला उठाते हुए बताया कि करीब एक वर्ष पूर्व यहां लगभग 500 फीट लंबे नाले का निर्माण कराया गया था. विडंबना यह है कि इस नाले का अधिकांश हिस्सा आज भी ऊपर से पूरी तरह खुला हुआ है। ढक्कन नहीं होने के कारण आए दिन छोटे बच्चे, बुजुर्ग और राहगीर इसमें गिरकर चोटिल हो रहे हैं। इस संबंध में ग्रामीणों ने 22 अगस्त 2026 को ही संबंधित अधिकारियों को लिखित शिकायत सौंपी थी, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी कोई सुध लेने नहीं आया, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। जांच की मांग कर रहे ग्रामीणों ने सीधे तौर पर प्रखंड प्रमुख के पति पर विकास योजनाओं में अनधिकृत रूप से हस्तक्षेप करने और वित्तीय हेरफेर कर अवैध रूप से राशि की निकासी कराने के गंभीर आरोप मढ़े हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि संबंधित सभी योजनाओं के मूल अभिलेखों (फाइलों), भुगतान के वाउचरों और निर्माण की जमीनी गुणवत्ता की तकनीकी टीम से त्वरित जांच कराई जाए। स्थानीय निवासी जितेंद्र कुमार का कहना है कि योजनाओं के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। किसी भी योजना की सही लागत जनता को नहीं मालूम क्योंकि कहीं भी सूचना पट्ट नहीं लगाया गया। बिना काम पूरा हुए सरकारी पैसा निकाल लिया गया है।


दिल्ली में आआपा ने पार्टी मुख्यालय से निकाली तिरंगा यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आआपा) ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफ़े और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईर) की मांग को लेकर शुक्रवार को दिल्ली में 270 फुट लंबी तिरंगा यात्रा निकाली। आआपा मुख्यालय से शुरू हुई यात्रा राष्ट्रपति भवन और संसद के सामने वाले मार्ग से होकर गुजरी।आआपा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज के नेतृत्व में आयोजित इस यात्रा में पार्टी के विधायक, पार्षद और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। भारद्वाज ने कहा कि भारत एक स्वतंत्र देश है और आजादी का वास्तविक अर्थ यह है कि देश का कोई भी नागरिक कहीं भी तिरंगा फहरा सकता है। उन्होंने सवाल उठाया कि तिरंगा फहराने से किसी को कैसे रोका जा सकता है? आजादी हासिल करने के लिए देशवासियों ने लंबा संघर्ष किया है, ऐसे में किसी सरकार या पुलिस द्वारा नागरिकों को तिरंगा फहराने से रोकना उचित नहीं है। भारद्वाज ने कहा कि लोगों से जन्मदिन पर दीये जलवाए जाते हैं और अपने इशारे पर थालियां पिटवाई जाती हैं, लेकिन जब कोई भारतीय नागरिक अपनी इच्छा से शांतिपूर्ण तरीके से कुछ करना चाहता है, तो उसे ऐसा करने की अनुमति नहीं दी जाती। वहीं, कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रमुख अभिजीत दीपके ने आज शाम दिल्ली में कनाट प्लेस स्थित सेंट्रल पार्क से तिरंगा यात्रा निकालने का ऐलान किया है। इसके मद्देनजर दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। कनॉट प्लेस में बीएनएसएस की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गयी है।

आईआईटी रुड़की ने विकसित किया बाढ़ में बीमारियों के खतरे का पता लगाने वाला 'हाइइको' मॉडल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रुड़की के शोधकर्ताओं ने 'हाइइको' नामक एक नया मॉडल विकसित किया है, जो शहरी बाढ़ के दौरान जलजनित बीमारियों के प्रसार और लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले संभावित खतरे का अनुमान लगाने में मदद करेगा। यह मॉडल बाढ़ के पानी के फैलाव, उसमें मौजूद सूक्ष्मजीवों की गुणवत्ता और संक्रमण के जोखिम का एक साथ आकलन करता है। इससे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य संबंधी खतरों की पहचान कर समय रहते बचाव के उपाय किए जा सकेंगे। शोधकर्ताओं ने इस मॉडल का परीक्षण वर्ष 2023 में दिल्ली में आई बाढ़ के आधार पर किया। अध्ययन के अनुसार, बाढ़ से प्रभावित 60 प्रतिशत से अधिक क्षेत्र उच्च से अत्यधिक उच्च स्वास्थ्य जोखिम वाले पाए गए। बाढ़ के पानी में मौजूद हानिकारक जीवाणु ई-कोलाई की मात्रा सुरक्षित सीमा से लाखों गुना अधिक पाई गई। अध्ययन में यह भी सामने आया कि बाढ़ के पानी में खेलने वाले बच्चों के संक्रमण की चपेट में आने का जोखिम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत सुरक्षा सीमाओं से दोगुने से अधिक था। शोधकर्ताओं के अनुसार, देश के कई शहरों में बाढ़ का पानी अनुपचारित सीवेज और औद्योगिक अपशिष्ट के साथ मिल जाता है। इससे दूषित पानी के संपर्क में आने वाले लोगों में दस्त, हैजा और अन्य जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। बाढ़ के दौरान कई बार ये स्वास्थ्य संबंधी खतरे तत्काल दिखाई नहीं देते, लेकिन बाद में गंभीर रूप ले सकते हैं। 'हाइइको' मॉडल की मदद से ऐसे क्षेत्रों की पहचान की जा सकेगी, जहां लोगों के बीमारियों की चपेट में आने की आशंका अधिक है। इसके आधार पर प्रशासन सीवेज शोधन व्यवस्था में सुधार, मानसून से पहले नालों की सफाई, एसएमएस के माध्यम से लोगों को चेतावनी देने और जल शोधन की उन्नत तकनीकों के इस्तेमाल जैसे कदम उठा सकता है। यह शोध राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन योजना और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जैसे कार्यक्रमों के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में सहायक हो सकता है। इसके साथ ही यह संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों के तहत बेहतर स्वास्थ्य, स्वच्छ जल एवं स्वच्छता, टिकाऊ शहरों और जलवायु परिवर्तन से निपटने के प्रयासों को भी समर्थन देता है।

अमेरिका के स्वामीनारायण मंदिर की तर्ज पर सजा रुईधासा का दुर्गा पूजा पंडाल, भव्यता देख ठहर जा रहे कदम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



किशनगंज। शहर के ऐतिहासिक रुईधासा मैदान के समीप इस बार दुर्गोत्सव की भव्यता देखते ही बन रही है। टाउन क्लब दुर्गा पूजा समिति की ओर से तैयार किया जा रहा गगनचुंबी पूजा पंडाल श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। अमेरिका के प्रसिद्ध स्वामीनारायण मंदिर की तर्ज पर तैयार हो रहे इस पंडाल की भव्य संरचना दूर से ही लोगों का ध्यान खींच रही है। नवरात्र के अवसर पर यहां मां दुर्गा के दर्शन के लिए किशनगंज सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। रुईधासा दुर्गा पूजा का इतिहास आस्था, समर्पण और सामूहिक प्रयास की मिसाल है। स्थानीय निवासी एवं पूजा समिति के सदस्य राजेश दुबे के अनुसार, वर्ष 1982 में बैंक सेवा से सेवानिवृत्त हुए पांच साथियों संदीप घोष राय, स्वर्गीय बिमल दास, सुनील कुंडू, प्रदीप मजूमदार और गौतम दास ने यहां पहली बार मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की थी। पांच लोगों की छोटी-सी पहल आज चार दशकों से अधिक की परंपरा में बदल चुकी है। समय के साथ पूजा का स्वरूप भव्य होता गया, लेकिन आस्था और परंपरा का मूल भाव आज भी कायम है। टाउन क्लब की खासियत हर साल अलग-अलग थीम पर आधारित भव्य पंडाल का निर्माण है। आकर्षक सजावट, बारीक कारीगरी और आधुनिक प्रकाश व्यवस्था पूजा की रौनक बढ़ाती है। विश्वकर्मा पूजा के बाद से ही समिति के सदस्य और स्थानीय युवा तैयारियों में जुट जाते हैं। पंडाल निर्माण पर लाखों रुपये खर्च किए जाते हैं। समिति के लिए श्रद्धालुओं की आस्था और मां दुर्गा के प्रति समर्पण ही इस आयोजन की सबसे बड़ी ताकत है। यहां मां दुर्गा की आराधना शुरू से बंगाली परंपरा के अनुसार की जाती है। मुख्य पुजारी पंडित संजय भट्टाचार्य बताते हैं कि पहले उनके पिता पूजा संपन्न कराते थे। अब वे स्वयं वर्षों से इस परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। विशेष मंत्रोच्चार, पुष्पांजलि और ढाक की थाप पर आरती का दृश्य श्रद्धालुओं को भक्तिभाव से भर देता है। यहां प्रतिदिन सुबह आठ बजे और शाम छह बजे आरती होती है। अष्टमी और नवमी के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसमें खिचड़ी, हलुआ और फल का महाप्रसाद श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया जाएगा।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063